✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 157 ✷ पृष्ठ : 16 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 4 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




विधानसभा चुनाव को लेकर पटना में भारतीय जनता पार्टी के मीडिया सेंटर में पार्टी के दिग्गज प्रवक्ताओं और मीडिया प्रभारियों का जुटान।

## घुसपैठियों से लगाव रखने वाले राजद एवं कांग्रेस की हार तय : पीएम मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कटिहार एवं सहरसा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन पर जमकर प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राजद लोगों को सुविधाएं नहीं पहुंचने देना चाहतीं। इसके अलावा उन्होंने लालू यादव के कार्यकाल को 'जंगलराज' बताते हुए जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि कोसी रेल महासेतु पुल का शिलान्यास पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 2003 में किया था लेकिन 2004 में मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार राजद के समर्थन से दिल्ली में सत्ता में आई। इसके बाद 2005 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में यहां सरकार बनी। बिहार के लोगों ने राजद को हर गली से साफ कर दिया। इसी वजह से राजद का गुस्सा और उनका घमंड आसमान छूने लगा। उन्होंने कहा कि राजद वाले बिहार के लोगों से इतने नाराज थे कि बिहार को बर्बाद करने पर तुले हुए थे। दिल्ली सरकार उनके समर्थन से चल रही थी तो दिल्ली सरकार में मनमोहन सिंह और सोनिया के बगल में बैठकर उन्होंने बिहार से बदला लेना शुरू कर दिया। और उन्होंने क्या किया? उन्होंने बिहार के लोगों की भलाई के लिए बने सभी प्रोजेक्ट्स को रोक दिया। उन्होंने बिहार की फंडिंग रोक दी। पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज की पाठशाला में राजद और कांग्रेस ने लोगों की उपेक्षा, क्रूरता सीखी। सहरसा के इमानदार डीएसपी की हत्या कर दी



गई। इन्हें ईमानदारी नहीं चाहिए। यहां सड़कें नहीं थी। ठेकेदार और इंजीनियर को उठा लिया जाता था। इस कारण यहां का विकास रुक गया था। विकास ठप पड़ गया था। अपराध और अपराधियों पर नीतीश कुमार की सरकार ने नकेल कसी। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस की डिक्शनरी में कौन से शब्द, कौन से इमोशन हैं? राजद और कांग्रेस की डिक्शनरी 'कट्टा', क्रूरता, कड़वाहट, बुरे बर्ताव, खराब शासन और भ्रष्टाचार जैसे शब्दों से भरी हुई है। ये सब उन्होंने जंगल राज के स्कूल में सीखा है। तेजस्वी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आपके माता-पिता ने वह समय देखा है, जब हमारे रक्षक भी सुरक्षित नहीं थे। पुलिस वालों की जान भी खतरे में थी। मैं आपको यहीं सहरसा की एक घटना याद दिलाता हूं। उन्होंने कहा कि सहरसा के हमारे बहादुर डीएसपी सत्यपाल सिंह, जंगल राज के लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे थे। यह बात पटना में राजद के बॉस, जंगल राज के समर्थकों को पसंद नहीं आई। जंगल राज में सबकी जान खतरे में थी। हर ऑफिसर, हर कॉन्ट्रैक्टर, हर बिजनेसमैन डर के साए में जीता था। नतीजतन, यहां विकास रुक गया था। नीतीश कुमार की सरकार ने जंगल राज खत्म कर दिया है और बिहार को सुशासन वाला राज्य बना दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि चाहे कांग्रेस हो या राजद, ये सिर्फ घुसपैठियों से जुड़े हुए हैं। ये लोग घुसपैठियों को बचाने के लिए पॉलिटिकल टूर करते हैं। मुझे बताइए, बिहार का भविष्य आप तय करेंगे या घुसपैठिये तय करेंगे? ये घुसपैठिये आपकी प्रॉपर्टी पर कब्जा कर रहे हैं, आपके रिसोर्स पर अपना दावा कर रहे हैं। बिहार को घुसपैठियों से बचाने की जरूरत है। हम इन घुसपैठियों को हटाने का काम कर रहे हैं।

## बिहार में बनायेंगे डिफेंस कॉरिडोर : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शिवहर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण के मतदान से पहले सभी पार्टियों के कद्दावर नेता चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतर गए हैं। भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड की अगुवाई वाले एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों को मैदान में उतार दिया है। अमित शाह ने शिवहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या और माता जानकारी के धाम सीतामढ़ी को श्रीराम जानकी पथ से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए की सरकार बिहार में डिफेंस कॉरिडोर (रक्षा गलियारा) बनाएगी। सीता मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन हम सीतामढ़ी से अयोध्या तक वंदे भारत ट्रेन शुरू करेंगे। बिहार में राजग की सरकार बनेगी, 14 नवंबर को दोपहर 1 बजे तक राजद का सफाया हो जाएगा। शिवहर के पुनौरा धाम में 850 करोड़ रुपए की लागत से बनने जा रहे सीता मंदिर के लिए भूमि पूजन किया। मिथिला-कोशी में बाढ़ को रोकने के लिए 11,000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं जारी हैं। सोनबरसा नानपुर में 505 एकड़ में औद्योगिक पार्क स्थापित किया जायेगा। मिथिलांचल को 500 करोड़ रुपए की लागत से वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा। सीतामढ़ी-अयोध्या राम-जानकी पथ 550 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। अयोध्या-सीतामढ़ी रेल पटरी के दोहरीकरण पर 5,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। एनडीए की सरकार बिहार में डिफेंस कॉरिडोर बनायेगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### राजद जिलाध्यक्ष वीर बहादुर राय गिरफ्तार

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में राजद के झंझारपुर संगठन के जिलाध्यक्ष वीर बहादुर राय को फुलपरास थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उनके खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। यह गिरफ्तारी पुराने दुराचार मामले में हुई है। जिले में राजद ने झंझारपुर और मधुबनी दो अलग-अलग संगठन बनाए हैं। झंझारपुर संगठन की कमान वीर बहादुर राय के हाथों में थी। वे फुलपरास थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव के निवासी हैं।

#### औरंगाबाद और कुटुंबा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सभा आज

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी दलों के तमाम स्टार प्रचारकों ने पूरी ताकत झोंक दे रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार यानी आज संसद में प्रतिपक्ष के नेता व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी औरंगाबाद और कुटुंबा में जनसभा को संबोधित करेंगे। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह 10:30 बजे करमा रोड में पकहा के समीप राहुल गांधी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शंकर सिंह के पक्ष में लोगों से वोट की अपील करेंगे। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे उच्च विद्यालय खेल मैदान कुटुंबा में कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार के पक्ष में सभा को संबोधित करेंगे। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। हेलीपैड का निर्माण किया गया है। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए कड़े इंतज़ाम किए हैं। वहीं सात नवंबर को देव मोड़ के समीप दरभंगा स्थित मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा होगी। इसकी तैयारी भी जोर-शोर से की जा रही है।

## योगी आदित्यनाथ ने महागठबंधन पर जमकर बोला हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केवटी विधानसभा क्षेत्र में मुरारी मोहन झा के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में कांग्रेस और महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे मां जानकी का संदेश लेकर मिथिला आए हैं और पुनौरा धाम में जानकी मंदिर, राम-जानकी सड़क सहित क्षेत्र की विकास योजनाओं को डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। कश्मीर मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए योगी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने कश्मीर में विवाद को जन्म दिया, पाकिस्तानी मूल के नागरिकों को संरक्षण दिया और हिंदुओं को कश्मीर छोड़ने पर मजबूर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर का माहौल सुधरा है और अब विस्थापित लोग वापस लौट रहे हैं। योगी ने दावा किया



कि मिथिला के लोग भी अब वहां सुरक्षित रूप से रह सकते हैं। महागठबंधन पर तंज कसते हुए योगी ने बिना नाम लिए तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और अखिलेश यादव को तीन बंदर पप्पू, टप्पू और अप्पू बताया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के ये नेता न अच्छी बातें बोलते हैं न सुनते हैं और न ही देखते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार के निरंतर विकास के लिए डबल इंजन सरकार आवश्यक है और जनता एक बार फिर एनडीए को भारी समर्थन देकर राज्य को आगे बढ़ाने का काम करेगी।

## बिहार में 2005 से अब तक कानून का राज : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को भागलपुर जिले के गोपालपुर, कहलगांव एवं सुल्तानगंज, बांका जिले के धोरैया एवं अमरपुर, मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर, बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल, सहरसा जिले के नौहट्टा एवं सोनवर्षा तथा मधेपुरा जिले के मधेपुरा शहर में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में राज्य के एक करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी मिलेगी जबकि पिछले पांच साल में 10 लाख युवाओं को नौकरी और 40 लाख युवाओं को रोजगार दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से अब तक कानून का राज है। हम लोग विकास में लगे हुए हैं। राजद की सरकार पर तंज करते हुए कहा कि यह तो आप लोग भी जानते हैं कि पहले क्या होता था। लोग शाम के बाद घर से निकलने में भी परहेज करते थे। बीपीएससी से शिक्षकों की बहाली से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोड बिजली सहित अन्य विकास कार्यों की उन्होंने चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय पार्ट 2 के तहत भी बेहतर काम हो रहे हैं। हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी



से लेकर गांव की गलियों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। महिला सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए कहा कि पंचायती राज और नगर निकाय में उन्होंने 50 फीसद आरक्षण, जबकि सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 फीसद आरक्षण की व्यवस्था की। इच्छुक लोगों के घर पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। स्वरोजगार के लिए अब तक एक करोड़ 21 लाख महिलाओं को 10 -10 हजार की राशि भेजी जा चुकी है। बांका जिला के संबंध में उन्होंने कहा कि गंगा के पानी को हनुमाना डैम तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा यहां पर औद्योगिक क्षेत्र के विकास से लेकर मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति की भी मुख्यमंत्री ने चर्चा की।

## बदलाव के मूड में है बिहार की जनता : तेजस्वी

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** धनरूआ के बरनी खेल मैदान में महागठबंधन प्रत्याशी रेखा देवी के पक्ष में तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिहार को अब यह तय करना है कि इसे कोई बाहरी चलाएगा या बिहार का लाल चलाएगा। मुझे सिर्फ एक मौका दीजिए, मैं जो कहता हूं उसे पूरा करके दिखाता हूं। जिस परिवार में सरकारी नौकरी नहीं है, उस परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने मंच से युवाओं का आह्वान किया और कहा कि आप लोग नौकरी के लिए तैयार रहें। आपकी अपनी सरकार बनाने के लिए राजद प्रत्याशी को जितवाइए। इसके अलावा लोगों से अपील की कि अगर जाने अनजाने में रेखा देवी से कोई गलतियां हुई है तो



तेजस्वी आप सबों से माफी मांग रहा है, सब कुछ भूल कर बिहार को बदलिये। तेजस्वी यादव ने मंच पर मौजूद प्रत्याशी रेखा देवी को जनता से पूछकर विजय का माला पहनाया। इस बार भी लालटेन की जीत तय है और जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने एनडीए पर हमला बोलते हुए कहा कि फैक्ट्री गुजरात में लगती है लेकिन बेरोजगारी बिहार में बढ़ती है। तेजस्वी ने कहा कि जनता अब ठान चुकी है कि बिहार को पलायन और भ्रष्टाचार से मुक्त कराना है। कुछ लोग जाति और नफरत के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं लेकिन जनता सब देख रही है। इस बार विकास की राजनीति को चुनेगी। उन्होंने माई-बहन योजना का भी जिक्र किया। कहा कि सरकार बनने पर महिलाओं के खाते में हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों को 30 हजार रुपये मानदेय और गैस सिलेंडर 500 रुपये में मिलेगा। तेजस्वी ने दावा किया कि 17 महीने की सरकार में उन्होंने पांच लाख युवाओं को रोजगार दिया था और सत्ता में आने पर हर घर से एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी। राजद प्रत्याशी रेखा देवी ने कहा कि वे हमेशा मसौढी धनरूआ की जनता के साथ रहे हैं और उनकी सेवा ही उनका धर्म है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जनता को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन जनता अब जागरूक है। इस बार लालटेन की रोशनी हर घर में जलेगी। मौके पर राकेश पंडित, संजय यादव, राम उचित चौधरी, उपेंद्र यादव समेत हजारों की संख्या में समर्थकों का हुजूम रहा।

## सड़क हादसे में तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के नाईपर के पास सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह लगभग 4:00 बजे हुई जब एक तेज रफ्तार लग्जरी कार सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जंदाहा की तरफ से हाजीपुर की ओर जा रही लग्जरी कार ने सड़क किनारे गलत दिशा में खड़ी 16 पहिए वाली ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही तीन कार सवारों की मौत हो गई जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार में फंसे शवों को बाहर निकाला और उन्हें सदर अस्पताल भेज दिया। घायलों को भी तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मरने वालों में एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। बताया गया सभी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एग्जिट पोल के लिए काम करने बिहार आए थे और किशनगंज में कार्य पूरा कर हाजीपुर आ रहे थे। औद्योगिक थाना अध्यक्ष अरविंद पासवान ने बताया कि तेज रफ्तार लग्जरी कार ने खड़ी ट्रक में टक्कर मारी जिससे तीन लोगों की मौत हुई है। उन्होंने पुष्टि की कि शवों को कार से निकालकर घायलों को अस्पताल भेजा गया है। घायलों की पहचान हाजीपुर के चकुंडा उर्फ मिल्की गांव निवासी पुष्पा चौधरी, उत्तर प्रदेश के सीतापुर निवासी शालिनी वर्मा, कपिल कुमार और समस्तीपुर जिले के मोहनपुर निवासी शिवम कुमार सिंह के रूप में हुई है। वहीं मृतक का नाम मध्य प्रदेश के गनौर निवासी राजाबाई चौधरी, छतरपुर के तैयामर वार्ड 3 हेमंत प्रताप यादव, डरधनिया वकसाहा निवासी रामस्वरूप यादव शामिल है।

## बाइकों के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी(गया)।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के गोपालपुर नहर से सगाही जाने वाली रोड में रविवार की देर रात दो बाइक सवारों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह और मोहन कुमार दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। घायल को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से प्राथमिक इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल शेरघाटी में भर्ती कराया। यहां से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया है। इधर दोनों शवों को कब्जे में लेकर स्वजन को सूचना देते हुए मगध मेडिकल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट सलैया गांव के पास दो बाइकों के बीच हुई सीधी टक्कर में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना सोलर प्लांट के थोड़ा सा आगे सलैया के करीब हुई है। मृतकों की पहचान मोहनपुर थाना क्षेत्र के चर केड़िया गांव के मो. नेहाल और मगध विश्वविद्यालय के पिपरहीया गांव के धनिल कुमार यादव के रूप में हुई है। आसपास के लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों के अपाची बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। मौके पर मौजूद घोड़ीजरा गांव के पंकज कुमार और नयन बिगहा के नवीन कुमार ने बताया कि जीटी रोड की तरफ जा रही बाइक पर दो युवक नेहाल और मो अबरार सवार थे।

## विजय पर भाजपा के गढ़ में एक बार फिर 'कमल' खिलाने की जिम्मेवारी

**– विनय कुमार**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में लखीसराय सीट काफी महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। भाजपा के इस गढ़ में एक बार फिर कमल खिलाने की जिम्मेदारी उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा पर है जो लगातार 2010 से यहां निर्वाचित होते रहे हैं। लखीसराय एक जनरल सीट है जो मुंगेर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। यह विधानसभा क्षेत्र हलसी, बड़हिया और रामगढ़ प्रखंडों को मिलाकर बना है। अब तक यहां चुनावों में भाजपा का दबदबा साफ तौर पर देखने को मिला है। यह दबदबा इस बार भी कायम रहेगा या नहीं यह 6 नवंबर को मतपेटियों में कैद हो जाएगा और 14 नवंबर को मतगणना में इसकी तस्वीर साफ हो जाएगी। फिलहाल भाजपा ने इस सीट पर पांच बार, जनता पार्टी और जनता दल ने दो-दो बार जबकि कांग्रेस और राजद को एक एक बार इस सीट पर जनता ने जनादेश दिया है। इस सीट पर भाजपा के जीत का छक्का लगाने की जिम्मेदारी बिहार के डिप्टी सीएम और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा पर है जिनकी गिनती भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में होती है। 2020 यानि पिछले विधानसभा चुनाव में विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस के अमरेश कुमार को 10 हजार से अधिक मतों से पटखनी देते हुए यहां अपनी जीत का हैट्रिक लगाया था। इस बार उनके चौके को रोकने के लिए कांग्रेस ने एक बार फिर अमरेश कुमार को मैदान में उतारा है जबकि जनसुराज की मौजूदगी ने लड़ाई को काफी नजदीक तक पहुंचा दिया है। इस लिहाज से इस सीट पर एक बार फिर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। लखीसराय विधानसभा सीट पर बीजेपी का वर्चस्व पिछले डेढ़ दशक से कायम है। विजय कुमार सिन्हा ने 2010, 2015 और 2020 में लगातार जीत हासिल की है। इस बार भी उनके सामने विपक्ष से चुनौती तो है, लेकिन भाजपा का मजबूत संगठन और क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता उन्हें बढ़त दिला सकती है। बिहार की ज्यादातर सीटों का परिणाम जातीय समीकरण के इर्द गिर्द घुमता है। लखीसराय भी उन सीटों में शामिल है। यहां करीब तीन लीख 90 हजार मतदाता हैं। इनमें करीब 16 फीसदी वोटर्स अनुसूचित जाति, 4 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के हैं। यहां यादवों का भी बाहुल्य है लेकिन भूमिहार वोटर्स की भूमिका हमेशा से प्रभावी रही है जिसका फायदा विजय सिन्हा को मिलता रहा है, जबकि कुर्मी और पासवान हार जीत में निर्णायक किरदार निभाते हैं। लखीसराय सिर्फ राजनीतिक दृष्टि से नहीं बल्कि ऐतिहासिक रूप से भी महत्वपूर्ण क्षेत्र है। 1994 में यह मुंगेर जिले से अलग होकर स्वतंत्र जिला बना था। पाल वंश के शासनकाल में लखीसराय प्रशासनिक और धार्मिक केंद्र के रूप में जाना जाता था। यहां की भूमि पर हिंदू और बौद्ध दोनों परंपराओं का प्रभाव देखने को मिलता है। प्राचीन काल में यह क्षेत्र मुंगेर या अंग देश का हिस्सा था और अपनी चट्टानों, पहाड़ों तथा देवी-देवताओं की मूर्तियों के कारण काफी प्रसिद्ध रहा है। इन सब के बीच लखीसराय जिले में रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, अपराध मुक्त समाज, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और बाढ़ नियंत्रण बड़ा मुद्दा है। लखीसराय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खेती भी होती है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है। ऐसे में बाढ़ और सूखाड़ से निपटने के इंतजाम हमेशा से लोगों की मांग रही है, जो इस बार फिर चुनाव में साफ दिख रहा है। तो लखीसराय हॉट सीट पर हर किसी की नजर है क्योंकि यहां से बिहार के डिप्टी सीएम चुनाव लड़ रहे हैं और एक तरीके से उनकी जीत या हार सरकार के कार्यों का भी आकलन का आधार बनेगा क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद चुनावी मैदान में नहीं है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मुंगेर के सांसद और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह का यह कार्य क्षेत्र है इसलिए विजय सिंहा के साथ इन दोनों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है।

CMYK

# राज्य सहकारी बैंकों ने उठाई आवाज

## धान अधिप्राप्ति में हो रही देरी से किसानों को नुकसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य सहकारी बैंक के सभाकक्ष में बैंक के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के अध्यक्षों की संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में धान अधिप्राप्ति कार्य में आ रही गंभीर कठिनाइयों पर चर्चा की गई और सभी जिला बैंकों के अध्यक्षों द्वारा मुख्य सचिव, बिहार को इस संबंध में एक संयुक्त पत्र भेजा गया। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2014-15 से पहले बिहार सरकार को अधिप्राप्त धान के बदले चावल आपूर्ति (सीएमआर) में करोड़ों रुपये का नुकसान होता था, लेकिन पैक्स और व्यापार मंडलों द्वारा सीधे आपूर्ति शुरू होने के बाद राजस्व हानि पूरी तरह रुक गई है। इसके बावजूद, राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) द्वारा सीएमआर का भुगतान छह-छह माह तक लंबित रहने से समितियां भारी वित्तीय दबाव में हैं। अधिकांश पैक्स डिफॉल्टर घोषित हो चुकी हैं और उन पर ब्याज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। बैंकों ने मांग की कि जिस तरह समितियां किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान करती हैं, उसी प्रकार एसएफसी भी 72 घंटे के भीतर सीएमआर आपूर्ति का भुगतान करे। साथ ही मिलों की टैगिंग समिति की सहमति से की जाए ताकि किसी प्रकार की मनमानी न हो। बैंकों ने यह भी सुझाव दिया कि सरकार, सहकारी बैंक और एसएफसी के बीच पूर्व की भांति त्रिपक्षीय इकरारनामा किया जाए जिससे भुगतान और ऋण प्रक्रिया पारदर्शी हो सके। बैठक में यह भी मांग की गई कि सहकारी बैंकों को सरकार के गारंटी पत्र के तहत जो कैश क्रेडिट सुविधा दी जाती है उसका प्रत्याभूति शुल्क सरकार स्वयं वहन करे। साथ ही समितियों को दिए जा रहे कैश क्रेडिट ऋण पर लगे भारी ब्याज को माफ करने की भी सिफारिश की गई। बैठक में आरा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, औरंगाबाद, मोतिहारी, पाटलिपुत्र, रोहिका, वैशाली, बेतिया और समस्तीपुर सहित सभी जिला बैंकों के अध्यक्षों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। अध्यक्ष श्री चौबे ने कहा कि राज्य सरकार को किसानों के हित में भुगतान और भंडारण व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करना चाहिए। ताकि अधिप्राप्ति कार्य सुचारु रूप से जारी रह सके।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बेलागंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। घटना ओर गांव से पश्चिम देवीस्थान के पास रेलवे लाइन किनारे हुई। स्थानीय लोगों ने सुबह शव देखकर पुलिस को सूचना दी। युवक ने चेक शर्ट और नीले रंग का लूजर पहन रखा था। ट्रेन की टक्कर से उसके सिर और छाती पर गंभीर चोटें आई थीं जबकि शरीर के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए थे। सूचना मिलते ही बेलागंज थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

## एनडीए सरकार के किये गये विकास पर करें भाजपा को मतदान : अनामिका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा की विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्ववाली एनडीए सरकार ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया जिससे समाज का हर वर्ग खुशहाल है और वह अमन चैन की जिंदगी जी रहा है। भाजपा विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल ने कहा कि बिहार में पटेल समाज एनडीए के पक्ष में खड़ा है और अपना एक-एक मत एनडीए के पक्ष में करेंगे। श्रीमती पटेल सोमवार को कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र के पीसी कॉलोनी स्थित तंदुर हट के सभागार में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार में लोगों के जीवनयापन में बदलाव आया है प्रदेश में स्कूल, अस्पताल, सड़क, नाले, बिजली, पानी व विधि व्यवस्था के क्षेत्र में पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। सरकार की ओर से स्कूल में पढ़ाई, अस्पताल में दवाई व नारी को सम्मान दिया जा रहा है। इन सब को देखते हुए कुम्हरार की जनता भाजपा के प्रत्याशी संजय गुप्ता के पक्ष में मतदान करेगी। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय धानुक महासंघ के अध्यक्ष शंकर पटेल ने कहा कि पटेल समाज पूरी तरह एनडीए के साथ है और पटेल समाज भाजपा के पक्ष में मतदान करेगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सत्येन्द्र प्रसाद सिंह, संचालन पूर्व महापौर प्रत्याशी सीमा पटेल व धन्यवाद ज्ञापन जितेन्द्र पटेल ने किया। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह, सुगंध सिंह, सिंपी कुमारी, मृत्युंजय पटेल, राजू पटेल, गणेश सिंह, शालिनी सिन्हा, तपेन्द्र नारायण सिन्हा, राजेश कुमार, अजय यादव, यशवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में पटेल समाज के नेताओं ने संबोधित कर एनडीए के पक्ष में वोट करने का संकल्प लिया।

## वोट चोरी जनता के खिलाफ बहुत बड़ी साजिश : प्रियंका गांधी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बिहार में 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाने को बहुत बड़ी साजिश बताते हुए कहा कि एनडीए सरकार लोगों के अधिकार छीन रही है। उन्होंने कहा कि वोट कटने का मतलब सिर्फ मतदान से वंचित होना नहीं है, बल्कि यह नागरिकता रद्द होने के समान है जिससे लोग पेंशन, मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं से भी वंचित हो जाएंगे। बिहार के सोनबरसा में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री पर हमेशा अतीत की बातें करने और जनता का ध्यान भटकाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के बड़े नेता विकास, रोजगार या महंगाई की बात नहीं करते, बल्कि हमेशा भटकाने वाले मुद्दे उठाते हैं। उन्होंने व्यंग्य करते हुए प्रधानमंत्री को एक 'अपमान मंत्रालय' बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूची बनाते रहते हैं कि इसने मुझे गाली दी, उसने अपमान किया जिसमें वे अपना समय क्यों व्यर्थ कर रहे हैं? यह काम अपमान मंत्रालय को दे दें। प्रधानमंत्री का समय देश के लिए काम करने में, रोजगार देने और जनता की समस्याएं सुलझाने में लगाना चाहिए। उन्होंने हंसते हुए कहा कि उस नए मंत्रालय को भाजपा द्वारा उनके परिवार को दी गई गालियों का भी हिसाब रखना चाहिए जिसकी एक किताब तो क्या पूरी एक लाइब्रेरी बन सकती है। जनसभा में जनता के जबरदस्त समर्थन के बीच कांग्रेस महासचिव ने जदयू-भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था ठप हो गई है, स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं, पेपर लीक हो रहे हैं, भ्रष्टाचार और महंगाई चरम पर है। जनता बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रही है।

## श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के द्वारा एकादशी द्वादशी को देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें करीब 1500 से 2000 लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया ग्रहण किए। एम पी जैन ने बताया कि इस भंडारे में आनंद डालमिया, संजय भालोठिया, मुकेश हिस्सरिया, जितेंद्र कुमार जीतू, राजेन्द्र मित्तल, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडिया, गोपी तुलस्यान, पवन शर्मा, अनुज गुप्ता, मोनू, विनोद थिरानी, सज्जन चौधरी, विनय बजाज, शुभम सर्राफ, गोपी मित्तल, अजय शर्मा, सतीश खेमानी, केशव अग्रवाल, रिशव अग्रवाल, राजेश बजाज, सुभाष अग्रवाल सहित श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजन समिति के सभी सदस्यों की भागीदारी रही।

## नीतू चंद्रा के साथ लोकतंत्र का उत्सव

### बी. डी. कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम से गूंजा मतदान का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के प्रांगण में आज लोकतंत्र का एक जीवंत उत्सव देखने को मिला जब राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा आयोजित एसवीईईपी कार्यक्रम में युवा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु एक प्रेरक पहल की गई। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में हुआ जिसमें विशेष अतिथि के रूप में अभिनेत्री एवं स्वीप आइकॉन नीतू चंद्रा ने भाग लिया। नीतू चंद्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा बिहार सबसे युवा प्रदेश है। मैं विभिन्न कॉलेजों में जाकर युवाओं, विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने वालों को उनके मताधिकार के महत्व से परिचित करा रही हूं। इस बार युवाओं में मतदान को लेकर विशेष उत्साह है। उन्होंने भावनात्मक रूप से यह भी कहा मैं बिहार की बेटी हूं इसलिए यहां के लोगों को जागरूक करना मेरा पहला कर्तव्य है जब युवा आगे बढ़ते हैं तो लोकतंत्र मजबूत होता है। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में एनएसएस और एनसीसी के छात्र-छात्राओं को प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत एवं नीतू चंद्रा ने फ्लैग ऑफ किया जिन्होंने हाथों में मतदान जागरूकता से जुड़े स्लोगन लिखे बोर्ड लेकर आसपास के इलाकों में जनजागरण रैली निकाली। इन नारों में लोकतंत्र की शक्ति और मतदाता की जिम्मेदारी को रेखांकित किया गया जिससे स्थानीय नागरिकों में मतदान के प्रति उत्साह और जागरूकता का संचार हुआ।

नीतू चंद्रा ने यह भी साझा किया कि पटना, जो कि बिहार की राजधानी है। पिछले कुछ चुनावों में मतदान प्रतिशत के मामले में पिछड़ता रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इस बार जहां भी जा रही हूं, लोग वचन दे रहे हैं कि मतदान प्रतिशत पहले से अधिक होगा। उन्होंने कहा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। आगामी 6 नवम्बर को पटना समेत 121 सीटों पर मतदान होना है और बी. डी. कॉलेज के युवा मतदाता इस बार बदलाव की बयार लेकर आएंगे। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा युवाओं को जागरूक करना ही लोकतंत्र को सशक्त बनाना है। बी. डी. कॉलेज हमेशा से सामाजिक चेतना के ऐसे प्रयासों में अग्रणी रहा है।

## एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट, पुणे के विद्यार्थियों का बिहार विधान परिषद् का अध्ययन दौरा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट, पुणे (महाराष्ट्र) के 21वें बैच के 23 विद्यार्थियों एवं 5 प्राध्यापकों ने अपनी अध्ययन यात्रा के दौरान बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह से उनके आवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विधान परिषद् की कार्यप्रणाली, संवैधानिक अधिकारों, नेवा (नियमावली एवं विधायी प्रक्रिया) तथा राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने बिहार की राजनीति, प्रशासनिक व्यवस्था और नीतिगत कार्यान्वयन की बारीकियों को नजदीक से समझा।

राजनीतिक नेतृत्व और सरकार में स्नातकोत्तर कार्यक्रम एक विशिष्ट राजनीतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसके संस्थापक प्रमुख डॉ. राहुल वी. कराड हैं। यह कार्यक्रम भावी जनप्रतिनिधियों एवं नीति-निर्माताओं को लोकतांत्रिक शासन प्रणाली की व्यावहारिक समझ प्रदान करता है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई राजनीति के 'भीष्म पितामह' कैलाशपति मिश्र की पुण्यतिथि

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित तमाम नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के 'शिल्पकार' और राजनीति के 'भीष्म पितामह' स्व. कैलाशपति मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि आज हम सभी कैलाशपति मिश्र की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैलाशपति मिश्र एक कुशल संगठनकर्ता थे। उन्होंने कहा कि कैलाशपति मिश्र ने अपने राष्ट्रभक्ति, समर्पण और संगठन कौशल से भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उनका संपूर्ण जीवन समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण रहा। उनके आदर्श और विचार हम सभी को सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कैलाशपति मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे सादगी के प्रतीक रहे। वे राजनीति में हमेशा बेदाग रहे। उन्होंने कहा कि कैलाशपति मिश्र महान संगठनकर्ता थे। उन्होंने पार्टी के लिए अपना समस्त जीवन न्योछावर कर दिया। उनकी प्रेरणा से ही भाजपा आगे बढ़ रही है। वे हमेशा अमर रहेंगे, उन्हें हृदय से नमन है। प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भी कैलाशपति मिश्र की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया।

## जमुई सीट पर दूसरी बार निशाना लगाने के लिये तैयार श्रेयसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में 11 नवंबर को दूसरे चरण के 122 सीटों पर होने वाले चुनाव में जमुई जिले की जमुई सीट पर अंतर्राष्ट्रीय शूटर श्रेयसी सिंह दूसरी बार निशाना लगाने के लिये तैयार हैं, वहीं चकाई सीट पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित सिंह तथा झाझा सीट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। जमुई जिले की सभी चार सीटें चकाई, जमुई, झाझा और सिकंदरा (सुरक्षित) पर पिछले चुनाव में महागठबंधन के उम्मीदवारों को पराजय का सामना करना पड़ा था। झाझा पर जनता दल यूनाइटेड (जदयू),जमुई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), सिकंदरा (सुरक्षित) पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और चकाई में निर्दलीय सुमित कुमार सिंह ने कब्जा जमाया था। चकाई विधानसभा सीट से मंत्री सुमित सिंह जदयू के टिकट पर चुनावी दंगल में जोर आजमा रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने यहां पूर्व विधायक सावित्री देवी को उम्मीदवार बनाया है। जदयू से बागी पूर्व विधान पार्षद संजय प्रसाद निर्दलीय चुनावी दंगल में उतर आये हैं। वर्ष 2020 में पूर्व मंत्री दिवंगत नरेन्द्र सिंह के पुत्र सुमित कुमार सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था और राजद उम्मीदवार सावित्री देवी को पराजित किया था।

## सोनालीका ने अक्टूबर में 27,028 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ किया रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अक्टूबर 2025 में 27,028 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की है। ट्रैक्टर पर जीएसटी कटौती के बाद यह कंपनी के लिए सबसे बड़ा महीना है। इस शानदार प्रदर्शन द्वारा सोनालीका ने प्रमुख ट्रैक्टर ब्रांडों में 34.8 प्रतिशत की सबसे अधिक कुल वृद्धि हासिल की जो कि कुल उद्योग प्रदर्शन से 2.3 गुना ज्यादा है (अनुमानित)। कंपनी ने इस महीने में सर्वाधिक 2.2 प्रतिशत अंक (अनुमानित) बाजार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी भी दर्ज की है जो इसके किसान-केंद्रित दृष्टिकोण, इनोवेशन और मजबूत टीमवर्क को दर्शाता है। सोनालीका लगातार यह सुनिश्चित करता है कि हमारे किसानों की खेतों में हर जरूरतें पूरी हों। इस महीने कंपनी ने कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं- सर्वाधिक डिलीवरी, बिलिंग और विश्व नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट में अब तक का सर्वाधिक उत्पादन। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि ट्रैक्टरों पर जीएसटी में कमी के बाद अक्टूबर 2025 सबसे सफल महीना रहा और हमने 27,028 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री के साथ अपनी अविश्वसनीय यात्रा में एक शानदार नया अध्याय लिखा है। ऐसी बड़ी उपलब्धियां हमारी प्रतिबद्धता और सहयोग का प्रमाण है और इक्कठे जीतने के हमारे जज्बे को रेखांकित करती हैं और वास्तव में आई टी एल की अजेय ऊर्जा को परिभाषित करती है।


**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 207-CHENARI | NEHA KUMARI | Session Judge, Rohtas, P.S. Case No. 269/22 & Pending | Sec. 147,148, 140, 341,323,307,353,427, 504, 506, IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 206-CHAINPUR | HEMANT KUMAR CHOUBEY | 1.A.C.J.M., Bhabhua, P.S. Case No. 26/23 & Pending 2.J.M.-I, Bhabhua, P.S. Case No. 2521/18 & Pending | 1.Sec. 341,323, 147,148,149,506, 504, 394,384 I.P.C & 27 Arms Act 2.Sec. 147, 148, 149,430,353, 506 I.P.C | NA | NA | NA |


CMYK

# डिहरी आने की बड़ी उत्सुकता थी : रावण

## आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो चंद्रशेखर आजाद ने की रोड शो व जनसभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**अकोढीगोला।** पूरे प्रदेश में कहीं मैं जाता या न जाता, लेकिन मुझे डिहरी आने की बड़ी उत्सुकता थी। उसके पीछे कारण है क्योंकि यह गौतम बुद्ध की धरती बिहार है और मैं जहां से आता हूं वह उत्तर प्रदेश बुद्ध का ज्ञानस्थली है। दोनों का सम्बन्ध अद्भुत है। उक्त बातें आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सुप्रीमो सह उत्तरप्रदेश नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण ने डिहरी विधानसभा क्षेत्र के अकोढीगोला प्रेम नगर खेल मैदान में आयोजित ग्रेट डेमोक्रेटिक गठबंधन समर्पित आजाद समाज पार्टी काशीराम के उम्मीदवार

फते बहादुर सिंह के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे मजबूत समय है। यह वह समय है जहां हर व्यक्ति किसी पार्टी को एक-एक मत देकर उन्हें समान करने का समय है। चुनाव जैसे खत्म होता है। लोकतंत्र का दूसरा स्वरूप आप सभी को दिखाने को मिल जाता है। आज लोग नेता के आगे चलते फिर रहे हैं जब नेता चुनाव जीत जाते हैं वहीं लोग पीछे हो जाते हैं और नेता आगे हो जाते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज वैसे नेता को चुनने का समय है जो आपका हक की बात करें। पिछड़ा, अति पिछड़ा दलित, महादलित का बात करें। आजकल लोग बड़े-बड़े नेताओं का चेहरा देखकर लोग क्षेत्र में घूम रहे प्रत्याशी को जीता देते हैं, लेकिन जब वह जीत जाते हैं तो आपको किसी काम के लिए उनके दरवाजे पर घंटों खड़ा रहना पड़ता है। आपको तय करना होगा कि हमें किस तरह के नेता को इस चुनने की जरूरत है। यदि फते बहादुर सिंह डिहरी विधानसभा से जीत जाते हैं तो इन्हें हम निश्चित तौर पर मंत्री बनाने का दावा करते हैं। यदि फते बहादुर सिंह डिहरी विधानसभा से जीतकर पटना जाएंगे और गरीबों के लिए लड़ेंगे तो मैं लोकसभा में गरीबों की हक की लड़ाई लड़ूंगा। बताते चलें कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण का पूरे डिहरी बाजार होते हुए अंबेडकर चौक तक रोड शो किया गया। वहीं डिहरी विधानसभा के प्रत्याशी फते बहादुर सिंह के लिए 11 नवंबर को वोट देने की अपील की। विदित हो कि फते बहादुर सिंह पूर्व में राजद के वफादार सिपाही थे। किसी कारणवश इनकी टिकट इस बार काट दी गई। अंततः फते बहादुर सिंह पार्टी से नाराज होकर आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गए और चुनावी मैदान में अपना फिर भाग्य आजमा रहे हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**डोभी/गया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार शाम बिहार झारखंड बॉर्डर के नजदीक एक बाइक और ऑटो में जबरदस्त धक्का लगा जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग और बहेरा पुलिस ने दोनों को डोभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल गया को रेफर किया गया। बाइक सवार दोनों युवक रिश्ते में चचेरे भाई हैं जो झारखंड के हंटरगंज बाजार से अपना घर कोसमा लौट रहा था।

## सात नवम्बर को कैमूर आएंगे प्रधानमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात नवम्बर को कैमूर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पीएम भभुआ शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल कालेज परिसर में सभा को संबोधित करेंगे। दूसरे चरण के 11 नवम्बर को कैमूर के चार विधानसभा रामगढ़, भभुआ, मोहनियां सुरक्षित व चैनपुर में मतदान होना है। पीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में जुट गया है। वहीं पार्टी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल पर मंच निर्माण एवं अन्य आवश्यक तैयारियां जोरों पर कर रहा है। पीएम के कार्यक्रम को लेकर भभुआ शहर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर सीओ गांव के आधार में हेलिपैड का निर्माण कराया जा रहा है।

## करगहर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए की जीत पक्की : उमेश श्रीवास्तव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** लोजपा (रा) जिला प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि करगहर विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह की जीत पक्की है। उन्होंने क्षेत्र में घूम कर जनता के उत्साह उमंग को देखकर जीत पक्की होने का दावा किया है। एनडीए प्रत्याशी हर पंचायत के द्वारा सभी गांव में घूम-घूम कर प्रचार-प्रसार चलाया जा रहा है जिसमें जनता की उमंग काफी दिख रही है। इस बार करगहर की जनता मन बना चुकी है। बसडीहा पंचायत के उग्रसेनपुर, धनुआ, बसडीहा, बाराड़ीह, चौबे बहुआरा, घोरडीहा अमवलिया, कौवाखोच, हृदय सरेया, सरेया, बभन बरेहटा में काफी उत्सुकता के साथ वशिष्ठ सिंह का स्वागत किया गया। साथ में मुखिया जगनारायण पासवान, सुनील सिंह, पप्पू रावत, सत्येंद्र प्रजापति, दिनेश चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, अमर कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, गौरी शंकर सिंह, संजय सिंह, देवेंद्र कुमार उर्फ टिंकू, पप्पू सिंह, अरविंद सिंह, राकेश सिंह, उमेश प्रसाद श्रीवास्तव, अरुण सिंह, कमलेश चंद्रवंशी, नरेंद्र सिंह, मुन्ना शर्मा, नरेंद्र चंद्रवंशी, महेंद्र बैठा, मुन्ना बैठा, बाला बैठा, दीनानाथ पासवान, श्रीराम पासवान, कमलेश पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता स्वागत में लगे रहे। पूर्व विधायक को हर घर की महिलाओं ने पुष्प की मालाओं से स्वागत किया एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## दिनारा फीडर में रखरखाव कार्य के चलते दो घंटे ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** ट्रांसमिशन लाइन के रि-कंडक्टरिंग कार्य के कारण 11 केवी दिनारा फीडर की बिजली आपूर्ति मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। यह कार्य विद्युत विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। एसडीओ अमन कुमार ने बताया है कि कार्य के दौरान तकनीकी टीमों को तैनात किया गया है। ताकि कार्य सुरक्षित और सुचारू रूप से पूरा हो सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली कटने से पहले अपने आवश्यक कार्य पूरे कर लें, जैसे मोबाइल चार्ज करना, जरूरी उपकरणों का उपयोग और घरेलू आवश्यकताओं की तैयारी, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति पूर्ववत बहाल कर दी जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की है ताकि रि-कंडक्टरिंग कार्य समय पर और सुरक्षित रूप से पूरा किया जा सके। विभाग की ओर से यह सूचना दी जा रही है ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

## किसानों को अनुदान पर बीज किया जा रहा वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड के ई किसान भवन रामपुर में अनुदानित दरों पर किसानों के बीच रबी फसल का बीज वितरण किया जा रहा है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि किसान भवन में बीज का वितरण करना एक महत्वपूर्ण कदम है जो किसानों को अपनी खेती के लिए आवश्यक बीज प्राप्त करने में मदद करता है। यह वितरण किसानों को अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने और अपनी आय में वृद्धि करने में मदद कर सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा किसानों को रबी फसलों में मसूर, सरसों, मटर, चना का बीज अनुदानित दरों पर वितरण किया जा रहा है।

## बाइक की ठोकर से महिला जख्मी, इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी-राजपुर पथ पर सोमवार को नवाडीह गेट के समीप बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दिया जिससे महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। जख्मी को उपचार के लिए परिजन सीएचसी अकोढीगोला ले आए जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दी। महिला की मौत होते देख परिजन ने दहाड़ मारना शुरू कर दिया। परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस बाइक को जब्त करते हुए थाना लाई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि नवाडीह निवासी स्व. मुन्ना शर्मा की 52 वर्षीय पत्नी संपत्ति कुंवर बाजार करने के लिए घर से निकली थी कि नवाडीह मोड़ के समीप डिहरी-राजपुर पथ पर बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटनास्थल से बाइक को बरामद कर लिया गया है और परिजनों के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी।

## राजद प्रत्याशी वीरेंद्र कुशवाहा के प्रचार में समर्थकों के साथ पहुंचे समाजसेवी डॉ जागेश्वर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** भभुआ विधानसभा 205 में इंडिया महागठबंधन के राजद प्रत्याशी वीरेंद्र कुशवाहा के प्रचार में अपने सभी समर्थकों के साथ समाजसेवी डॉक्टर जागेश्वर सिंह हुए शामिल। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पसाई, खजुरा, सोनवर्षा, तराव, सोनाव पूनाव, हुडरा, हुडरी अहिराव चनकी इत्यादि गांवों का दौरा करते हुए सभी समर्थक मतदाता माता-पिता भाई-बहन नौजवान साथी से निवेदन किया कि आप सभी लोग एकजुट होकर अपने भविष्य के लिए अपने बच्चों के भविष्य के लिए नौजवान छात्र के भविष्य के लिए बहन और बेटी के भविष्य के लिए लालटेन छाप कर्म संख्या 5 पर बटम दबाकर आरजेडी उम्मीदवार भाई वीरेंद्र कुमार सिंह को भारी से भारी मतों से विजई बनाकर भाई तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करके बिहार के युवा मुख्यमंत्री बनाना है। मौके पर समाजसेवी डॉक्टर जागेश्वर सिंह के साथ सत्येंद्र यादव, सुगन सिंह, भरत राम, जयप्रकाश सिंह, विनोद सिंह, देवराज पाल, सलमान खान, बलिस्टर यादव, रामलाल सिंह, शेखर यादव, पिंटू सिंह, मनोज ठेकेदार, सुधीर सिंह, मुखिया दीपक, उप मुखिया सोनू सिंह सहित सैकड़ों समर्थक शामिल रहे।

## अनारक्षित टिकट के लिए चलता-फिरता टिकट काउन्टर

### डी.डी.यू. मंडल में एमयूटीएस उपकरणों का सफल संचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** छठ पर्व उपरांत यात्रियों की सुविधा हेतु डी.डी.यू. मंडल में एमयूटीएस उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया गया है। मंडल को कुल 06 एमयूटीएस उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं जिनमें से 03-03 उपकरण डी.डी.यू. एवं गया स्टेशन के लिए आवंटित किए गए हैं। इन उपकरणों का उपयोग 26 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया गया। छठ पर्व के बाद यात्रियों की भारी संख्या के दौरान इन उपकरणों के माध्यम से टिकटिंग कार्य तेजी से संपन्न हुआ जिससे यात्रियों को सुगमता से टिकट प्राप्त हुआ। डी.डी.यू. स्टेशन पर इन उपकरणों का संचालन बुकिंग स्टाफ द्वारा किया जा रहा है जबकि गया स्टेशन पर बुकिंग एवं पार्सल स्टाफ द्वारा इनका उपयोग किया जा रहा है। वर्तमान में पार्सल मूवमेंट प्रतिबंधित है जिससे संबंधित स्टाफ को टिकटिंग कार्य में लगाया गया है। यात्रियों ने इस सुविधा की सराहना की और इसे तेज, सुविधाजनक एवं भीड़-रहित बताया। इस पहल से बुकिंग कार्यालयों पर भीड़ में उल्लेखनीय कमी आई है तथा त्योहार अवधि में यात्रियों की आवाजाही सुचारू रूप से संचालित रही है। एमयूटीएस उपकरणों के माध्यम से टिकट बिक्री ने पारंपरिक प्रणाली पर दबाव कम किया है और डिजिटल माध्यम से सेवा की गति बढ़ाई है। एमयूटीएस उपकरणों के माध्यम से डी.डी.यू. मंडल में 26 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक कुल 7,393 टिकट बेचे गए हैं। इस अवधि में औसत दैनिक बिक्री लगभग 924 टिकट प्रतिदिन रही। इस अवधि में डी.डी.यू. स्टेशन पूर्व मध्य रेल में एमयूटीएस के माध्यम से सर्वाधिक टिकट बिक्री वाला स्टेशन बन गया है।

## विज्ञान देव जी महाराज के 47वें जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** सन्त प्रवर सद्गुरु पद उत्तराधिकारी विज्ञान देव जी महाराज के 47वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रक्त दान शिविर का आयोजन संपूर्ण विश्व में किया जा रहा है। भारत समेत विश्व के अनेक देशों में हजारों आश्रम में सन्त प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का जन्मोत्सव विश्वव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन कर हजारों की संख्या में भक्त-शिष्यों द्वारा रक्तदान कर हर्षोल्लास के साथ विहंगम योग सन्त समाज के द्वारा मनाया जा रहा है। ज्ञात हो कि सन्त प्रवर विज्ञान देव जी महाराज का जन्मोत्सव 28 अक्टूबर को है। उस दिन से आज तक विहंगम योग सन्त समाज के विभिन्न आश्रम पर सन्त समाज के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कर जन्मोत्सव मनाना जारी है। इस पावन अवसर पर स्वयं संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज भी अपना रक्तदान करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में इस पावन अवसर पर सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग आश्रम, कटार डिहरी शाखा द्वारा भी डिहरी अनुमंडल के लिए भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन 2 नवम्बर को किया गया। रक्तदान जीवनदान है। जैसा कि हम सभी जानते हैं हमार एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह रक्तदान पूरे राष्ट्र के साथ-साथ पूरी मानवता की सेवा है। यह रक्तदान शिविर एनएमसीएच जमुहार के मेडिकल टीम के देखरेख में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर अमरंजय दूबे, जय सिंह, मृत्युंजय मिश्रा, विनय प्रताप सिंह, उपेन्द्र कुमार सिंह, रवि रंजन, राम जी प्रसाद, शोभा देवी, सरिता देवी, आदर्श कुमार, योगेन्द्र कुमार, उपेन्द्र प्रसाद, अनिल प्रजापति, प्रतिमा देवी, शंकर प्रसाद, अमन कुमार सहित 32 गुरुभाई-बहनों ने 32 यूनिट रक्तदान कर रक्तदान की श्रृंखला की शुरूआत किया। इस पावन अवसर पर बिहार राज्य विहंगम योग सन्त समाज के परामर्शक लंदन सिंह, संरक्षक दयानाथ सिंह, मंत्री नवल किशोर सिंह, भृगुनाथ सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, रेवती रमण के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में भक्त शिष्यों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ सन्त प्रवर विज्ञान देव जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया।


**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 208-SASARAM | BINAY KUMAR SINGH | 1.C.J.M., Sasaram, P.S. Case No. 210/22 & Pending 2.C.J.M., Sasaram, P.S. Case No. 857/18 & Pending 3.A.D.J.- XVII, Sasaram, P.S. Case No. 1/23 & Pending | 1.Sec.341,504,342,506,427,353, 379,354/34 of IPC 2.Sec 341,323, 325,386,379,307, 504, 34 of IPC 3.Sec 341,342,323 /34 3(ii)(x) of IPC | NA | NA | NA |



**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 216-JEHANABAD | ABHIRAM SINGH | 1.J.M 1st Class, Jehanabad, P.S Case no 260/13 & Pending 2.C.J.M, Jehanabad, P.S Case no. 421/34 & Pending | 1.Section 420,467, 468,471/34 IPC 2.Section 341, 323, 504/34 IPC | NA | NA | NA |

## एक नजर

### ज़िला आइकॉन राहुल वर्मा चला रहे जागरूकता अभियान

**नवादा**। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान विशेष रूप से उन बूथों पर केंद्रित रहा, जहाँ पिछले चुनाव में अपेक्षाकृत कम मतदान दर्ज हुआ था। ये बूथ हैं – उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदरा पूर्वी भाग (बांया भाग), उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदरा पश्चिमी भाग (बांया भाग) तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदरा मध्य भाग (बांया भाग)इत्यादि। इस अवसर पर जिला स्वीप आइकॉन राहुल वर्मा ने ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं बल्कि राष्ट्र एवं लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। स्वीप आइकॉन ने लोगों को आश्वस्त किया कि मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और प्रत्येक मतदाता निर्भय होकर मतदान कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को "पहले मतदान, फिर अन्य काम" का संदेश देते हुए प्रेरित किया तथा मतदान दिवस मतदान करने का आग्रह किया।

### मतदाता सूची तैयार करने में अजब गजब खेल

**नारदीगंज, नवादा**। नारदीगंज में मतदाता सूची तैयार करने में अजब गजब खेल हुआ है। जिससे मतदाता को परेशानी बढ़ी गई है। यह हाल हंडिया पंचायत के पंडपा निवासी सुरेश प्रसाद यादव का पुत्र श्रवण कुमार के साथ हुआ है। इस बाबत मतदाता श्रवण कुमार कहते हैं कि मैं श्रवण कुमार पिता सुरेश प्रसाद यादव,घर पंडपा, प्रखंड नारदीगंज जिला नवादा का निवासी हूं। उन्होंने कहा भारत एक संवैधानिक देश है। यहां हर नागरिक को वोट देने का अधिकार है। कहा गया मैं 18 वर्ष पूरा कर लिया हूं। लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान करने की ललक जगी। ताकि योग्य उम्मीदवार को चयन कर देश के सर्वागींण विकास में योगदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। तब मतदाता सूची में पहली बार नाम दर्ज कराया। लेकिन सबसे बड़ी बिडम्बना है कि प्रकाशित मतदाता सूची में मेरा नाम नवादा प्रखंड के बूथ संख्या 216 मध्य विद्यालय ओढ़नपुर, दक्षिणी भाग के मतदाता सूची में दर्ज हो गया है। मेरा इपिक संख्या वाईएचयू 3722261 है। सुधार के लिए गुहार लगाने के बाद भी संम्भव नहीं हो सका। ऐसे में मतदान करने की सारा आशा अरमान पर पानी फिर गया है। जबकि एक वोट सरकार बदलने और बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### मतदान केंद्रों पर सुविधाओं की ली गई जानकारी

**पकरीबरावां**। सोमवार को प्रखण्ड संसाधन केंद्र पकरीबरावां में मतदान केंद्रों वाले विद्यालय के प्रधानों की बैठक की गई। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने बैठक में मतदान केंद्र वाले विद्यालयों के प्रधानों से उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मतदान केंद्रों में पेयजल, बिजली, रैम्प, शौचालय, व्हील चेयर, बिजलो सॉकेट आदि की उपलब्धता की जानकारी ली गई। एक प्रपत्र में इन सुविधाओं को लिखकर देने को कहा गया। इस अवसर पर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार के प्रधानाध्यापक डॉ. राजेश कुमार प्रभाकर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सुमन, मध्य विद्यालय पकरीबरावां के प्रधानाध्यापक डॉ. गुलाम दस्तगीर खान, प्रधानाध्यापक अजय कुमार, विनय कुमार, कृपाशंकर पांडेय, फरहत जहां, कमलेश कुमार, मिलन कुमार, जयमिला कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### कौशल यादव का जारी है वार्डों में तूफानी दौरा




**नवादा**। नवादा विधानसभा के वार्ड नंबर 28 के जनता के द्वारा महागठबंधन प्रत्याशी कौशल यादव का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मौजूद रहे पूनम चंद्रवंशी पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद नवादा, सीताराम साहू कॉलेज के प्रिंसिपल रहे प्रो० सुभाष शाह, संजय गुप्ता, पूर्व वार्ड पार्षद संकर चंद्रवंशी, नंदू चंद्रवंशी, सरवन कुमार, दीपू चंद्रवंशी, अमरदीप चंद्रवंशी, संजय चौधरी, नरेश मालाकार, सुनील शर्मा, महेश यादव, गणेश रविदास और भी मोहल्ला के गण्यमान्य लोग । सभी ने कौशल यादव को समर्थन देने का निर्णय लिया। इसके बाद नवादा के रजत प्रत्याशी कौशल यादव का दौरा भदौनी मोहल्ले में हुआ। जहां वीआईपी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार क्रांति सहित अनेक लोगों ने भव्य स्वागत किया ।

# अवैध आग्नेयास्त्र के साथ दो गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीरामचक गांव में अवैध हथियार के साथ दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान तीन देसी कट्टा, एक देशी राइफल, 39 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा को रविवार की देर रात गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि श्रीरामचक गांव में दो व्यक्ति अपने घर में अवैध हथियार छुपाकर रखे हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलजा के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष और सीएपीएफ बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया जहां श्रीरामचक गांव निवासी धीरज कुमार, साहेब कुमार दोनों पिता सबल यादव को गिरफ्तार कर पुलिस ने घर को घेराबंदी कर तलाशी लिया गया। तलाशी के दौरान कमरे में बने छज्जा पर से तीन देसी कट्टा, एक देशी राइफल, 39 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए थाना क्षेत्र में अवैध हथियार बारामदगी और अपराध नियंत्रण के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। और कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी टीम में चण्डी अंचल निरीक्षक सत्यम चंद्रवंशी, थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा, अपर थाना अध्यक्ष ईसमा परवीन, दीपनारायण यादव, नीरज कुमार, शंकर कुमार, विकास कुमार, इमरान अहमद, काजल कुमारी, निरंजन कुमार के अलावे कई शस्त्र बल मौजूद रहे।

## संवेदनशील मतदान केंद्रों का सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। नवादा विधानसभा (237) क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एस.वी.एस. रंगाराव, भा.प्र.से. द्वारा सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने पौरा एवं पछियाडीह स्थित मतदान केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर सुव्यवस्थित प्रवेश-निकास मार्ग, पेयजल, विद्युत, शौचालय तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राजाबीघा स्थित मतदान केंद्र को मॉडल बूथ के रूप में विकसित करने के निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारी को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

## हिलसा में तेजस्वी यादव ने किया जनसभा को संबोधित

**हिलसा (नालंदा)**। सोमवार को शहर के मई हाई स्कूल के समीप नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पहुंचे और उन्होंने हिलसा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नीतीश चाचा को बीजेपी ने हाईजैक कर लिया। बिहार को अब बिहार का लाल चलाएगा। उन्होंने मंच से बिहार के हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर जनता उन्हें एक मौका देती है तो जो काम 20 सालों में नहीं हुआ वह उसे 20 महीने में करके दिखाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि हमारे चाचा जी नीतीश जी को तो भाजपा के लोगों ने हाईजैक कर लिया है। अब बिहार को दिल्ली से रिमोट कंट्रोल के जरिए चलाया जा रहा है। राजद प्रत्याशी शक्ति सिंह यादव के पक्ष में वोट मांगते हुए तेजस्वी ने 2020 के चुनाव की याद दिलाए। उन्होंने कहा कि आप की सीट चुरा ली गई थी ना 550 वोट से शक्ति यादव जी जीत गए थे, लेकिन रात के अंधेरे में घपला करके उन्हें 12 वोट से हरा दिया गया था। इस बार मुस्तैद रहिएगा और कोई बेईमानी करे तो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लीजिएगा।

## गड्ढों और अंधेरों से निकलकर विकास की राह पर आया बिहार : डॉ सुनील कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बिहारशरीफ**। 2005 से पहले का गड्ढों, अंधेरों और आतंक का बिहार था। शहर की मुख्य सड़कों पर चार-चार फुट के गड्ढे थे, जिनमें रिक्शे तक पलट जाते थे। ऐसे बिहारशरीफ को हमने बदला है। उक्त बातें सोमवार को बिहारशरीफ से भाजपा प्रत्याशी डॉ सुनील कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। अपने 20 वर्ष के विधायक कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा एकमात्र सपना था बिहारशरीफ को राज्य की सबसे उत्कृष्ट विधानसभा बनाना। डॉ. सुनील ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि जब वे विधायक बने थे, तब शहर में मात्र 17 नलकूप थे, जिनमें से 12 खराब पड़े थे। 2005 से 2015 के बीच उन्होंने 36 नए उच्च प्रवाहित नलकूपों की स्थापना कराई, जिससे शहर में जल संकट काफी हद तक दूर हुआ। उन्होंने तुंगी हॉल्ट से एनएच-31 को जोड़ने वाली सड़क, मुगलकुआं-रहुई रोड तथा छोटी पहाड़ी-बड़ी पहाड़ी मार्ग को अपनी प्रमुख उपलब्धियों में गिना। उन्होंने बताया कि शहर के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। बाबा मनीराम अखाड़ा, जो पहले एक छोटे मंदिर तक सीमित था, आज छठ घाट, अखाड़ा और पेवर ब्लॉक वाले विस्तृत मैदान के रूप में विकसित हो चुका है। अब 10 करोड़ रुपये की लागत से वहां वातानुकूलित विवाह भवन और तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इसके अलावा 2.68 करोड़ रुपये की लागत से हिरण्य पर्वत का विकास कार्य भी जारी है। उन्होंने घोषणा की कि देवीसराय से कारगिल चौक तक फ्लाईओवर के नीचे 3.89 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक पार्क का निर्माण कराया जाएगा, जिससे शहर की सुंदरता में निखार आएगा।


**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **शिवशंकर राय (ग्राम- मधुबन, पोस्ट- गुलवारा (मधुबन), जिला- पूर्वी चम्पारण 845420)**

राजनैतिक दल का नाम : **जनशक्ति जनता दल**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **18, मधुबन विधानसभा क्षेत्र**

मैं **शिवशंकर राय** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | सबजज 06 सिविल कोर्ट मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) | थाना-मधुबन, पूवी चम्पारण, प्राथमिकी सं. 551/022, दिनांक- 24/12/2022 जीआर 7834/022 | साक्ष्य | 147,148,149,341,342,323,385,365,427 आइपीसी, मारपीट करते हुए अपहरण का आरोप |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: PRADEEP RAM
AT PO-BAGHELI, WARD NO-9, P.S-JADIA, SUPAUL

Name of political party: Jan Suraaj Party
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election:General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency:44-TRIVENIGANJ (SC)

I PRADEEP RAM(name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| (A) Pending criminal cases | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
| 1 | ACJM V SUPAUL | CaseNo-75/2019 DATED-01.05.2019 | PENDING | Section(s)147,149,152,153,341,342,332,353, 188,290,291,504,506 IPC |

| (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | | |
|---|---|---|---|
| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: : Rajesh Kumar
Vill.+P.O+P.S : Obra, Dist- Aurangabad (Bihar)

Name of political party : Indian National Congress (Party)
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency : 222, Kutumba (SC) Aurangabad (Bihar)

I Rajesh Kumar (name of candidate), a candidate for the Above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| (A) Pending criminal cases | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
| 1 | C.J.M. PATNA | Sachivalaya p.s. case no, 82/20. DATED 27/07/2020 | Pending | U/S 188,269,270 IPC. Regarding the political protest. |
| 2 | Electric tribunal Gaya | Obra p.s. case No.180/11.Dated 25/11/2011 | Pending | U/S 135 ELECTRICITY Act. Regarding the electric dispute. |
| 3 | Investigation ongoing | Laheriasarai p.s. Case no.315/2025. | Pending | U/S 189(2),189(5),132 BNS Act. Regarding the unlawful assembly. |
| 4 | Investigation ongoing | Laheriasarai p.s. Case no.316/2025 | Pending | U/S 223 BNS Act. & 5,9 loudspeaker Act. 1955. Regarding the use of loudspeaker during the protest. |

| (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | | |
|---|---|---|---|
| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | Nil | Nil | Nil |
| 2 | Nil | Nil | Nil |
| 3 | Nil | Nil | Nil |
| 4 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# डीएम-एसएसपी ने किया नाका/ एसएसटी जांच बिंदु स्थलों का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर गया जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय और सतर्क है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार एवं बाराचट्टी विधानसभा के नामित प्रेक्षक अजय यादव (आईएएस) द्वारा सोमवार को संध्या बाराचट्टी विधानसभा के अंतरजिला चेकपोस्ट / नाकों यथा झारखंड राज्य एवं गया जिले के बॉर्डर पर पड़ने वाले भलुआ चट्टी चेक पोस्ट पहुच कर एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) टीम द्वारा वाहनों को किये जा रहे जांच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसएसपी ने वहां मौजूद सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों एवं सीआरपीएफ के जवानों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह मल्टी लेवल चेक पोस्ट के रूप में स्थापित है। चूंकि यह एनएच 02 सड़क सीधे झारखंड राज्य से जोड़ता है। इस जीटी रोड से वाहनों का आवागमन का फ्लो काफी अधिक रहता है। इस स्थान पर लगातार रैंडमली छोटे एवं बड़े वाहनों को निरंतर जांच करते रहें। उन्होंने कहा कि गया जिले के सभी प्रमुख स्थानों/ बोर्डर एरिया इत्यादि क्षेत्र पर अवैध गतिविधियों, नकद, शराब या अन्य किसी भी प्रकार की प्रलोभन सामग्री की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखी जाए। डीएम ने टीम को विशेष रूप से वाहनों की सघन जांच, संदिग्ध वस्तुओं की जांच तथा सभी एंट्री को विधिवत रजिस्टर में अंकित करने का निर्देश दिया। वहीं एसएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा बाजार एरिया/ सीमा क्षेत्र में चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में वहां स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत रहें। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं तत्पर रहने का निर्देश दिया ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मगध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में 'भारतीय एकीकरण में सरदार पटेल का अवदान' विषयांतर्गत व्याख्यानमाला एवं विद्यार्थियों के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रोफेसर मुकेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंदन कुमार, द्वितीय स्थान निशु गुप्ता एवं तृतीय स्थान रवि रंजन कुमार ने प्राप्त किया। व्याख्यानमाला में अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान प्रोफेसर मुकेश कुमार ने सत्ता के हस्तांतरण के दौर में सरदार पटेल के द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सरदार पटेल के कार्यों की विवेचना करते हुए स्वतंत्र भारत में राष्ट्र के एकीकरण के विभिन्न प्रकल्पों में लौह पुरुष सरदार पटेल के उत्कृष्ट योगदान की समीक्षा की। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. सचिन कुमार मंदिलवार ने राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार पटेल के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता के रूप में निरूपित किया। डॉ. रामाश्रय सिंह यादव ने भारतीय रियासतों के विलय में सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय की चर्चा करते हुए उन्हें सच्चा देश भक्त नेता बताया। डॉ हरि बाबू ने सरदार पटेल के कुशल प्रबंधन द्वारा कांग्रेस पार्टी के संचालन की व्याख्या करके आजादी के बाद की चुनौतियों को बताया। प्रोफेसर मनीष सिन्हा ने भारतीय स्वाधीनता के पूर्व एवं पश्चात सरदार पटेल के कार्यों का उल्लेख किया। समारोह का संचालन एवं आभार रविशंकर कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ अस्मिता खलखो एवं डॉ शंकर चौधरी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ईमानदार और शिक्षा के प्रति समर्पित व्यक्ति थे अनीस पंकज मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** समाजसेवी और शिक्षा जगत से जुड़े दिवंगत अनीस पंकज मिश्रा की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर नूतन नगर आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं परिजनों ने उपस्थित होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने उनके शिक्षा जगत में किए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत अनीस पंकज मिश्रा एक कर्मठ, ईमानदार और शिक्षा के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन में शिक्षा को समाज परिवर्तन का माध्यम माना और कई शिक्षण संस्थानों से जुड़कर विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने का कार्य किया। उनके मार्गदर्शन में अनेक छात्र-छात्राओं ने न केवल शिक्षा प्राप्त की, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी ली। उनके बड़े भाई भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने भावुक होते हुए कहा कि अनीस पंकज मिश्रा मेरे अनुज थे, परंतु उनका व्यक्तित्व इतना विशाल था कि वे पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए। उन्होंने शिक्षा जगत में जो योगदान दिया, उसका वर्णन शब्दों में संभव नहीं है। उनका जाना शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। आज उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर हम सब उनके आदर्शों और शिक्षाओं को आत्मसात कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, दीपक पांडे, राणा रणजीत सिंह, अभिषेक कुमार, हीरा यादव, संजय यादव, महेश यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता, शेखर कुमार, कुंदन सिंह सहित दर्जनों लोगों ने उपस्थित होकर माला पुष्प चढ़ा कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## हम प्रत्याशी ज्योति मांझी की प्रचार गाड़ी पर हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र से हम पार्टी की प्रत्याशी ज्योति मांझी के चुनाव प्रचार के दौरान तनाव फैलाने की कोशिश की गई। असामाजिक तत्वों ने उनकी प्रचार गाड़ी पर हमला कर दिया। पोस्टर फाड़ डाले और चालक को धमकी भी दी गई। घटना खराटी गांव की है। ड्राइवर प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रचार गाड़ी लेकर चेरकी बाजार से खराटी गांव पहुंचा था। वहां बाइक सवार लोगों ने रास्ता रोक लिया।

## योगी की एंट्री से शेरघाटी में चुनावी पारा चढ़ा, बुलडोजरों से होगी फूलों की बारिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज खेल परिसर में 5 नवम्बर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होने वाली चुनावी सभा को लेकर शहर में उत्साह का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। एनडीए प्रत्याशी लोजपा (आर.) के उम्मीदवार उदय कुमार सिंह के समर्थन में होने वाली इस रैली की तैयारियां पूरी रफ्तार पर हैं और इलाके का माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुका है। सभा स्थल पर विशाल मंच, भव्य पंडाल और सुरक्षा प्रबंधन की तैयारी दिन-रात जारी है। प्रशासन और पार्टी कार्यकर्ता मिलकर यह सुनिश्चित करने में जुटे हैं कि कार्यक्रम में किसी तरह की कमी न रह जाए। शहर की गलियों तक में पोस्टर-बैनर और झंडे लहरा रहे हैं जिससे माहौल पूरी तरह राजनीतिक रंग में रंगा हुआ है। गया जिला पश्चिमी अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह ने बताया कि रैली में 30 हजार से अधिक लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद है। खास बात यह है कि योगी आदित्यनाथ के स्वागत के लिए 5 बुलडोजरों से फूलों की बारिश की तैयारी की गई है जो शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं और लोगों को रैली में शामिल होने का न्योता दे रहे हैं। शेरघाटी में चर्चा है कि योगी की यह सभा चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव ला सकती है। अब सबकी नजरें 5 नवंबर पर टिकी हैं जब शेरघाटी में राजनीतिक माहौल और भी गरमाएगा।

# जीविका दीदियों ने मानव श्रृंखला बना दिया मतदान का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु 226 शेरघाटी विधानसभा अंतर्गत शेरघाटी नगर परिषद क्षेत्र में सोमवार को जीविका द्वारा मतदाता जागरूकता रैली सह मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। शनिवार को शेरघाटी बाजार क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में जीविका की लगभग 500 दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली जीविका कार्यालय डाकबंगला से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए नई बाजार तक निकाली गई। इसके बाद जीविका दीदियों ने सड़क किनारे मानव श्रृंखला बनाकर लोगों से मतदान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। रैली के दौरान सहभागियों ने 'मतदान करें, लोकतंत्र को सशक्त बनाएं' एवं 'सबकी भागीदारी, सुनिश्चित मतदान' जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर बीडीओ स्नेहिल आनंद, आरओ अमित कुमार सिंह, जीविका बीपीएम, नगर सफाई पदाधिकारी सुमित सौरभ समेत अनेक अधिकारी और जीविका कर्मी शामिल रहे। अधिकारियों ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का उत्सव है और हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसमें भाग ले। जीविका दीदियों की इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और आम जनता को मतदान के महत्व से अवगत कराना है। ताकि आगामी चुनाव में शेरघाटी क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। रैली में महिलाओं के जोश और जन-सहभागिता को देख इलाके में जागरूकता का सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

---

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 13-Harsidhdhi | Shri Krishna Nandan Paswan | न्यायलय श्री श्रीनिवास शर्मा, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, मोतिहारी Chakia PS Case no. 331/2023 Pending | U/S 189, 353, 504, 506 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

---

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 217-Ghosi | Prabhat Kumar | 1.J.M.1s Class, Patna, P.S. Case No - 346/2009, Kankarbagh & Pending 2.In, The court of A.D.J. 27, Patna, P.S. Case No-151/2011, Beur & Pending 3.J.M. 1s class, Patna, P.S. Case No- 248/2022, Gopalpur & Pending | 1.U/S-414, 25(1-B) A/26 Arms Act 2.U/S-420 I.P.C and Unlawful Activities Prevention Act, 1967 19/20 3.U/S-147, 341, 323, 337, 504 I.P.C | NA | NA | NA |

---

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 212-DEHRI | PRADEEP LALLAN SINGH | 1.JM 1st Class Vasai, PS Case no 622/22 Tulinga Thana & Pending 2.JM 1st Class Vasai, PS Case No 239/23 Tulinga Thana & Pending 3.JM 1st Class Vasai, PS Case No 665/23 Tulinga Thana & Pending 4.ADJ Vasai, PS Case No 123/24 Tulinga Thana & Pending 5.JM 1st Class Vasai, PS Case No 174/15 Valiv Thana & Pending 6.JM 1st Class Dehri, Case No 123/21 & Pending | 1.Sec. 420, 406, 465, 467, 468, 471, 506,34 of IPC 2.Sec. 420, 406, 465, 467, 468, 471, 506, 34 of IPC 3.Sec. 304, 201, 304A, 182, 34 of IPC 4.Sec. 307, 324, 323, 504, 506, 34 of IPC 5.Sec. 323, 353, 504, 506, 34 of IPC 6.Sec. 420, 406, 120A, 34 of IPC | NA | NA | NA |

संपादकीय 

## कृत्रिम बारिश कराने के उपाय का औचित्य

दिल्ली में दीपावली पर पटाखों के विस्फोट, पराली के जलने और ठंड की दस्तक के साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ने लगता है, अतएव राजधानी क्षेत्र का जन-जीवन स्वास्थ्य कारणों से प्रभावित हो उठता है. इसी समस्या से निपटने के लिए दिल्ली में कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) की गई. परंतु बादलों में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण कृत्रिम बारिश का प्रयोग सफल नहीं रहा. वस्तुतः परीक्षण रोक दिया गया. यह क्लाउड सीडिंग पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादलों से घिरे आसमान में दिल्ली के बुराड़ी के क्षेत्र में दो परीक्षण के उपायों के रूप में की गई थी.

इन परीक्षणों में कुल 16 फ्लेयर्स से सिल्वर आयोडाइड और सोडियम क्लोराइड यौगिकों का मिश्रण चार से छह हजार फुट की ऊंचाई पर बादलों में छोड़ा गया. लेकिन बारिश नहीं हुई. हालांकि थोड़ी-बहुत बूंदें नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जरूर धरती को भिगो गईं. कृत्रिम बारिश कराने की कोशिश में लगे कानपुर आईआईटी के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने दावा किया है कि क्लाउड सीडिंग के असर से ही यह बारिश हुई है. इसी कारण राजधानी के कुछ स्थानों पर कणीय पदार्थ (पीएम) 2.5 और पीएम 10 में कमी दर्ज की गई है. अतएव अभियान सफल रहा. यह बारिश दिल्ली सरकार करा रही है.

इस अभियान के अंतर्गत कानपुर की हवाई पट्टी से सेना के विमान ने उड़ान भरी और एक बहुत बड़े हिस्से में वर्षा कराने वाले मिश्रण का छिड़काव किया गया. यह छिड़काव लंबाई में 25 नाटिकल मील और चौड़ाई में चार नाटिकल मील क्षेत्र में किया गया. पहले चरण में विमान ने करीब चार हजार फुट की ऊंचाई पर उद्देश्य को पूरा किया. इसमें आठ फ्लेयर्स दागे गए. लगभग 18.5 मिनट के इस अभियान के बाद विमान नीचे लाया गया और दूसरा चरण शाम तीन बजकर 55 मिनट पर शुरू हुआ. इस बार छह हजार फुट की ऊंचाई से बादलों में रसायन का छिड़काव आठ फ्लेयर्स से किया गया.

आईआईटी की रिपोर्ट के मुताबिक बादलों में नमी की मात्रा 15 से 20 प्रतिशत तक ही थी, जो कृत्रिम बारिश के लिए उपयुक्त स्थिति नहीं है. लेकिन यह स्थिति कम नमीवाली स्थितियों में सीडिंग की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए उचित थी. इसलिए ये परीक्षण किए गए. दिल्ली राज्य के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ऐसे प्रयोग राजधानी क्षेत्र में फरवरी 2026 तक किए जाते रहेंगे. अब मौसम विज्ञानी रिपोर्ट के आंकड़ों का गंभीर अध्ययन करने के बाद कृत्रिम बारिश के आगे के उपाय करेंगे.

कृत्रिम बारिश की तकनीक अत्यंत महंगी है. साथ ही इसमें यह संदेह बना रहता है कि पर्याप्त धन खर्च करने के बावजूद कृत्रिम बारिश होगी अथवा नहीं? मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा है कि इस उपाय की कुल लागत करीब 60 लाख रुपए आई है. यह मोटे तौर पर प्रतिवर्ग किमी लगभग 20,000 रुपए बैठती है. यदि यह परीक्षण 1000 वर्ग किमी क्षेत्र में किया जाता है तो इसकी लागत 2 करोड़ रुपए होगी. यदि यह परीक्षण पूरे शीतकाल में जारी रखा जाए तो इसकी लागत लगभग 25 से 30 करोड़ रु. आएगी.

हालांकि यह धनराशि इसलिए बहुत बड़ी नहीं है, क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण पर खर्च की जाने वाली कुल धनराशि इससे कहीं ज्यादा है. लेकिन एक बार बारिश के बाद दो-तीन दिन के भीतर प्रदूषण फिर बढ़ जाएगा. अतएव प्रदूषण की स्थायी रोकथाम जमीनी स्तर पर हो जाए तो कहीं बेहतर है.

# इंसानों की लालची प्रवृत्ति का शिकार बन रहे हैं गजराज

**वाइल्डलाइफ एसओएस का बेगिंग एलीफेंट अभियान इन हाथियों को बचाने और इस प्रथा को 2030 तक खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है। दुनिया भर में हर साल 16 अप्रैल को हाथी बचाओ दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हाथियों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इन शानदार जानवरों की रक्षा के प्रयासों को आगे बढ़ाना है। भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया प्रोजेक्ट एलीफेंट एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य हाथियों के प्राकृतिक आवासों में उनके लंबे समय तक अस्तित्व को सुनिश्चित करना है। इसके बावजूद जंगलों के कटने और हाथियों के प्राकृतिक आवासों पर अतिक्रमण की रोकथाम के बगैर यह विशाल और महत्वपूर्ण जानवर अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष करता रहेगा।**

**योगेंद्र योगी**

देश में बढ़ती महत्वकांक्षा और लालची प्रवृत्ति ने पर्यावरण के साथी और हिन्दुओं की पूजा के प्रतीक हाथियों को भी नहीं बख्शा है। अन्य वन्यजीवों और वनस्पतियों के तरह अब हाथियों पर भी संकट के बादल मंडराने लगे है। हाथी मेरे साथी के बजाए अब दुश्मन बनता जा रहा है। वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) की नई जनगणना के मुताबिक पिछले 8 साल के भीतर देश में हाथियों की संख्या करीब 25% तक घट गई है। देश में पहली बार डीएनए के आधार पर हाथियों की गणना में यह खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे तो हुए ही हैं, साथ ही जनगणना डराने वाली भी है। यह रिपोर्ट बताती है कि शिकार की वजह से नहीं बल्कि जंगलों के कम होने और इंसानों के साथ संघर्ष के चलते हाथियों की संख्या में कमी आ रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक देश में करीब 22,446 हाथी हैं। जबकि 2017 में देश में हाथियों की संख्या 29,964 के करीब थी।हाथियों की गणना करने के लिए पहली बार डीएनए आधारित प्रणाली को अपनाया है, जबकि 1992 में प्रोजेक्ट टाइगर के लॉन्च होने के बाद से ही तस्वीरों और हाथियों की लीद के आधार पर ही इनकी गिनती होती थी। डब्ल्यू आई आई के वैज्ञानिक और रिपोर्ट के मुख्य लेखक कमर कुरैशी के मुताबिक जंगल कट रहे हैं, हाथियों के आवास सिकुड़ रहे हैं और कॉरिडोर का कनेक्शन खत्म हो रहा है। इस वजह से इंसानों और हाथियों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। खासतौर से मध्य भारत और असम में।

इस रिपोर्ट में एक अच्छी बात यह सामने आई कि शिकार के लिए हाथियों को नहीं मारा जा रहा है। लेकिन घर आवासों का सिकुड़ना बड़ी चिंता की बात है। भारत में वेस्टर्न घाट में सबसे ज्यादा हाथी हैं। यहां 11,934 हाथी हैं, जबकि 2017 में 14,587 हाथी हुआ करते



थे। पूर्वोत्तर की पहाड़ियों और ब्रह्मपुत्र नदी के तटीय इलाकों में हाथियों की संख्या 10,139 से घटकर 6559 हो गई है। मध्य भारत और ईस्टर्न घाट में 3128 से घटकर 1891 हाथी ही रह गए हैं।

हाथियों की मौजूदा सर्वाधिक संख्या कर्नाटक में 6013, असम 4159, तमिलनाडु 3136, केरल 2785, उत्तराखंड 1792 और ओडिशा में 912 हाथी मौजूद हैं। झारखंड में जंगली हाथियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है और यह मात्र 217 रह गई है, जोकि 2017 के 678 के आंकड़े से काफी कम है। देश में हाथियों पर चौतरफा संकट मंडरा रहा है। प्राकृतिक आवास सिकुड़ने से गजराज रौद्र रूप इंसानों से संघर्ष के रूप में सामने आ चुका है। देश में वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच कुल 2,869 लोगों की मौत हाथियों के हमलों में हुई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ओडिशा में सबसे अधिक 624, झारखंड में 474, पश्चिम बंगाल में 436, असम में 383 और छत्तीसगढ़ में 303 लोगों की मौत हाथियों के हमलों में हुई। तमिलनाडु और कर्नाटक में क्रमशः 256 और 160 लोगों की मौत हुई। इसके विपरीत, बाघों के हमलों में 2020 से 2024 के बीच कुल 378 लोगों की मौत हुई। इनमें महाराष्ट्र में सबसे अधिक 218 मौतें, उत्तर प्रदेश में 61 और मध्य प्रदेश में 32 मौतें दर्ज की गईं। हर साल करीब 60 हाथियों की भी मौत प्रतिशोध में हो जाती है।

देश की रेल परिवहन व्यवस्था हाथियों के लिए खतरनाक बनी हुई है। पिछले पांच वर्षों में देश भर में रेलगाड़ियों की चपेट में आने से कम से कम 79 हाथियों की जान चली गई। पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में खड़गपुर-टाटानगर रेलखंड पर तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक हथिनी और उसके बच्चे समेत तीन हाथियों की जान चली गई। 7 हाथियों का एक झुंड रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान एक ट्रेन आ गई जिससे यह बड़ा हादसा हो गया था। खड़गपुर रेल मंडल में आने वाला यह रूट जंगलों से घिरा है। यहां हाथियों के साथ-साथ अन्य जंगली जानवर भी है। हाथियों सहित अन्य जंगली जानवरों की ट्रेन से कटने की ज्यादातर घटनाएं पहाड़ी और जंगली इलाकों में ही होती है।

अवैध शिकार के मामलों में कमी आई है, किन्तु यह अभी भी एक खतरा बना हुआ है। हाथियों की मौत के कुछ मामलों में जहर एक कारण हो सकता है। बिजली के तारों की चपेट में आने से भी हाथियों की मृत्यु होती है। हाथी का महत्व सांस्कृतिक, धार्मिक और पारिस्थितिक दृष्टिकोण से है। यह महत्वपूर्ण प्रजातियों में से एक है जो कई अन्य प्रजातियों को सहारा देती है। हाथी अपनी सूंड से पानी की खुदाई करते हैं, जो अन्य जानवरों को भी पानी उपलब्ध कराता है। आर्थिक रूप से, हाथी पर्यटन को बढ़ावा देते हैं और वास्तु में समृद्धि और सौभाग्य लाते हैं। हाथियों के मल से विभिन्न प्रकार के पौधों के बीज फैलते हैं, जो सवाना जैसे पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। वे घने जंगलों में रास्ते भी बनाते हैं जो अन्य जानवरों को आने-जाने में मदद करते हैं। विश्व हाथी दिवस पर वाइल्डलाइफ एसओएस ने भारत में सड़कों पर भीख मांगते हाथियों की दुखद स्थिति को उजागर किया। इन विशालकाय प्राणियों को क्रूरता से सड़कों पर घसीटा जाता है। वाइल्डलाइफ एसओएस का बेगिंग एलीफेंट अभियान इन हाथियों को बचाने और इस प्रथा को 2030 तक खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है। दुनिया भर में हर साल 16 अप्रैल को हाथी बचाओ दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हाथियों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इन शानदार जानवरों की रक्षा के प्रयासों को आगे बढ़ाना है। भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया प्रोजेक्ट एलीफेंट एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य हाथियों के प्राकृतिक आवासों में उनके लंबे समय तक अस्तित्व को सुनिश्चित करना है। इसके बावजूद जंगलों के कटने और हाथियों के प्राकृतिक आवासों पर अतिक्रमण की रोकथाम के बगैर यह विशाल और महत्वपूर्ण जानवर अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष करता रहेगा।

अध्यात्म

## जब साधु राजा बना

एक साधु था। चलते-चलते वह एक शहर के पास पहुँचा तो शहरका दरवाजा बन्द हो गया। रात हो गयी थी। वह साधु दरवाजे के बाहर ही सो गया। दैवयोग से उस दिन उस शहरके राजाका शरीर शान्त हो गया था। उसका कोई बेटा नहीं था। राज्य पानेके लिये कुटुम्बी लड़ने लगे। एक कहता कि मेरा हक लगता है, दूसरा कहता कि मेरा हक लगता है। अन्त में सबने मिलकर यह निर्णय किया कि कल सुबह दरवाजा खोलने पर जो सबसे पहले भीतर आये, उसीको राज्य दे दिया जाय। ऐसा निर्णय होने से विवाद मिट गया।

सुबह होते ही शहर का दरवाजा खुला तो सबसे पहले वह साधु भीतर गया। भीतर जाते ही हथिनी ने चट सूँड़से उठाकर बाबाजी को अपने ऊपर चढ़ा लिया। लोग जय-जयकार करते हुए बाबाजी को दरबार में ले गये। बाबाजीने पूछा कि 'यह क्या तमाशा है भाई?' उन्होंने बाबाजी से कहा कि 'महाराज! हमने विचार कर लिया है कि शहरमें जो सबसे पहले आ जाय, उसको राज्य दे देना है। सबसे पहले आप आये, इसलिये हमने आपको यहाँ का राजा बनाया है।' बाबाजी ने कहा कि 'अच्छी बात है!' बाबाजी ने नहा-धोकर राजा की पोशाक पहन ली और आज्ञा दी कि एक बक्सा लाओ! जब बक्सा आया तो बाबाजी ने अपने पहले के कपड़े, तूँबी, खड़ाऊँ आदि रखकर ताला लगा दिया और चाबी अपने पास में रख ली। अब बाबाजी बढ़िया रीति से राज्य करने लगे। बाबाजीमें न तो अपनी कोई कामना थी, न कोई चिन्ता थी और न उनको कोई भोग ही भोगना था। उन्होंने भगवान? का काम समझकर खूब बढ़िया रीति से राज्य किया। फलस्वरूप राज्य की बहुत उन्नति हो गयी। आमदनी बहुत ज्यादा हो गयी। राज्यका खजाना भर गया। प्रजा सुखी हो गयी। राज्यकी समृद्धिको देखकर पड़ोसके एक राजा ने विचार किया कि बाबाजी राज्य तो करना जानते हैं, पर लड़ाई करना नहीं जानते! उसने चढ़ाई कर दी। राज्यके सैनिकोंने बाबाजीको समाचार दिया कि अमुक राजा ने चढ़ाई कर दी है। बाबाजी बोले कि 'करने दो, अपने लड़ाई नहीं करनी है।' थोड़ी देरमें समाचार आया कि शत्रुकी सेना नजदीक आ रही है। बाबाजी बोले कि 'आने दो'। फिर समाचार आया कि शत्रुकी सेना पास में आ गयी है तो बाबाजीने आदमी भेजा कि आप यहाँ क्यों आये हैं? पड़ोसी राजाने समाचार भेजा कि हम यह राज्य लेने आये हैं। बाबाजी ने कहा कि राज्य पाने के लिये लड़ने की जरूरत नहीं है। बाबाजीने आज्ञा दी कि मेरा बक्सा लाओ। बक्सा मँगाकर उन्होंने उसको खोला और अपने पहले के कपड़े पहनकर हाथ में तूँबी ले ली। बाबाजी ने पड़ोसी राजा से कहा कि इतने दिन मैंने रोटी खायी, अब आप खाओ! मैं तो इसलिये बैठा था कि राज्य सँभालने वाला कोई नहीं था। अब आप आ गये तो इसको सँभालो। व्यर्थ में लड़ाई करके मनुष्यों को क्यों मारें?

# जब मन के शब्द कागज पर उतरकर बनते थे यादें...

**डायरी लेखन वास्तव में एक चिंतनशील प्रक्रिया थी, जो हमारी मानसिक शांति के लिए एक 'थेरेपी' या इलाज का काम करती थी। यह हमें अपने भीतर के उलझे हुए धागों को सुलझाने का अवसर देती थी। किसी प्रियजन के खोने का दुख हो, या करियर में आई कोई बाधा, डायरी वह अश्रुपूर्ण कंधा थी, जिस पर हम बिना किसी डर के अपना सिर रख सकते थे। आज के दौर में, जब मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ी चिंता बन गया है, डायरी की यह उपचार शक्ति अत्यंत महत्त्वपूर्ण थी। यह एक प्रकार का 'आत्म-निकासी' थी। सोशल मीडिया पर जब हम अपनी 'सफलता' का प्रदर्शन करते हैं, तब डायरी हमें हमारी मानवता याद दिलाती थी। डायरी का खोना, हमारे सत्य से हमारा विमुख होना है। अहं को पोषित करने वाली इस दुनिया में, डायरी ही थी, जो हमें 'मैं कौन हूं', इसका ईमानदारी से जवाब देती थी।**


**सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

डायरी मात्र कागज के पन्नों का संग्रह नहीं है। यह आत्मा का एकांतवास है, जहां मन की अव्यक्त पीड़ा, अनकहे सपने और जीवन के क्षणिक उजाले बिना किसी संकोच के उतर आते थे। वह दौर अब अतीत की धुंध में खो रहा है, जब रात्रि की निस्तब्धता में किसी कलम की सरसराहट उस हृदय की धड़कन बन जाती थी, जो दिनभर के शोरगुल में गुम हो गई थी। डायरी लिखना एक अनुष्ठान था, स्वयं से संवाद स्थापित करने की एक पवित्र क्रिया। यह एक ऐसा दर्पण था, जिसमें व्यक्ति अपनी वास्तविक छवि देखता था, जिसमें कोई मुखौटा नहीं होता था। सोशल मीडिया के इस युग में, जहां सब कुछ सार्वजनिक है, डायरी की वह अंतरंगता, वह व्यक्तिगत 'निजता' एक दुर्लभ वस्तु बन गई है। हम अपनी भावनाओं को 'लाइक' और 'कमेंट' की कसौटी पर तौलने लगे हैं, जिसके कारण डायरी का वह कोना, जहां निस्वार्थ भाव से जीवन स्वयं को लिखता था, आज धूल फांक रहा है।

डायरी विधा का लुप्त होना केवल एक साहित्यिक हानि नहीं है, बल्कि यह मानव मन के गहन आत्म निरीक्षण की प्रक्रिया पर लगा एक विराम चिह्न है। डायरी हमें सिखाती थी कि कैसे हम अपनी असफलताओं को स्वीकार करें, गलतियों से सीखें और छोटी-छोटी सफलताओं का जश्न मनाएं। डिजिटल स्क्रीन की चकाचौंध में हम अपने अंदर झांकने का अभ्यास खो रहे हैं। डायरी के पन्नों में समय ठहर जाता था, वह पल अमर हो जाता था। वह कलम की स्याही केवल शब्द नहीं लिखती थी, बल्कि वह आंसुओं और मुस्कानों का लेखा-जोखा होती थी। महान लेखकों, विचारकों और यहां तक कि आम लोगों की डायरियां इतिहास के सबसे प्रामाणिक दस्तावेज हैं।

ऐन फ्रैंक की डायरी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसने युद्ध की विभीषिका में भी मानवता की लौ को जलता रखा। क्या आज सोशल मीडिया पर लगातार 'ताजा' या अद्यतन रहना उस गहराई और उस मार्मिकता को छू सकते हैं? नहीं। बल्कि इससे होता यह है कि सोशल मीडिया हमारे सोचने-समझने के दायरे को सीमित कर देता है और हमारी संवेदनाएं भी उसे से प्रभावित और संचालित होने लगती हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर सोचने-समझने की प्रक्रिया सीमित या स्थगित होती है, तो उसके बाद वास्तव में हमारा बौद्धिक विकास भी रुक जाता है। फिर हमारे सामने जिस भी बात, प्रचार, धारणा को रखा जाता है, हम उसे उसी नजरिए से देखने लगते हैं, जिसकी हमसे मांग होती है। प्रकारांतर से देखा जाए, तो वहां हमारी सोच पूरी तरह स्वतंत्र नहीं होती।

जीवन में जब कोई बड़ा तूफान आता था, तो डायरी के पन्ने ही थे, जो 'सांत्वना' का एक अदृश्य हाथ थामते थे। यह विधा हमें 'अल्प विराम' लेने का महत्त्व समझाती थी, जब जीवन की दौड़ में गति इतनी तीव्र हो जाती थी कि हम अपनी सांसें लेना भूल जाते थे। सोशल मीडिया पर सब कुछ




तत्काल और क्षणिक है, जबकि डायरी धीर और स्थायी थी। वह हमें धैर्य का पाठ पढ़ाती थी। इस तकनीकी युग में, हम कुछ टाइप करने की गति में तो आगे बढ़ गए, पर हस्तलेखन यानी हाथ से लिखने की आत्मा को पीछे छोड़ दिया।

हर लिखावट में एक अनूठी ऊर्जा होती थी, एक व्यक्तित्व की छाप, जो आज के डिजिटल अक्षरों में गुम हो गई है। आधुनिक तकनीक ने डायरी के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया है, 'ब्लाग लिखना' या 'डिजिटल पत्रकारिता' के रूप में, पर वह हाथ से लिखने का सुख, भौतिक जुड़ाव कहां! जब हम कलम को कागज पर रगड़ते थे, तब विचारों को एक मूर्त रूप मिलता था। वह स्याही की गंध, पन्नों का पलटना, सालों बाद उन पन्नों को छूकर अतीत को फिर से महसूस करना- यह एक 'जादुई' अनुभव था। हमारी डायरियां भविष्य के लिए पुरातत्त्व थीं, जो हमारे व्यक्तिगत इतिहास को सहेजती थीं।

डायरी लेखन वास्तव में एक चिंतनशील प्रक्रिया थी, जो हमारी मानसिक शांति के लिए एक 'थेरेपी' या इलाज का काम करती थी। यह हमें अपने भीतर के उलझे हुए धागों को सुलझाने का अवसर देती थी।

किसी प्रियजन के खोने का दुख हो, या करियर में आई कोई बाधा, डायरी वह अश्रुपूर्ण कंधा थी, जिस पर हम बिना किसी डर के अपना सिर रख सकते थे। आज के दौर में, जब मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ी चिंता बन गया है, डायरी की यह उपचार शक्ति अत्यंत महत्त्वपूर्ण थी। यह एक प्रकार का 'आत्म-निकासी' थी। सोशल मीडिया पर जब हम अपनी 'सफलता' का प्रदर्शन करते हैं, तब डायरी हमें हमारी मानवता याद दिलाती थी। डायरी का खोना, हमारे सत्य से हमारा विमुख होना है। अहं को पोषित करने वाली इस दुनिया में, डायरी ही थी, जो हमें 'मैं कौन हूं', इसका ईमानदारी से जवाब देती थी।

अपने जीवन में कई ऐसे मौके आते थे, जब हम दुनिया से खुद को छिपाना चाहते थे, लेकिन खुद से नहीं। इसी खुद को अपने सामने खड़ा करके उसे सब कुछ बताने, उससे सवाल पूछने, कठघरे में खड़ा करने या किसी खास मामले में खुद को शाबासी देने का सहारा बनती थी हमारी डायरी। डायरी तो एक 'गुरु' थी, जो हमें 'ध्यान' की कला सिखाती थी, विचारों को स्थिर करने की युक्ति बताती थी। दुनिया की आपाधापी में अपने जीवन की जरूरतों को पूरा करने के क्रम में हम चाहे जितनी अस्थिरता से गुजरें, लेकिन ठीक उसी वक्त हम स्थिर रहने के भूखे भी होते थे। डायरी हमारे मन को वही स्थिरता देती थी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आप पुरानी बातों को याद करके प्रसन्न होंगे। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आप रचनात्मक कार्यों में रुचि लेंगे।

**वृषभ**
आपके व्यक्तित्व में सकारात्मकता रहेगी। मन में नये-नये विचार पनपेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर अत्यन्त जागरूक रहेंगे।

**मिथुन**
अति आवश्यक न हो तो लोगों से अपनी बातें व सूचनायें शेयर करने से बचें। अत्यधिक व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य की अवहेलना न करें।

**कर्क**
नयी नौकरी की तलाश पूरी हो सकती है। साझेदारी सम्बन्धी योजनाओं को आरम्भ करेंगे। कार्यस्थल पर प्रोजेक्ट्स को अच्छी तरह से पूरा करेंगे।

**सिंह**
आज काम की अधिकता के बावजूद ऊर्जावान रहेंगे। प्रभावशाली लोगों से आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। छोटे बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में महिला सहकर्मी से झगड़ा हो सकता है। किसी रिश्तेदार के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। धन के लेन-देन में कुछ परेशानी हो सकती है।

**तुला**
जीवनसाथी के साथ मतभेद उभर सकते हैं। अहंकार की वजह से अपने सम्बन्धों को खराब न करें। उच्च अधिकारी आपसे कुपित हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
आप व्यवसाय की जटिलताओं को सुलझाने में व्यस्त रहेंगे। घर पर उत्सव का वातावरण रहेगा। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक समय का आनन्द उठायेंगे।

**धनु**
आप नये व्यवसाय की शुरूआत कर सकते हैं। मन में सकारात्मक विचार चलते रहेंगे। लम्बी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिये दिन अच्छा है।

**मकर**
विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। व्यापार विस्तार में कुछ रुकावट आ सकती है। गूढ़ विषयों का आप अध्ययन कर सकते हैं।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपको अत्यधिक ध्यान देना होगा। आलस्य की वजह से आपके काम अधूरे छूट सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में ताजगी कम हो सकती है।

**मीन**
अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाने के लिये आपको पुरस्कार भी मिल सकता है। आलस्य त्याग कर अपने काम पर फोकस करें। सभी समस्याओं का समाधान होगा।

# एक मौका दीजिए, बिहार में विकास होगा: तेजस्वी यादव



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को दानापुर विधानसभा क्षेत्र के दियारा के पतलापुर में आयोजित चुनावी सभा में महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील की. उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनती है, तो हर परिवार से एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी. तेजस्वी ने कहा एक मौका दीजिएगा तो नौकरी पक्की मिलेगी. उन्होंने कहा कि जनता अगर उन्हें मुख्यमंत्री बनाएगी, तो दानापुर दियारा की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा. उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही दियारा के तीन पंचायतों को पटना जिले में शामिल किया जायेगा. रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों की परेशानी को लेकर उन्होंने एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से बिहार बेरोजगारी, पलायन और महंगाई से जूझ रहा है. उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी तो युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और विकास की नई दिशा मिलेगी. तेजस्वी ने मंच से कहा कि दानापुर से राजद प्रत्याशी रीत लाल यादव को विधानसभा भेजें. उन्होंने कहा, जब ये विधायक बनकर विधानसभा पहुंचेंगे, तभी तेजस्वी मुख्यमंत्री बनेगा. आप लोग हमें मुख्यमंत्री बनाइएगा न. सभा स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी रही.

## हेलीकॉप्टर को इस बार ट्रैक्टर बनाकर छोड़ना है : तेजस्वी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को मनेर के गांधी मैदान इंडिया गठबंधन से राजद प्रत्याशी भाई वीरेंद्र के जीत के लिए चुनावी सभा को संबोधित करने पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पहुंचे। मनेर पहुंचकर उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमने पहले ही घोषणा कर दी है। हमारी सरकार बनी तो जिस परिवार में नौकरी नहीं है उस परिवार के एक सदस्य को नौकरी देंगे। आप उसके लिए तैयार रहिए और एकजुट रहिए। सभा मे जुटी भीड़ से तेजस्वी ने जानना चाहा कि इस बार भाई वीरेंद्र को कितनी मतों से आप सभी जीत दिला रहे है। जिस पर लोगों ने एक लाख से, तो तेजस्वी ने कहा कि मनेर ऐसी जगह है जहां जनता आगे रहती है और नेता पीछे रहते है। इसलिए जीत और हार के अंतर का मुकाबला मनेर और राघोपुर के बीच है। इस बार कौन किस विधानसभा से ज्यादा वोट से जीतता है। वहीं उन्होंने एनडीए के उम्मीदवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस बार हेलीकॉप्टर को ट्रैक्टर बनाकर छोड़ना है। इसलिए अपने चुनाव चिन्हन्न के निशान को याद रखना है।

## कल कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में पहुंचे गए श्रद्धालु, हल्दी छपरा अधिकांश घाट खतरनाक

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर के हल्दी छपरा संगम स्थल समेत आसपास के गंगा घाटों पर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी में डुबकी लगाने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मनेर पहुंचेंगे। हालांकि मनेर में अधिकांश गंगा घाट खतरनाक है। इसके अलावा हल्दी छपरा के पास गंगा नदी से लगातार कटाव भी हो रही है। जिसके कारण घाट और ज्यादा खतरनाक बन चुकी है। वहीं मंगलवार की शाम से ही काफी संख्या में औरंगाबाद, अरवल, पाली, बिक्रम एवं बिहटा के पुरुष पहुंचेंगे।


**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान सभा
Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 53, ठाकुर गंज | सउद आलम | | | ACJM 1st Kishanganj, GR Case No. 425/2024 Thakurganj P.S. Case No.64/2022, 23.09.2025 | U/s 131 of RP Act. 19151, सम्यक भर्तसना पर मुक्त किया गया | सम्यक भर्तसना पर मुक्त किया गया |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.


# आफताब आलम उतरे श्याम रजक के समर्थन में, विधायक गोपाल रविदास को बताया गुमशुदा

**फुलवारी में विकास मैंने किया है, सपना देखने से नेता नहीं बना जाता : श्याम रजक.**



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चुनावी माहौल गरम है, और फुलवारी के राजनीतिक समीकरण अब खुलकर सड़क पर दिखाई देने लगे हैं.विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच फुलवारीशरीफ क्षेत्र में एनडीए समर्थित प्रत्याशी श्याम रजक के समर्थन में नगर परिषद फुलवारी शरीफ के चेयरमैन आफताब आलम ने बड़ा बयान दिया. उन्होंने मौजूदा विधायक गोपाल रविदास को 'गुमशुदा' बताते हुए कहा कि 5 साल में फुलवारी को बेसहारा छोड़ दिया गया. 25 करोड़ विधायक फंड के बावजूद एक रुपये का काम नहीं हुआ. जनता परेशान रही और प्रतिनिधि गायब रहे. श्याम रजक ने जनसंपर्क के दौरान कहा कि सपने देखने से कोई नेता नहीं बनता. विकास करने से नेता बनता है. फुलवारी में जो भी काम दिख रहा है, वह मेरे दौर का है. सुशासन का लाभ हर युवा, हर वर्ग तक पहुंचा है. नीतीश कुमार ही फिर से बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे. उन्होंने कहा कि महिलाएं, युवा और हर वर्ग इस बार एनडीए के साथ मजबूती से खड़ा है. इस मौके पर नगर परिषद क्षेत्र और पुनपुन प्रखंड में भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीयगंज, नया वेला, इशोपुर सहित कई वार्डों के कार्यकर्ता शामिल हुए. रैली का रूट अजय चौक, पुनपुन से शुरू होकर दर्जनों पंचायतों व गांवों से गुजरते हुए शहीद कामेश्वर सिंह चौक तक पहुंचा. रास्ते में युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया.आफताब आलम ने कहा कि यह अभियान युवाओं को जोड़ने, सौहार्द का संदेश देने और फुलवारी में विकास की बहस को मजबूत करने के लिए आयोजित किया गया है.

## दानापुर जेल में बंद रीतलाल यादव के समर्थन में किया रोड शो, रीत लाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी व जेल में बंद रीत लाल यादव के समर्थन में सोमवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव रथ में सवार होकर रोड शो किया. रोड शो में जगह-जगह उनका स्वागत किया गया. कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से फूल बरसाया. सोमवार को सवा चार बजे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का सदभावना रथ पर सवार होकर रामजीचक से रोड शो शुरू किया. जो करीब 15 किमी तक रोड शो में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद रथ में बैठ हुए थे और शीशा भी बंद था. रथ के अंदर से ही लालू प्रसाद यादव अभिनंदन कर रहे थे. श्री यादव ने कहा कि दानापुर से रीत लाल यादव और दीघा से दिव्या को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए मतदाताओं से अपील किया. रोड शो में भारी संख्या में समर्थकों और वाहनों का काफिला शामिल था. राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रोड शो के आगे आगे राजद महासचिव केडी यादव , पटना महानगर उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी अरूण कुमार सिंह समेत कई नेताओं वाहन से चल रहे थे. रोड शो के दौरान राजद समर्थकों रामजीचक में भव्य स्वागत किया और नासरीगंज में जेसीबी पर सवार होकर समर्थकों ने फूल बरसायाा गया. कोर्ट के पास राजद समर्थकों ने भी स्वागत किया और तकियापर राजद के प्रधान सचिव मो अफरोज आलम व मौलवी हसन उर्फ मक्खन समेत आदि कार्यकताओं ने स्वागत किया. धीरे-धीरे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का रोड शो का काफिले दानापुर बस पडाव की ओर बढते जा रहा था. बस पडाव पर भी राजद समर्थकों ने भव्य स्वागत किया. इनके काफिले छावनी क्षेत्र होते हुए शाहपुर -दाउदपुर व छितनावां पुल तक गया और वहां मुबारकपुर कृषि फार्म, , मठियापुर, जमसौत, उसरी चौक, शिवाला चौक, कोठियां, सरारी गुमटी, मखदुमपुर, लखनीबिगहा, डीआरएम कार्यालयख लखपर, मोती चौक, चक्रदाहा मोड होते हुए जमालुद्दीनचक तक गया.रोड शो में शाहपुर व दाउदपुर में राजद नेता पप्पू यादव, बृज कुमार समेत अन्य कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया. रोड शो के दौरान दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग जाम हो गया और शाहपुर - दाउदपुर भी रोड जाम हो गया था. जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा था. सुरक्षा के लिए हर चौक-चौराहे पर अर्द्ध सैनिक बल व पुलिस बल तैनात थे.

## 12 बोर की तीन दो नाली बंदूक और एक राइफल बरामद

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पटना पुलिस लगातार अवैध हथियारों की बरामदगी को लेकर कार्रवाई में जुटी हुई है। जिसको लेकर पटना पुलिस ऑपरेशन जखीरा अभियान भी चल रही है ।जिसके तहत कई अवैध हथियार को जप्त किया गया है। कई कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार में किया गया है। इसी क्रम में नेउरा थानाक्षेत्र से पुलिस ने बीते रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अवैध हथियार को बरामद किया।जिसमें दो नाली 12 बोर के तीन बंदूक और एक राइफल को जप्त किया गया है। पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रात्रि नेउरा थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थानाक्षेत्र के बेला गांव निवासी राजनंदन प्रसाद ,विजय कुमार सिंह ,अजय कुमार सिंह एवं जनार्दन कुमार के घर पर अवैध हथियार रखा हुआ है सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापेमारी की गई। जहां पुलिस ने मौके से चारों के घर से कुल 12 बोर के दो नाली तीन बंदूक और एक राइफल को बरामद किया गया है जांच में पता चला कि सभी हथियार जम्मू कश्मीर राज्य के लाइसेंस पर लिया गया था। लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पटना जिला प्रशासन के तरफ से शक्त निर्देश है कि दूसरे राज्यों के लाइसेंस धारी हथियारों को जप्त करना है और उसकी जांच भी करनी है फिलहाल हथियारों को जप्त कर लिया गया है और जांच शुरू की गई है।




**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)
अभ्यर्थी का नाम और पता : **शशिशंकर कुमार उर्फ राजेश यादव (ग्राम- करमा, थाना-कुदरा, जिला- कैमूर)**
राजनैतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय जनता दल**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **210, दिनारा विधानसभा क्षेत्र**
मैं **शशिशंकर कुमार उर्फ राजेश यादव** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | एसीजेएम -I पटना | केस सं. 274/19 कोतवाली थाना पटना कांड सं. 22/2019 | लंबित | भा.द.वि धारा 147,149,188, 341,34, 504 प्रतिबंधित क्षेत्र में नाजायज मजमा बनाकर धरना प्रदर्शन करना |
| 2. | एसीजेएम -I पटना | गांधी मैदान थाना कांड सं. 241/20 | लंबित | भा.द.वि धारा269,270,188,143,145 लॉकडाउन का उल्लंघन एवं 3/4 लाउडीस्पीकर एक्ट |

| क्रम सं० | (ख) **आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



**Form C-1**

(for candidate to publish in Newspapers. TV)

**Declaration about Criminal Cases.**

(As per the Judgment dated 25th September. 2018 of Hon'ble Supreme Court WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name and Address of Candidate : **Rohit Kumar,** Vill-Shahpur, P.O.-Bhoja, P.S.-Chhaurahi, Distt.-Begusarai
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2055**
* Name of Constituency : **139-Rosera (SC)**
I, **Rohit Kumar**(Name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending Criminal Cases :**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dates | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | J.M 1ST Patna | 39/2020 | Pending | Sec. 354D, 504, 506, of IPC Stalking, Provoke breach of peace Criminal Intimidation |
| 2. | J.M 1st class Manjhaul | 27/22 | Pending | See147,323,341,504,506of-IPCrioting & voluntarily causing hurt |
| 3. | A.C.J.M. Manjhaul | 129/23 | Pending | Sec341,323,324,325,354B,393, 504,506 of IPC wrongful restraint, causing hurt by dangerous, weapons. grievous hurt,robbery |

*In the case of election to Council of states or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)
अभ्यर्थी का नाम और पता : **संतोष कुमार निराला**
राजनैतिक दल का नाम : **जनता दल यूनाइटेड**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **202, राजपुर(अ.जा.) विधान सभा क्षेत्र**

मैं **संतोष कुमार निराला** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-4 बक्सर | इटाढ़ी थाना कांड सं. 244/2020 | लंबित | धारा 171 (सी), 171 (एच),भा.द.वि 188 जनप्रतिनिधी अधिनियम |

| क्रम सं० | (ख) **आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरचुरवा में 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के गुरचुरवा रेलवे गुमटी के समीप सोमवार की रात एक 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान गुरचुरवा वार्ड संख्या 10 निवासी जोखू महतो के पुत्र झुना कुमार के रूप में हुई है। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि युवक की मौत हृदय गति रुकने से हुई है। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से लिखित बयान दिया गया है कि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले पर नजर बनाए हुए है। वहीं गांव में युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### दो मवेशी सहित हजारों की सम्पत्ति राख

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के सेमरा सगरदिना पंचायत अंतर्गत सगरदीना गांव में रविवार की देर रात अचानक आग लगने से एक टीन व फूस से बना घर सहित दो मवेशी एवं चालीस हजार रुपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर राख हो गई है। इस मामले को लेकर उक्त गांव निवासी अग्निपीड़ित विजय भगत पिता गजेन्द्र भगत ने इसकी सूचना थाना व अंचल को दिया है। घटना की सूचना मिलते ही सेमरा सगरदीना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोज साह घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिए। आग की चपेट में आने से एक बकरी व एक भैस का शरीर आधा जल गया है। वही घर में रखे अन्य सभी सामान जलकर राख हो गया। आग काफी भयंकर था जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बुझा दिया गया। उक्त जानकारी स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मनोज साह ने दिया। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंच कर अग्निपीड़ित से मुलाकात किया। वहीं अग्निपीड़ित को सहायता राशि मुहैया कराने की मांग अंचल प्रशासन से की है।



### अवैध शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोपतपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की रात दसौता पुल धोबी घाट के समीप छापेमारी कर अवैध शराब के साथ कोटवा थानाक्षेत्र के जसौली निवासी प्रदीप कुमार को 40 पीस रॉयल स्टेज अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। बरामद शराब की कुल मात्रा लगभग 30 लीटर बताई गई है। पुलिस के अनुसार शराब बोतलों में पैक थी और तस्करी के लिए ले जाई जा रही थी। छापेमारी के दौरान मौके से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग निकला। गिरफ्तार धंधेबाज ने भागे व्यक्ति का नाम चकिया थानाक्षेत्र के बांसघाट निवासी सरोज कुमार पिता भिखारी पासवान के रूप में हुई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया की दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हमारी जीत केसरिया की जनता की जीत : वरुण विजय

**मोतिहारी।(पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हमारी जीत जनता की जीत होगी क्षेत्र में होगा चौमुखी विकास। उक्त बातें 15 केसरिया विधान सभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित विकासशील इंसाफ पार्टी के कर्मठ, सुयोग एवं शिक्षित उम्मीदवार वरुण विजय ने जनता से जनसंपर्क के दौरान कहीं। साथ ही कहा की विगत 5 वर्षों में क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ है। विकास की गति को तेज करना है। हर क्षेत्र में विकास करना है। जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। वही साथ ही केसरिया की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने बेटा भाई को सेवा का मौका दें। हमारी जीत आप सभी केसरिया की जनता की जीत होगी। हमें हर क्षेत्र में चौमुखी विकास करना है। जिसका लाभ हर क्षेत्र हर समुदाय को मिले।



### रामनगर में मिनी स्कूल वैन में लगी आग

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर-नवगांवा मुख्य मार्ग पर धोखराहा पोखरा के समीप सोमवार को एक मिनी स्कूल वैन में अचानक आग लग गई। यह घटना नरकटियागंज थाना क्षेत्र के शेरवा डकहवा स्थित सरस्वती शिक्षा निकेतन स्कूल की वैन में हुई। बताया जाता है कि चलते वक्त वाहन में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके कारण देखते ही देखते वैन आग की लपटों में घिर गई।चालक सुजीत जायसवाल ने बताया कि वह रामनगर से स्कूल की गाड़ियों के लिए लगभग 80 लीटर डीजल लेकर जा रहा था, तभी अचानक आग लग गई। उन्होंने जैसे-तैसे गाड़ी से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी वैन धू-धू कर जलने लगी। सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम और अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# बिहार का चुनाव दिल्ली की राजनीति तय करेगा : अखिलेश यादव

- महागठबंधन प्रत्याशी मनोज यादव के समर्थन में मांगा वोट, बीजेपी पर जमकर बरसे
- पटना की रैली में बीजेपी का दूल्हा गायब, किसानों की दो गुना आमदनी का वादा मजाक बन गया



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद यादव ने सोमवार को मोतिहारी के कोटवा हाई स्कूल के खेल मैदान में जनसभा को संबोधित किया। ये जनसभा कल्याणपुर विधानसभा से महागठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुमार यादव के समर्थन में आयोजित की गई थी। सभा में अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला है।अखिलेश यादव ने कहा, बिहार का यह चुनाव सिर्फ राज्य का नहीं, बल्कि देश की राजनीति की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में इस बार बदलाव की लहर है। यहां के लोग बीजेपी की नीतियों से परेशान हैं और इस बार जनता ने ठान लिया है कि अब बदलाव जरूरी है। उन्होने कहा कि बिहार के युवा आज रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, जबकि बीजेपी केवल झूठी घोषणाएं कर उन्हें ठग रही है। तेजस्वी यादव युवाओं के लिए नौकरी ला रहे हैं। वहीं,बीजेपी फिर से झूठे वादों से जनता को उलझन में करने की कोशिश कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी सरकार के 'किसान सम्मान' के दावे पूरी तरह फेल साबित हुए हैं। किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा करने वाले आज किसानों को गरीबी की ओर धकेल रहे हैं। महंगाई आसमान छू रही है और किसान दिन-ब-दिन परेशान हो रहा है।अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि चीन एक तरफ हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है और दूसरी तरफ हमारे बाजार पर भी कब्जा कर रहा है। सरकार चुपचाप सब देख रही है।उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर लगातार टैरिफ बढ़ा रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार सिर्फ आंख झपकाकर सब कुछ स्वीकार कर रही है। बीजेपी की चुनावी रैली पर चुटकी लेते हुए अखिलेश ने कहा कि पटना में बीजेपी ने सबसे बड़ा शो किया था, लेकिन उस शो में चुनावी 'दूल्हा' ही गायब था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, दूल्हे को पता है कि चुनाव के बाद बीजेपी वाले माला नहीं, मायूसी पहनाने वाले हैं। जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने अखिलेश यादव के भाषण के दौरान तेजस्वी यादव और महागठबंधन के समर्थन में नारे लगाए।

## मधुबन विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक द्वारा मतदान कर्मियों को दिये जा रहे प्रशिक्षण का किया गया निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त मधुबन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक अहमद इकबाल के द्वारा सीएस डीएवी पब्लिक स्कूल बनकट में मतदान कर्मियों के दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनरों से जरूरी जानकारी प्राप्त की एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों से भी कई चीजों को लेकर प्रश्न किया गया । बिहार विधानसभा आम निर्वाचन -2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण द्वारा सीएस डीएभी पब्लिक स्कूल मोतिहारी के प्रांगण में चल रहे दूसरे स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन कल्याणपुर एवं पीपरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल के कर्मियों का प्रशिक्षण कमरा संख्या 1 से 30 में सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ । जिले के कुशल एवं योग्य मास्टर ट्रेनरों की संगठित टीम द्वारा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों, ईवीएम संचालन से जुड़ी हुई तकनीकी जानकारी एवं चुनाव के दौरान विभिन्न प्रकार के होने वाले कठिनाई से बचने की जानकारी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मॉक पोल, पीआरओ ऐप ,मॉक पोल के दौरान प्रतिस्थापन, पहले मतदाता के मतदान करने के पूर्व शून्य जांच, मतदान प्रारंभ सूचना ,वीटीआर, मतदान के दौरान प्रतिस्थापन, 100% वेव कास्टिंग ,डायरी एवं विजिट शीट, मतदान समापन एवं अंतिम मिलन कार्यक्रम ,सीलिंग एवं पावर पैक का प्रतिस्थापन ,पी आर ओ एप्प ,ऑनलाइन असेसमेंट के साथ -साथ चुनाव में प्रयुक्त मोहर, विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों की जानकारी दी गई । इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण प्रबंधन कोषांग के वरीय नोडल अधिकारी सह एडीएम ( लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती, सहायक समाहर्ता सुश्री प्रिया रानी,जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी , डीआईओ रविकेश कुमार, वरीय मास्टर ट्रेनर नागेंद्र प्रसाद ,रमेश कुमार ,कमलेश कुमार सिंह,पूनम कुमारी, प्रणव कुमार, शैलेंद्र मिश्रा, रामेश्वर राम ,रानी कुमारी, अंजना कुमारी ,रुमित रौशन, अभिनव आनंद, अरुण सिंह इत्यादि मौजूद थे।

## महिला के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष की सजा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिला का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए रेप एंड पोक्सो एक्ट के अनन्य विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार गुप्ता ने कांड के नामजद अभियुक्त शेख वसी अहमद को दोषी पाते हुए उसे उसे दस वर्ष कठोर करावास की सजा सुनाई है। वही उसके ऊपर पचास हजार रुपया जुमार्ना भी लगाया है सजायाफता शेख वसी अहमद गोपालपुर थाने के सोनबरसा गांव का रहने वाला है। रेप एंड पोक्सो एक्ट के अनन्य विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी ने बताया कि घटना 6 अक्टूबर वर्ष 2021 की है। पीड़िता का पति विदेश में नौकरी करता है। इसी क्रम में सजायाफ्ता पीड़िता के घर आने जाने लगा और उसके साथ रुपए का लेनदेन का कार्य करने लगा। पति के कहने पर ही रुपया का लेनदेन होता था। इसी क्रम में अभियुक्त ने घटना के रात्रि में पीड़िता के मुंह पर रूमाल रखकर उसे बेहोश कर दिया और उसे भागकर उत्तराखंड लेकर चला गया। इस


**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: : SitaRam Dukhari (S/O Yamuna Chandravanshi R/O-Pokhraha Post- Karma Pandey, P.S- Goh, Aurangabad)

Name of political party : Jan Suraaj Party
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency : 219, Goh

I Sita Ram Dukhari (name of candidate), a candidate for the Above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| (A) Pending criminal cases | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
| 1 | SDJM Daudnagar | Goh 106/19 | Appearing | Section 447, 188, 353, 506 IPC, Insulting & Obstructing Government Work |

| (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | | |
|---|---|---|---|
| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.


## रक्सौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने इवीएम कमीशनिंग का लिया जायजा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 10-रक्सौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री मयंक अग्रवाल के द्वारा रक्सौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर एसएसबी कैंप हवाई अड्डा मैदान,रक्सौल में चल रहे ईवीएम कमीशनिंग का जायजा लिया गया। उनके द्वारा इस अवसर पर कमिश्निंग कार्य में लगे हुए कर्मियों/ पदाधिकारी से सभी चीजों की जानकारी प्राप्त की गई। कमीशनिंग के दौरान रक्सौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर सह एसडीएम श्री मनीष कुमार,सहायक निवार्ची पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। यहां से निकलकर प्रेक्षक महोदय रक्सौल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 10-11 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैरो भगत सिसवा, मतदान केंद्र संख्या 17 - 18 उत्क्रमित मध्य विद्यालय भारत माही तथा मतदान केंद्र संख्या 23- 24 मध्य विद्यालय हरदिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपलब्ध सभी न्यूनतम आवश्यकताओं की जांच की गई। प्रेक्षक महोदय के द्वारा वहां स्थानीय जनता से मिलकर मतदान के विषय में जानकारी प्राप्त की गई एवं सभी मतदाताओं से आगामी 11 नवंबर को बिना प्रलोभन के, बिना भय के निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। यहां से निकलकर प्रेक्षक भेलाही चौक स्थित एसएसटी चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। यहां पर कार्यरत पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से सभी जरूरी जानकारी प्राप्त की गई एवं निर्वाचन की महत्ता को देखते हुए स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सघन रूप से सभी वाहनों की छानबीन करने तथा रोको-टोको को गति देने का निर्देश दिया गया।

**विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर एएमएफ की ली जानकारी**



## मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, पिता-पुत्र गिरफ्तार



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्वबेतिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बेतिया एंव बगहा पुलिस के संयुक्त छापामारी में लौरिया थाना क्षेत्र से पुलिस टीम ने रविवार की रात डुमरा देवराज में मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस डुमरा देवराज निवासी शंकर शर्मा व उनके पुत्र अजय शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। बेतिया सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि सूचना मिली थी कि लौरिया थाना के देवराज में गुप्त तरिके से हथियार बनाने का कार्य किया जा रहाहै। सूचना के आधार पर एसपी ने सूचना का सत्यापन का निर्देश दिया। सूचना सत्यापन के बाद सदर एसडीपीओ विवेक कुमार दीप, नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, रामनगर की एसडीपीओ रागनी कुमारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि छापामारी के दौरान टीम ने घेराबंदी करते हुए डुमरा देवराज शंकर शर्मा के घर पर छापामारी की जहां से मीनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि दोनों काफी दिनों से अपने घर में चोरी छुपे हथियार का निर्माण करते थे। सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि मौके से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक एकनाली बंदूक, एक अर्धनिर्मित पिस्टल, पांच कारतूस, एक मिस फायर कारतूस, एक खाली कारतूस, पिस्टल का एक मैगजीन, पिस्टल का बैरल, नौ पीस पिस्टल व कट्टा का हैमर, चार पीस ट्रिगर, 24 पीस पिस्टल कट्टा का स्प्रिंग गाइड, लोहा छेद करने वाला एक वर्मा, लंबाई मापने वाला एक गज, दो पीस राइफल का शेयर, हथियार कसने वाला यंत्र, एक हथौड़ी, एक रेती, चार हैंड ड्रिल, दो पीस स्लाइड लॉकिंग, बैरल का कटा भाग एक, हथियार की मोटाई मापने वाला दो डाई, बैरल की सीधाई मापक एक यंत्र, दो पीस बैरल क्लीनिंग रड, एक ड्रीड, दो लॉन्ग फ्लायर, एक पीन, एक सेफ्टी शेयर, एक स्क्रू ड्राइव प्लस, एक पेचकस जब्त किया गया है। यहां बने हथियारों की सप्लाई जिले के अलावा पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी में की जाती थी। एसडीपीओ ने बताया कि टीम में लौरिया थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा, रामनगर थानाध्यक्ष दीपक कुमार, गोवर्धना थानाध्यक्ष, डीआईयू के दारोगा इंद्रजीत पासवान, ओम प्रकाश, लौरिया के अपर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, लौरिया थाना की दारोगा निशि कुमारी, सौरभ कुमार व डीआईयू के पुलिस जवान शामिल रहे।


**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)
अभ्यर्थी का नाम और पता : **सत्येन्द्र साह**
राजनैतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय जनता दल**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **208, सासाराम**

मैं **सत्येन्द्र साह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूंः

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सासाराम | सासाराम (नगर) थाना काण्ड सं. 259/2020, | अंडर ट्रायल | धारा 309. भा.द.वि. एवं 27 शस्त्र अधि०, आत्महत्या के प्रयास एवं गोला बारूद रखना |
| 2. | न्यायालय सब जज VI सासाराम (मु.) | सासाराम (मु.) थाना काण्ड सं. 1008/2010 | अंडर ट्रायल | धारा 188, 341, 504, 171 (A) भा.द.वि. एवं 35RI एक्ट, घातक हथियार से लैश एवं लोक सेवक द्वारा बातों का अवहेलना |
| 3. | गढ़वा मुख्य न्या० दण्डाधिकारी गढ़वा | गढ़वा थाना काण्ड सं. 320/2004 | अंडर ट्रायल | गढ़वा थाना काण्ड सं. 320/2004 गढ़वा, धारा 395, 397, 120 (B) भा.द.वि., डकैती या लूट जैसा अपराध करना, घातक हथियार का उपयोग |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# जहानाबाद जिले की सभी तीन विधानसभा सीटों पर दिख रही कांटे की टक्कर

**▶ दलगत प्रभाव से ज्यादा जातिगत समीकरण दिख रहा हावी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार में विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार धीरे- धीरे जोर पकड़ने लगी है। 11 नवंबर को दूसरे चरण में 122 सीटों पर होने वाले चुनाव में जहानाबाद जिले की सभी तीन सीटों पर राजनीतिक समीक्षकों की भी पैनी नजर है। जिले के सभी तीन सीटों पर महागठबंधन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर की उम्मीद की जा रही है। हालाकि जन सुराज पार्टी के बिहार के राजनीति में आने के साथ कई सीटों पर दोनों गठबंधन के विद्रोहियों के तेवर से मुकाबला यहां रोमांचक होने का कयास लगाया जा रहा है ।

चुनाव में अगर अंकों के गणित की बात की जाए तो जहानाबाद जिले की सभी तीन सीटें जहानाबाद, घोसी और मुखदुमपुर (सुरक्षित) पर महागठबंधन का अब तक कब्जा है। जहानाबाद और मखदुमपुर (सुरक्षित) सीट पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और घोसी विधानसभा सीट पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) का कब्जा है।देखा जाए तो जहानाबाद विधानसभा सीट पर इस बार के चुनाव में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। पूर्व विधायक मुंद्रिका सिंह यादव के पुत्र और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक इस बार अरवल जिले की कुर्था से चुनाव लड़ रहे हैं। राजद ने यहां पूर्व सांसद जगदीश शर्मा के पुत्र और घोसी के पूर्व विधायक राहुल कुमार को चुनावी दंगल में उतारा है। राहुल कुमार ने हाल ही में जनता दल यूनाईटेड (जदयू) से नाता तोड़कर राजद का दामन थामा है।वहीं जदयू ने यहां पूर्व सांसद चंद्रेश्वर चंद्रवंशी पर भरोसा जताते हुये उन्हें चुनावी अखाड़े में उतारा है। वर्ष 2020 के चुनाव में इस सीट पर राजद के सुदय यादव ने जदयू उम्मीदवार और तत्कालीन शिक्षा मंत्री तथा घोसी के तत्कालीन विधायक कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा को मात दी थी। इस चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज इंदु कश्यप ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा। इसके पहले दिवंगत मुंद्रिका सिंह यादव ने यहां दो बार वर्ष 1995 और 2015 में जीत हासिल की है। उनके निधन के बाद वर्ष 2018 में हुये उप चुनाव में उनके पुत्र सुदय यादव ने जीत हासिल किया। जहानाबाद की राजनीति में यादव और भूमिहार जातियों का वर्चस्व रहा है। जातिगत समीकरण यहां के चुनाव परिणामों को निर्णायक रूप से प्रभावित करते हैं। इस बार मौजूदा चुनाव में जहानबाद सीट पर 11 प्रत्याशी चुनावी दंगल में उतरे हैं। जिसमें जन सुराज पार्टी से अभिराम सिंह और निर्दलीय रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा उल्लेखनीय हैं।

**पिछले 4 दशक में पहली बार जगदीश शर्मा और उनके परिवार के बिना होगा घोसी चुनाव**

घोसी विधानसभा सीट की तो यहां से भाकपा माले ने विधायक रामबली सिंह को चुनावी दंगल में उतारा है, जो तीसरी बार यहां से चुनावी दंगल में उतरे हैं। वहीं भूमिहार लॉबी को ध्यान में रखकर जदयू ने यहां से पूर्व सांसद अरूण कुमार के पुत्र ऋतुराज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2020 में भाकपा माले उम्मीदवार रामबली सिंह ने जदयू उम्मीदवार राहुल कुमार को सियासी संग्राम में मात दी थी। हालाकि घोसी विधानसभा सीट पर जगदीश शर्मा का राजनीतिक वर्चस्व रहा है। वर्ष 1977 से 2015 तक जगदीश शर्मा और उनके परिवार के सदस्यों ने यहां से जीत दर्ज की।जगदीश शर्मा ने घोसी की राजनीति पर लगभग चार दशक तक अपना एकाधिकार बनाए रखा। 1977 से 2009 तक जगदीश शर्मा लगातार आठ बार विधायक चुने गए। जगदीश शर्मा वर्ष 2009 में जहानाबाद से सांसद चुने गये। हालांकि वर्ष 2015 में राहुल शर्मा को हार का सामना करना पड़ा। करीब चार दशक में यह पहली बार है कि इस सीट पर जगदीश शर्मा के परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं लड़ रहा है।घोसी विधानसभा सीट पर 11 प्रत्याशी चुनावी दंगल में जोर आजमा रहे हैं।

**मखदुमपुर सीट पर कई दिग्गजों ने अब तक किया है प्रतिनिधित्व**

मखदुमपुर (सुरक्षित) से राजद ने इस बार विधायक सतीश कुमार को बेटिकट कर दिया है। राजद ने यहां से पूर्व विधायक सूबेदार दास पर दांव लगाया है।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के टिकट पर जिला परिषद की वर्तमान चेयरमैन रानी कुमारी प्रत्याशी हैं।वर्ष 2020 में राजद के सतीश कुमार ने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी (अभी केन्द्रीय मंत्री) के दामाद देवेंद्र कुमार को पराजित कर दिया था। इससे पूर्व वर्ष 2015 के चुनाव में राजद प्रत्याशी सूबेदार दास ने हम उम्मीदवार जीतन राम मांझी को परास्त किया था। हालाकि वर्ष 2010 में जीतन राम मांझी ने यहां से जीत दर्ज की थी।मखदुमपुर विधानसभा सीट पर हर बार सत्ता और विपक्ष दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी रहती है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, पूर्व मंत्री सुखदेव प्रसाद वर्मा और पूर्व मंत्री बागी कुमार वर्मा जैसे दिग्गज चुनाव जीत चुके हैं। मखदुमपुर से वर्ष 2010 में विधायक रहते जीतन राम मांझी बिहार के मुख्यमंत्री बने थे।कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राम जतन सिन्हा ने यहां तीन बार जीत हासिल की है। इस सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता रामाश्रय प्रसाद सिंह भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।यही वजह है कि हर चुनाव में मखदुमपुर सीट पर रोमांच चरम पर रहता है। यहां का जातीय समीकरण भी अहम है, क्योंकि भूमिहार मतदाताओं के बहुलता के साथ ही दलित,पासवान और मांझी समाज के वोटरों का दबदबा रहता है। इस सीट पर इस बार के चुनाव 9 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। इस बार दोनों गठबंधन के बीच कांटे का मुकाबला यहां देखने को मिलेगा।

# डीडीसी ने की गैस वेंडरों से मतदाताओं को जागरूक करने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर 11 नवंबर को लोकतंत्र के महापर्व मे शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति द्वारा गैस सिलेंडर पर मतदाता जागरूकता स्टीकर चिपका कर मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए स्टीकर चिपकाने का मुख्य उद्देश्य है कि गैस सिलेंडर प्रत्येक घरों मे जाता है, जिससे मतदाताओं को 11 नवंबर मतदान दिवस की जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि लगभग सभी घरों मे अब एल.पी.जी. गैस सिलेंडर का उपयोग खाना बनाने मे किया जाता है, जब मतदाताओं के घरों मे गैस सिलेंडर पहुंचेगा तो मतदान का भी संदेश प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि जब भी मतदाता अपने रसोई मे खाना बनाने जाएंगे तो उन्हें मतदान करने का संदेश प्राप्त होगा। इसके साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने हेतु गैस सिलेंडर के वाहनों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर लगाया गया तथा गैस सिलेंडर डिस्ट्रीब्यूटर वाहन मे जींग्ल बजाते हुए वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। गैस सिलेंडर डिस्ट्रीब्यूटर एवं हॉकरों से उप विकास आयुक्त द्वारा अपील किया गया कि वह घर-घर सिलेंडर डिस्ट्रीब्यूशन के क्रम में मतदाताओं को 11 नवंबर को मतदान करने हेतु जागरूक करें। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु गैस सिलेंडर पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाने में वरीय नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम तेज नारायण राय, अपर समाहर्ता, विशेष जांच विनय कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग सह जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी विजेता रंजन, वरीय उप समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी होमा इरफ़ान, वरीय उप समाहर्ता नेहा, डी. पी. ओ., नमामि गंगा सह जिला स्वीप आईकान अमित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी कामरान ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड और घोषणा पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक और वर्तमान में निर्दलीय प्रत्याशी मो कामरान ने पिछले पांच वर्षों में जनता से किए गए अपने वादों का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। नवादा में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान मो कामरान ने कहा कि मैंने पिछले विधानसभा चुनाव में जनता मालिक से 16 कार्यों को पूरा करने का वादा किया था जिसमें 13 कार्यों को मैंने पूरा कर लिया । तीन कार्य को पूरा नहीं कर सका, जिसके लिए हमें खेद है। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज का निर्माण करने के वादे को पूरा नहीं कर पाया। इसके साथ-साथ रोह बाजार में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा नहीं खुलवा पाई और दूसरे रोह प्रखंड को रजौली अनुमंडल से हटाकर नवादा अनुमंडल में शामिल करने के वादे को भी नहीं पूरा किया। इसके अलावा मैंने 13 ऐसे कार्य किया जो पूरा हुआ और जिससे जनता मालिक को काफी राहत मिला है। पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे यह नहीं पता कि किस कारण से मेरा टिकट कटा, लेकिन जनता मालिक ने मुझे जिस तरीके से अपना समर्थन देकर उम्मीदवार बनाया है। अगर मैं फिर से विधानसभा पहुंचा तो पुराने वादों के साथ-साथ नई घोषणा पत्र के वादों को भी पूरा करने का कार्य हमारे द्वारा किया जाएगा । उन्होंने सिंचाई में वर्ष 2021-22 से लेकर 24 25 तक कराए गए कार्य, सड़क निर्माण में कराए गए कार्य के साथ-साथ कई ऐसे कार्यों को भी उन्होंने पूरा करने का बात कही है, जिससे जनता को काफी राहत मिली है। मो कमरान ने प्रेस वार्ता में कहा कि धार्मिक स्थलों का बिना भेदभाव का कायाकल्प कराए हैं जो कि निजी वेतन से दी गई है। गोविंदपुर में कमीशन खोरी समाप्त कराया गया है। आपातकालीन सुविधाओं से लैस अस्पताल बनाने की बात मैंने की थी उसे पूरा किया। जनउपयोगी कार्य को संपूर्ण वेतन अर्पित किया। गांव से गांव को जोड़ने वाली सड़क को पक्की बनवाया। ककोलत जलप्रपात का सौंदर्यीकरण भी कराई। किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था कराई। गोविंदपुर में एलइडी स्ट्रीट लाइट लगवाने का काम किया। एंबुलेंस उपलब्ध करवाई। नए ट्रांसफर भी लगाए, टूटे विद्युत तार को बदलवाने का काम किया। नए स्कूल बनवाया, जरूरतमंद मरीजों को अस्पताल से जुड़े कार्यों में मदद कराया। ऐसे कई कार्य हुए जिससे जनता को काफी राहत महसूस हुई है। प्रेस वार्ता के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी मो कामरान ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी के साथ-साथ बिजली, पर्यटन, सार्वजनिक सेवा, शिक्षा, जन सेवा जैसे कई कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के विधायक निधि से भी कई कार्य कराए गए हैं । उन्होंने कहा कि कुल 101 कार्यों को कराया गया जिससे लगभग 16 करोड़ 74 लाख 31800 खर्च हुए हैं। नई घोषणा पत्र में निर्दलीय प्रत्याशी ने कहा है कि प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में चिल्ड्रन पार्क, नाना नानी स्पॉट बनाया जाएगा। डिग्री कॉलेज की स्थापना होगी। मिनी स्टेडियम का निर्माण होगा। कोल महादेव डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराया जाएगा। मछिंद्र डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक रोह प्रखंड को रजौली अनुमंडल से नवादा अनुमंडल में शामिल नहीं किया जाता तबतक मैं अपने खर्चे से सप्ताह में 2 दिन बस का आवागमन रोह से रजौली तक करने का काम करूंगा। साथ ही उन्होंने नए सामुदायिक भवन को निर्माण करने, चापाकल लगवाने, खेल सामग्री का वितरण करने, धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करने सहित कई कार्यो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। जिसे अपने संकल्प पत्र में जारी किया है। इस मौके पर कांग्रेस नेता रहे डॉ के पी सिंह भी साथ में थे। उन्होंने मो कामरान को सहयोग देने की घोषणा की।

# हुलासगंज और घोसी प्रखंड में निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन ने खोला चुनाव कार्यालय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। घोसी विधानसभा को न बाहरी प्रत्याशी चाहिए और नहीं पैराशूट से उतारे गए उम्मीदवार। घोसी को उसके स्थानीय बेटे और घर के लोग ही संवार सकते हैं। उक्त बातें जहानाबाद जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र में घोसी बाजार और हुलासगंज बाजार में अपने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन ने कही। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा की घोसी विधानसभा का यह चुनाव बाहरी बनाम स्थानीय लोगों की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया कि महागठबंधन और एनडीए दोनों ही गठबंधन की ओर से बाहरी प्रत्याशी उतारे गए हैं। उन्होंने स्वयं को स्थानीय और घर का बेटा बताते हुए कहा कि सुख-दुख में हमेशा साथ रहने वाले को ही मतदाता इस बार चुनेंगे। उन्होंने घोसी बाजार में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कहा कि हर गांव, कस्बे में उन्हें अपार समर्थन मिल रहा है, जिससे लगता है कि महागठबंधन और एनडीए दोनों प्रत्याशियों का यहां से चुपड़ा साफ होना तय है। अपने उम्मीदवारी के पक्ष में बोलते हुए उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से इस क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और जनता के सुख-दुख हर परिस्थितियों में उनके साथ खड़े रहे हैं। हुलासगंज बाजार में राजेश रंजन ने लोगों को संबोधित करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि घोसी का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य होगा। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया की घोसी विधानसभा का 14 तारीख को आने वाला परिणाम आश्चर्यजनक होगा और उनकी जीत निश्चित रूप से यहां से होगी। जैसा कि मालूम हो राजेश रंजन एनडीए के संयोजक और हम पार्टी के तेलंगाना प्रभारी सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। लेकिन चुनाव के ऐन वक्त पर उन्हें टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है और चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: : Anand Shankar Singh
R/O- Vill- Raypura, P.O- Ramvilash Nagar, P.S- Aurangabad, Muffasil, Dist- Aurangabad, (B.H)

Name of political party : Indian National Congress
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency : 223, Aurangabad

I Anand Shankar Singh (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Investigation ongoing | Town P.S Case No. 479/25 on Dated 05.08.2025 | Investigation ongoing | 352,79,318 (4) of B.N.S 2023 & 67 of it act regarding publicizing the party manifesto |
| 2 | Bail Granted by ACJM XIV Patna on 08.08.2025 (Investigation ongoing) | Buddha Colony P.S. Case No. 341/24 on Dated 25.07.2024 | Investigation ongoing | 191 (2), 190, 115 (2), 125(A), 132, 121(1), 223 of B.N.S 2023 regarding the protest |
| 3 | Investigation ongoing | Town P.S Case No. 428/20 on Dated 29.11.2020 | Investigation ongoing | 147, 341,323, 504,506,149 of I.P.C 1860 Allegation of assault along with supporters |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Nil | Nil | Nil |
| 2 | Nil | Nil | Nil |
| 3 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and up to two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: Nitu Kumari
VILL+Post+P.S – Narhat (Nawada)
Name of political party : INDIAN NATIONAL CONGRESS PARTY
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency : 236, HISUA CONSTITUENCY

I Nitu Kumari (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM NAWADA | AKBARPUR P.S.CASE NO.244/2010 | PENDING | 188 I.P.C. AND 133 R.P. ACT, DISOBEDIENCE TO ORDER DULY PROMULGATED BY PUBLIC SERVANT AND PROCURING OF CONVEYANCE AT ELECTIONS. |
| 2 | ACJM NAWADA | NAWADA P.S. CASE NO.-111/2009 | PENDING | 188, 171 (C) I.P.C. AND 3 OF S.V.N.ACT DISOBEDIENCE TO ORDER DULY PROMULGATED BY PUBLIC SERVANT AND WEARING GRAD. |
| 3 | SDJM NAWADA | NARHAT P.S. CASE NO. 101/2014 | PENDING | 341, 323, 504 I.P.C ASSAULT AND ABUSED |
| 4 | ACJM NAWADA | 4. AKBARPUR P.S. CASE NO.- 57/2006 | PENDING | 25(1-8), 26 ARMS ACT. SECRET CONTRAVENT IONS. |
| 5 | ADJ IV NAWADA | Hisua P.S. Case No.477 of 2025 | PENDING | 3(1) SC/ST Act. ATROCITY WITH SCHEDULE CASTE |
| 6 | CJM NAWADA | Case 287/2017, GR CASE NO.6309/2017 | PENDING | 406, 468, 471, 420 I.P.C. CHEATING |
| 7 | SMT. SANGEETA KUMARI, JM 15 CLASS NAWADAS | CIVIL LINES P.S. CASE NO-125/2017 | PENDING | 171 IPC AND 133 R.P. ACT WEARING GRAB |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Nil | Nil | Nil |
| 2 | Nil | Nil | Nil |
| 3 | Nil | Nil | Nil |
| 4 | Nil | Nil | Nil |
| 5 | Nil | Nil | Nil |
| 6 | Nil | Nil | Nil |
| 7 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र-पुत्री को रौंदा, मासूम बच्ची की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र के भंडारी गांव के पास सरमेरा–बिहटा मुख्य हाईवे-78 पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से करीब 10 वर्षीय नित्या कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता नीतीश कुमार और भाई ढोलू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मृतका नित्या कुमारी, चंदूआरा गांव निवासी नीतीश कुमार की पुत्री थी। नीतीश कुमार और उनका पुत्र ढोलू अभी अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। परिवार के अनुसार, नीतीश कुमार अपनी बेटी नित्या और बेटे ढोलू को बाइक से बिहारशरीफ स्थित स्कूल लेकर जा रहे थे। जैसे ही वे भंडारी मोड़ के पास पहुँचे, सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर जा गिरे और नित्या की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा और पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन बड़ी संख्या में जुट गए। आक्रोशित भीड़ ने मृतका के शव के साथ सरमेरा–बिहटा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और मुआवजा तथा ट्रक चालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। करीब दो घंटे तक चले जाम से यातायात पूरी तरह ठप रहा। सूचना मिलने पर रहुई थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर जाम हटवाया। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता काफी कम थी। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है और फरार ट्रक चालक की पहचान के लिए जांच जारी है।

## अहियापुर–मौआरी सड़क बदहाल, विकास की राह में रोड़ा; ग्रामीणों में बढ़ रही नाराज़गी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र की अहियापुर–मौआरी मुख्य सड़क लम्बे समय से जर्जर हालत में पड़ी है। टूटी सड़क की वजह से दैनिक आवागमन तो प्रभावित है ही, स्कूली छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण बताते हैं कि मौआरी होकर पचरुखिया बाज़ार की दूरी इसी मार्ग से सबसे कम पड़ती है, लेकिन सड़क की बदहाली ने पूरे इलाके को मानो पंगु बना दिया है। अहियापुर, आजाद बिगहा सहित आसपास के कई गांवों के लोग वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि "आजादी से अब तक इस रास्ते की किस्मत नहीं बदली। जितने जनप्रतिनिधि आए—सबने सिर्फ़ आश्वासन दिया, काम किसी ने नहीं कराया।" जानकारी के अनुसार, लगभग तीन वर्ष पहले इस सड़क के निर्माण की जिम्मेदारी जय मां कॉन्ट्रैक्शन को मिली थी। कंपनी ने निर्माण कार्य की शुरुआत तो की, परंतु बीच में ही काम अधूरा छोड़कर चले गई। तब से आज तक किसी स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीण यह भी सवाल उठा रहे हैं कि सरकार की उस महत्वाकांक्षी योजना का क्या हुआ, जिसके तहत हर पंचायत मुख्यालय को गांव से और एक पंचायत को दूसरी पंचायत से जोड़ने की बात कही गई थी? पंचायत प्रतिनिधियों पर आरोप है कि योजनाओं के बावजूद वे इस सड़क को बनवाने में पूरी तरह विफल रहे। पूर्व पंचायत समिति सदस्य महेंद्र राजबंशी, शिवनंदन राजबंशी, देवेंद्र राजबंशी, राजेंद्र राजबंशी, संजय राम, बालचंद राम, सखीचंद राजबंशी, केदार राजबंशी, बीरा राम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि सरकार चाहे जितने विकास के दावे कर ले, पर अहियापुर गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। ग्रामीणों की उम्मीदें आज भी कायम हैं। उनका कहना है—"कोई तो आएगा जो हमारा तारणहार बनेगा और इस सड़क को हमारे लिए जीवनरेखा बनाएगा।"

## चुनाव के मद्देनज़र ब्राह्मण समाज की बैठक, सम्मान देने वाले प्रत्याशी को समर्थन का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। विधानसभा चुनाव की आहट के बीच ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक रफीगंज के विद्युत सब-स्टेशन परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन मग विद्वत परिषद देव धाम औरंगाबाद प्रखंड इकाई मदनपुर एवं रफीगंज के संयुक्त बैनर तले हुआ। बैठक की अध्यक्षता राजकिशोर पाठक तथा संचालन उमादत्त मिश्र ने किया। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने स्पष्ट कहा कि वर्षों से समाज की उपेक्षा होती रही है, जबकि रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के दोनों प्रखंडों में ब्राह्मण समाज के लगभग 30,000 मतदाता हैं। वक्ताओं ने कहा कि इस बार समाज अपने सम्मान से कोई समझौता नहीं करेगा। समाज ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जो भी प्रत्याशी ब्राह्मण समाज को उचित सम्मान देगा, उसी के पक्ष में एकजुट होकर मतदान किया जाएगा। निर्णय को अंतिम स्वरूप देने के लिए 6 नवंबर को पुनः इसी मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में लालभूषण मिश्र, धनंजय पाठक, शैलेश पाठक, अमरेन्द्र कुमार पांडेय, साकेत मिश्र, प्रविंद्र मिश्र, साकेत कुमार पाठक, सुनील कुमार मिश्र, दुर्गेश कुमार पाठक, संतोष मिश्र, अजित कुमार मिश्र, रंजीत मिश्र, कौशल मिश्र, वेद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# मध्य विद्यालय पतेया में पेयजल के अभाव में पानी पीने घर चले जाते हैं बच्चे

**विद्यालय में जर्जर अवस्था में है शौचालय, विद्यालय में विषयवार नहीं हैं शिक्षक**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद**। राज्य सरकार सरकारी विद्यालयों के स्थिति सुधारने के लिए तमाम प्रयास कर रही है परंतु स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। सरकारी विद्यालयों में संसाधन का काफी अभाव है। अधिकांश विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था नहीं है तो कहीं शौचालय जर्जर अवस्था में है। औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड राजकीय मध्य विद्यालय में पेयजल व शौचालय की उचित व्यवस्था नहीं है। छात्र-छात्राएं पानी पीने व शौच के लिए घर चले जाते हैं। विद्यालय में बने शौचालय में न तो दरवाजा है और न ही पीने के पानी की कोई व्यवस्था है। ऐसे में मुख्य रूप से छात्राओं को शौच के लिए समस्या उत्पन्न होती है। यहां तक की विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है। विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। बच्चे पेयजल व शौच के लिए घर चले जाते हैं। ग्रामीण राजा ठाकुर, अजीत चंद्रवंशी, पंचम सिंह, अरविंद सिंह बतातें हैं कि विद्यालय परिसर में पेयजल का घोर अभाव है। विद्यालय मंदिर में हमेशा गंदगी लगा रहता है। विद्यालय में पहले से जो शौचालय बना था वह काफी दिनों से जर्जर हालात में है। शौचालय बनाने के प्रति अधिकारियों का ध्यान नहीं है। बता दें कि विद्यालय में विषयवार शिक्षक भी नहीं है। विषयवार शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में काफी परेशानी होती है। वहीं 110 बच्चे नामांकित हैं। प्रतिदिन 60 से 70 की संख्या में बच्चे प्रतिदिन विद्यालय पहुंचते हैं। यहां तक की विद्यालय में चारदीवारी की व्यवस्था नहीं है। चारदीवारी नहीं होने के कारण बच्चे पूरी तरह से असुरक्षित हैं। विद्यालय के बगल में एक तालाब हैं जो पूरी तरह से भरा है। बच्चे खेलते हुए तालाब के पास चले जाते हैं। ऐसे में बच्चों को तालाब में गिरने की संभावना बनी रहती है। अगर इस क्रम में किसी तरह की घटना घट जाती है तो इसकी जिम्मेवारी कौन लेगा। इधर बच्चों को बैठने के लिए दरी तक की भी व्यवस्था नहीं की गई है। बच्चे अपने घर से बोरा लेकर आते हैं इतना होने के बावजूद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। इधर प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार पाल ने बताया कि विद्यालय परिसर में शौचालय बनाया गया था परंतु रखरखाव के अभाव में शौचालय जर्जर अवस्था में है। बताया कि विद्यालय परिसर में शौचालय, पेयजल की व्यवस्था करने व चहारदीवारी निर्माण को ले वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है जल्द ही शौचालय व पेयजल का निर्माण कराया जाएगा।


**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 33 - Khajauli | Shri Arun Shankar Prasad | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, मधुबनी जयनगर थाना काण्ड सं.– 393/20 Pending | 188, 171 F भा.द.वि. 27(A) आर.पी.एक्ट | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 203 - Ramgarh | Shri Ashok Kumar Singh | श्रीमति कृतीका द्विवेदी, न्या. द. प्रथम श्रेणी परिवाद पत्र सं. 1355/2015 Pending | U/S 420 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 219 - Goh | Dr. Ranvijay Kumar | अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर GR No. 867/2020, TR No. 2925/24 Daudnagar P.S. Case no. 243/2020 Pending | U/s 143, 188, 269 & 270, 271 / 34 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 35 - BISFI | Sri Hari Bhushan Thakur | ACJM - Madhubani Rahika PS Case no. 202/25 Pending | U/s 191(2), 191(3), 126(2), 127(2), 115(2), 352, 351(2) BNS | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

## अमौर विधानसभा की सीट पर कड़ा संघर्ष

# टूटे भरोसों व नए समीकरणों ने मुकाबले को बना दिया है अब तक का सबसे पेचीदा रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**






**अमौर/पूर्णिया।** सीमांचल की सियासत में अमौर विधानसभा इस बार किसी रणभूमि से कम नहीं। यह वह जमीन है जहाँ सियासी जमातें वादों की झड़ी लगा रही हैं, मगर मतदाता अब केवल नारों से नहीं, विश्वसनीयता और वफादारी की कसौटी पर नेताओं को तौलने के मूड में हैं। 2025 का यह चुनाव यहाँ की राजनीति के लिए सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि साख और स्थायित्व के परीक्षण का चुनाव बन चुका है।

2020 के विधानसभा चुनाव में अख्तरुल ईमान ने 94,459 मत पाकर इतिहास रच दिया था। यह जीत सिर्फ आंकड़ों की नहीं, बल्कि सीमांचल में ओवैसी के बढ़ते प्रभाव का राजनीतिक सन्देश थी। दूसरी ओर, जदयू के सबा जफर को 41,944 और कांग्रेस के अब्दुल जलील मस्तान को 31,863 वोट मिले थे। यही तिकड़ी 2025 के रण में फिर आमने-सामने है— मगर इस बार मैदान में एक नया खिलाड़ी भी है, जन सुराज के अफरोज आलम, जो सत्ता के इस पारंपरिक समीकरण में तीखी सेंध लगाने की तैयारी में हैं।

अफरोज आलम अपने 'जनता की राजनीति, जनता के हक की बात' वाले अभियान के सहारे न सिर्फ युवाओं में असर डाल रहे हैं, बल्कि शहरी मतदाता और पहली बार वोट देने वाले तबके में नई राजनीति का विकल्प बनते दिख रहे हैं। यह प्रभाव भले सीमित हो, पर मुकाबले के गणित में बड़ा फर्क डालने की क्षमता रखता है।

इस बीच, सीमांचल के मुद्दों को लेकर असदुद्दीन ओवैसी की लगातार सक्रियता ने पूरे समीकरण को फिर से गरमा दिया है। मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री जैसे राजनीतिक बयान, क्षेत्रीय विकास की उपेक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी— इन सभी विषयों को ओवैसी ने जिस तेवर में उठाया है, उसने मतदाताओं के बीच नई बहस को जन्म दिया है। सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि जब एआईएमआईएम के चार विधायक 2020 के बाद अन्य दलों में जा मिले, तब अख्तरुल ईमान अकेले ऐसे चेहरे रहे जिन्होंने दल का साथ नहीं छोड़ा। यह सियासी निष्ठा अब उनके लिए सबसे बड़ा हथियार बन गई है। उनके समर्थक कहते हैं, 'जो तूफान में भी झुका नहीं, वही जनता की उम्मीद है।' यही जज्बा इस चुनाव को उनके पक्ष में हवा दे रहा है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब्दुल जलील मस्तान अपने अनुभव और वर्षों पुराने जनसंपर्क नेटवर्क पर भरोसा कर रहे हैं। उनका तर्क है कि सीमांचल का विकास केवल अनुभवी नेतृत्व से ही संभव है। दूसरी ओर, एनडीए घटक जदयू के सबा जफर 'सुशासन और सशक्त बिहार' के नारे के साथ ग्रामीण मतदाताओं के बीच सक्रिय हैं। परंतु असल सवाल यह नहीं कि कौन ज्यादा प्रचार कर रहा है— असल सवाल यह है कि मतदाता इस बार किसकी बातों पर यकीन कर रहा है। जमीनी संकेत यही बताते हैं कि अमौर का वोटर अब बातों से नहीं, बर्ताव से प्रभावित हो रहा है। और बर्ताव के लिहाज से अख्तरुल ईमान ने जो राजनीतिक निष्ठा दिखाई है, वही उन्हें अन्य उम्मीदवारों से अलग पहचान देती है। अब जब प्रचार की रफ्तार अपने चरम पर है, तो अमौर की तस्वीर साफ दिखती है— यहाँ मुकाबला महज त्रिकोणीय नहीं रहा। यह चतुष्कोणीय जंग बन चुकी है, जहाँ अख्तरुल ईमान का स्थायित्व, मस्तान का अनुभव, जफर की सत्ता-संरचना और अफरोज की नई ऊर्जा— चारों मिलकर एक ऐसा सियासी मंजर गढ़ रहे हैं, जिसकी गूँज सीमांचल से पटना तक सुनाई दे रही है। कुल मिलाकर, अमौर की जंग इस बार सत्ता की नहीं, साख की है— और इस जंग में हर उम्मीदवार को यह साबित करना होगा कि वह सिर्फ नाम का नहीं, निष्ठा और नेतृत्व का प्रतिनिधि है।

## जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने किया औचक निरीक्षण

### सुरक्षा व पारदर्शिता को दी सर्वोच्च प्राथमिकता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर पूर्णिया जिला प्रशासन ने चुनावी तैयारियों को अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में 11 नवंबर को मतदान होगा, और इससे पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार स्वयं मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं की समीक्षा में जुटे हैं।

सोमवार को उन्होंने जिला स्कूल पूर्णिया स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति भवन परिसर में निर्मित बज्रगृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम, वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट (CU) और बैलट यूनिट (BU) के बूथवार मिलान, रिप्लेसमेंट प्रक्रिया, सीलिंग कार्य तथा सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बज्रगृह परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा और ईवीएम कमीशनिंग कार्य पूरी पारदर्शिता और समय सीमा के भीतर संपन्न किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी गतिविधियों की निगरानी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में की जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया पर निष्पक्षता की छवि बनी रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बज्रगृह में प्रवेश-निकास पंजी का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक आगंतुक की एंट्री अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए और बिना अनुमति प्रवेश सख्ती से वर्जित रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 'चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है, इसमें पारदर्शिता और निष्ठा सर्वोच्च रहनी चाहिए।' प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, अब जिला प्रशासन की निगाह मॉक पोल और सुरक्षा बलों की अंतिम तैनाती पर केंद्रित है। मतदान तिथि नजदीक आते ही प्रशासन अलर्ट मोड में है।

## भारत की शेरनियों ने रचा इतिहास, दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर जीता विश्व कप

### ■ भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता ने कहा- 'यह केवल क्रिकेट नहीं, नारी शक्ति की नई परिभाषा है'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर 2025 को इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में अपना नाम दर्ज करा दिया। फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की सशक्त टीम को 52 रनों से परास्त कर भारत की बेटियों ने एक बार फिर विश्व मंच पर तिरंगा बुलंद किया। यह केवल जीत नहीं थी, यह उस नारी शक्ति का उद्घोष था जो हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयाँ छू रही है।

इस गौरवशाली जीत पर भाजपा जिला मंत्री सह नूतन गुप्ता ने टीम इंडिया की खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि 'इन बेटियों ने खेल के मैदान से जो संदेश दिया है, वह हर उस भारतीय के हृदय में गूंज रहा है जिसने कभी सपनों को हकीकत में बदलने की ठानी हो। यह जीत महिला सशक्तिकरण का जीवंत प्रतीक है— एक ऐसा क्षण जिसने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत की नारी अब केवल दर्शक नहीं, इतिहास गढ़ने वाली शक्ति है।' उन्होंने कहा कि इस जीत के पीछे केवल खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, त्याग, समर्पण और अटूट इच्छाशक्ति की कहानी छिपी है। यह उन तमाम संघर्षों की जीत है जो इन खिलाड़ियों ने अपने घर, समाज और सीमित संसाधनों के बीच लड़ी। आज इनकी मेहनत ने भारत के मान-सम्मान को नई ऊंचाई दी है। नूतन गुप्ता ने सरकार से आग्रह किया कि ऐसी बेटियों के योगदान को न केवल सराहा जाए, बल्कि इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए स्थायी योजनाएं बनाई जाएं। उन्होंने कहा कि यह जीत देश की हर बेटी के लिए प्रेरणा है — चाहे वह क्रिकेट के मैदान में हो, शिक्षा के क्षेत्र में या किसी भी मोर्चे पर। वास्तव में, दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत की बेटियों ने यह साबित कर दिया कि अब दुनिया के किसी भी कोने में जब भी क्रिकेट की बात होगी, वहां भारतीय नारी की कामयाबी का एक उदाहरण पेश किया जाएगा।

## बरही ओवरब्रिज के पास सड़क हादसा, मवेशी से टकराई बाइक, तीन घायल

**बरही (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरही थाना क्षेत्र के ग्राम लश्करी से बरही की ओर निजी कार्य से आ रहे तीन व्यक्तियों की मोटरसाइकिल रेलवे ओवरब्रिज के पास एक मवेशी से टकरा गई। हादसे में तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान ग्राम लश्करी निवासी—अनिल रजक (30 वर्ष) पिता राजेंद्र रजक, उमेश रजक (50 वर्ष) पिता गेंदु रजक, और गौतम कुमार (30 वर्ष) पिता डोमन रजक के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर अचानक मवेशी के आ जाने से बाइक असंतुलित होकर टकरा गई, जिससे यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल सहायता पहुंचाकर घायलों को अस्पताल भिजवाया।

## बहेरा पंचायत के गोशाला में नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन का उदघाटन, बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में बड़ा कदम



**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत बहेरा के ग्राम गोशला में नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शुभ उदघाटन सोमवार को मुखिया पूजा कुमारी, उपमुखिया बिनोद कुमार सिंह उर्फ गोपाल सिंह और वार्ड सदस्य सुभाष देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। इसके बाद अतिथियों ने भवन में प्रवेश कर उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सेविका रुकमणी कुमारी एवं सहायिका मसोमात दुलारी ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के उपरांत मिठाई वितरण किया गया, जिससे उपस्थित ग्रामीणों में हर्ष का माहौल रहा। मुखिया पूजा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि 'आंगनबाड़ी केंद्र गांव के बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार स्तंभ हैं। सरकार की मंशा है कि हर बच्चे को शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य की सुविधा सहज रूप से मिले।' उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से सेविका और सहायिका को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा तथा बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ स्थान पर प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी भवन निर्माण कार्य की सराहना की और इसे गांव के विकास की दिशा में सराहनीय पहल बताया। मौके पर मुखिया पूजा कुमारी, उपमुखिया बिनोद कुमार सिंह उर्फ गोपाल सिंह, वार्ड सदस्य सुभाष देवी, मुखिया प्रतिनिधि रणवीर प्रसाद, पूर्व पंसस सह पंसस प्रतिनिधि सरोतम पाण्डेय, पूर्व उपमुखिया सुदेश सिंह, पूर्व वार्ड सदस्य शिवशंकर पांडेय, उमेश पासवान, मनोज सिंह, रामाधीन राणा, जल सहिया सरोज पांडेय, सहिया अध्यक्ष कनक शीला देवी, जेएसएलपीएस प्रतिनिधि सुषमा कुमारी व सुनीता देवी, तथा गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

## श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 और 303 गेहूं बीज से बिहार में किसानों को मिल रही रिकॉर्ड उपज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार में गेहूं की खेती में नवाचार की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित 'श्रीराम सुपर 5-एसआर-05' और 'श्रीराम सुपर 303' गेहूं बीजों ने किसानों के बीच नई उम्मीद जगाई है। इन उन्नत किस्मों की खासियत है कि इनमें कल्ले अधिक, बालियां लंबी और तना मजबूत होता है, जिससे फसल गिरने की संभावना कम रहती है और उत्पादन में वृद्धि होती है। इन बीजों से किसानों को प्रति एकड़ बेहतर पैदावार और अधिक लाभ मिल रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों जैसे सासाराम, सीवान, नवादा, लखीसराय, समस्तीपुर, भोजपुर, गोपालगंज, भागलपुर, बेगूसराय और छपरा— में इन बीजों की मांग तेजी से बढ़ी है। इन क्षेत्रों में गेहूं उत्पादक किसानों ने पारंपरिक किस्मों की तुलना में 20 से 25 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त की है। 'श्रीराम सुपर 5-एसआर-05' और '303' के साथ 'श्रीराम सुपर 3-एसआर-72, 1-एसआर-14, 111 और 272' जैसी अन्य किस्में भी किसानों में लोकप्रिय हो रही हैं। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स, 135 वर्ष पुरानी डीसीएम श्रीराम लिमिटेड का हिस्सा है, जो बीज, विशेष पोषण और फसल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है। कंपनी का लक्ष्य भारतीय कृषि को सशक्त बनाना और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना है।

**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **अशोक कुमार सिंह (ग्राम- गोड़सरा, डाक+थाना- रामगढ़, जिला- कैमूर )**

राजनैतिक दल का नाम : **भारतीय जनता पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **203, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र**

मैं **अशोक कुमार सिंह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | श्रीमती कृतिका द्विवेदी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, भभुआ | परिवाद पत्र सं. 1355/2015 | माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निम्न न्यायालय के कार्रवाई पर रोक | 420 आइपीसी, अभ्यर्थी के पक्ष में बेइमानी पूर्वक केवाला लिखवाने तथा संपत्ति डिलेवरी का आरोप |

| क्रम सं० | (ख) **आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **अजीत कुमार (ग्राम- पीपरडीह, डाक+थाना- औरंगाबाद, जिला- औरंगाबाद (बिहार) 824101)**

राजनैतिक दल का नाम : **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **223, औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र**

मैं **अजीत कुमार** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | एडीजे III | नगर थाना कांड सं. 755/22, 185/24, एसटीआर 638/24 | साक्ष्य | 341,323,325,307,504,506 आइपीसी |

| क्रम सं० | (ख) **आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# मसौढ़ी में बनाये गये पिंक, पीडब्ल्यूडी, यूथ और मॉडल बूथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर मसौढी में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर चल रही है। आगामी 6 नवंबर को यहां मतदान होना है। ऐसे में मसौढ़ी विधानसभा के लिए इस बार महिला मतदाताओं के लिए पिंक बूथ, नौजवान वोटरों के लिए यूथ बूथ और दिव्यांग मतदाताओं के लिए स्पेशल बूथ स्थापित किए गए हैं। ऐसे में बूथ नंबर 72 श्रीमती गिरिजा कुवंर दक्षिणी भाग को थूथ बूथ बनाया गया है। जबकि बूथ नंबर 74 श्रीमती गिरिजा कुवंर पश्चिमी भाग को पीडब्ल्यूडी बूथ बनाया गया है। वही पांच पिंक बूथ बनाया गया है जिसमें बूथ नंबर 57 प्रखंड कार्यालय, बूथ नंबर 58 प्रखंड कॉलोनी, बूथ नं 71, रहमतगंज उर्दू प्राथमिक विद्यालय, बूथ नंबर 75 श्रीमती गिरिजा कुवंर विद्यालय,एवं बूथ नंबर 90 यमुना स्मारक उच्च विद्यालय को बनाया गया है जबकी बूथ नंबर 104 को मॉडल उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेकसरीया परिसर में सुंदर सजावट कर एक मॉडल बूथ स्थापित किया गया है। निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं को पूरी तवज्जो दी गई है। इसी के दृष्टिगत मसौढी विधानसभा मे मॉडल बूथ की स्थापना की गई है। इस बूथ को सुंदर और आकर्षित बनाने के लिए यहां विशेष सजावट की जायेगी। यहां पर एक सेल्फी प्वाइंट और हेल्प डेस्क के रूप में एक फैसिलिटी सेंटर बनाया जायेगा। इस फैसिलिटी सेंटर में मतदाताओं को आवश्यक जानकारी देने के लिए बीएलओ मौजूद रहेंगे। अपने छोटे बच्चों के साथ आने वाली महिलाओं के लिए एक अलग कक्ष बनाया जायेगा। मॉडल बूथ पर सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं रहेंगी। इन पिंक बूथों में पीने के लिए स्वच्छ पानी, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के खेलने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था की जाएगी। पिंक बूथों को मतदान के दिन खास अंदाज में सजाया जाएगा। इन बूथ पर महिला कर्मचारियों व महिला सुरक्षाकर्मियों को ही तैनात किया जाएगा। मॉडल बूथ में मतदाताओं के लिए सेल्फी प्वाइंट सहित अन्य विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसी प्रकार यंग वोटर बूथ भी बनाए जाएंगे। यहां पर युवा स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी।

## सिटी एसपी ने डिस्पैच सेंटर एवं वज्रगृह का किया निरीक्षण

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव को लेकर मसौढ़ी विधानसभा के लिए श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल में बने डिस्पैच सेंटर एवं वज्रगृह का सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सोमवार को परिचय कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना द्वारा मसौढ़ी थाना अंतर्गत स्थित डिस्पैच सेंटर एवं स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया गया। डिस्पैच सेंटर पर सभी संबंधित पदाधिकारियों/ कर्मियों तथा आवश्यक सामग्रियों के मूवमेंट, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। मौके पर एसपी कमल मीणा सहायक निर्वाचित पदाधिकारी प्रभाकर कुमार थानाध्यक्ष अनिल कुमार शामिल रहे। नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी परिचय कुमार ने डिस्पैच के दिन मतदान दलों के बीच मतदान सामग्री के वितरण के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने को कहा।

# केवड़ा पुलिस ने गांव-गांव में घूम कर किया एरिया डोमिनेशन, भयमुक्त माहौल में वोट देने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** आगामी 6 नवंबर को प्रथम चरण का चुनाव होना है। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में मसौढी अनुमंडल के विभिन्न थानों की पुलिस अपने-अपने इलाके में एरिया डोमिनेशन कर फ्लैग मार्च कर रही है। सोमवार को केवड़ा पुलिस ने विभिन्न गांव में एरिया डोमिनेशन करते हुए फ्लैग मार्च की और वोटरों से भय मुक्त माहौल में मतदान करने की अपील की। केवड़ा थाना के प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मतदान नहीं करने देने वालों पर पुलिस सख्ती बरतेगी। हर वोटरों से अपील की जा रही है कि भयमुक्त माहौल में वोट करें, अगर कोई वोट देने से मना करता है, वह लोभ दिखा रहा है,या लालच दे रहा है वैसे लोगों की शिकायत स्थानीय थाना पुलिस को दे सकते हैं। वैसे लोगों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एरिया डोमिनेशन के दौरान असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए माईकिंगग के जरिए कहा गया है कि चुनाव के दिन अगर कोई अशांति फैलाने की कोशिश की या फिर अफवाह फैलाने की कोशिश की तो वैसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही सभी मतदाताओं से मिलकर उन्हें निश्चिंत होकर भयमुक्त माहौल में वोट देने की अपील की।

## 40 लीटर देसी शराब के साथ दो सप्लायर गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** जट डुमरी के पास में एक ऑटो में बड़े-बड़े पॉलिथीन में शराब भरकर ले जा रहे ऑटो समेत दो शराब सप्लायर को 40 लीटर देसी शराब के साथ रंगे हाथ दबोचा है। गिरफ्तार युवको में बंटी कुमार पिता शत्रुघ्न राम सोन गोपालपुर और कालू कुमार पिता मुन्ना प्रसाद अब्दुल्लाचक गोपालपुर का रहने वाला है जो बेहरावां चकिया से संपतचक देसी शराब की डिलीवरी करने जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए एक्साईज पुलिस ने जट डुमरी के पास में ऑटो समेत शराब को जब्त कर लिया।

# शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आगामी 6 नवंबर को प्रथम चरण का मतदान होना है जिसको लेकर एक और जहां जिला प्रशासन अपनी तैयारी में जुटा है वहीं पुलिस प्रशासन भी मतदान के दिन हर बूथों पर शांतिपूर्ण तरीकों से वोटिंग हो उसकी तैयारी को लेकर सोमवार को परिचय कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना द्वारा मसौढी अनुमंडल अंतर्गत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मसौढ़ी- 1 एवं संबंधित थानाध्यक्षों के साथ चुनाव संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस दौरान चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रत्येक थाना क्षेत्र की विधि-व्यवस्था, संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील बूथों की पहचान, क्षेत्रीय गश्ती, वारंट-इश्तेहार निष्पादन, असामाजिक तत्वों की निगरानी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पूर्वी टीएसपी परिचय कुमार ने कहा कि मसूरी विधानसभा में 443 मतदान केंद्र हैं ऐसे में इन सभी मतदान केंद्रों पर अति संवेदनशील बूथ, संवेदनशील बूथ पर कड़ी सुरक्षा के साथ-साथ लगातार पेट्रोलिंग की व्यवस्थाएं भी की जानी है। ऐसे में अति संवेदनशील बूथ पर चौकसी बरतने और उसे मतदान केंद्र के आसपास के पंचायत और गांव में नक्सली मूवमेंट, फरार वारंटी या अन्य जरूरी चीजों के बारे में सभी थानाध्यक्षों को दिशा निर्देश दिया गया है और आगामी 6 नवंबर को सुबह 7:00 से शाम 6:00 बजे तक मतदान होना है इस बीच हमारी जिम्मवारी है कि निष्पक्ष तरीके से शांतिपूर्ण चुनाव हो। मौके पर एएसपी कोमल मीणा एसडीपीओ टु कन्हैया कुमार, मसौढी थानाध्यक्ष अनिल कुमार के अलावा अन्य सभी थानों के थानेदार उपस्थित रहे।

# अक्टूबर में रिकॉर्ड 1.96 लाख करोड़ की जीएसटी वसूली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से सरकार की अक्टूबर 2025 में रिकॉर्ड 1,95,936 करोड़ की वसूली हुई, जो पिछले वर्ष के 1,87,346 करोड़ की तुलना में 4.6% अधिक है। यह वृद्धि सितंबर में दरों में कटौती के बावजूद हुई, जिससे स्पष्ट है कि इस बार त्योहारी सीजन में उपभोक्ता मांग जबरदस्त रही। घरेलू जीएसटी वसूली 1,45,052 करोड़ रही, जो 2% अधिक है, जबकि आयात से राजस्व में 12.9% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रिफंड में भी तेज उछाल आया– कुल 39.6% की वृद्धि के साथ यह राशि 26,935 करोड़ तक पहुंची। सालाना स्तर पर शुद्ध जीएसटी वसूली 9.65 लाख करोड़ से बढ़कर 10.40 लाख करोड़ हुई, यानी 7.8% की बढ़त। महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और हरियाणा ने मिलकर कुल जीएसटी वसूली में 40% योगदान दिया, जो देश के औद्योगिक और उपभोग केंद्रों की मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

# भारोत्तोलन की राज्यस्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** जहानाबाद में सोमवार को भारोतोलन खेल विधा के तीन दिवसीय राज्यस्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के बीच शुभारंभ हुआ। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन खेल भवन, गांधी मैदान जहानाबाद में किया जा रहा है। सोमवार को प्रातः 10:30 बजे उप विकास आयुक्त ,डॉ प्रीति एवं अपर समाहर्ता ,विशेष कार्यक्रम- सह- वरीय पदाधिकारी, खेल, तेज नारायण राय के द्वारा इस अति महत्वपूर्ण आयोजन का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन भाषण में उप विकास आयुक्त के द्वारा खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता के पीछे उनके लंबे अभ्यास एवं लगन की सराहना की गई एवं आशा व्यक्त की गई की युवा खिलाड़ी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे एवं राष्ट्रीय मंच पर भी पदक तालिका में स्थान प्राप्त करेंगे। खिलाड़ियों को अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम के द्वारा भी संबोधित किया गया एवं कहा गया कि युवा खिलाड़ी हमारे उज्जवल भविष्य के पुरोधा है एवं प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे, इसकी शुभकामना व्यक्त की गई। विगत वर्ष 2024 -25 में जिले को भारोतोलन के बालिका श्रेणी के राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता की आयोजन का अवसर प्राप्त हुआ था। इसके सफल आयोजन के फलस्वरूप इस बार बालक एवं बालिका दोनों श्रेणियो में अंडर-17/ अंडर-19 की पूरे बिहार भर की टीमें जहानाबाद में प्रतियोगिता के लिए उपस्थित हुई हैं। इस प्रतियोगिता में जहानाबाद को आयोजक की भूमिका की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों की संख्या लगभग 200 है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा खेल के नियमो के तहत संचालन हेतु तकनीकी पदाधिकारियों की टीम प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के नेतृत्व में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के निर्देशो का अनुपालन करते हुए इस महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा का आयोजन कराया जा रहा है।

जिला प्रशासन के द्वारा खिलाड़ियों की सुरक्षा हेतु दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही भोजन, आवासन, मेडिकल टीम की सभी आवश्यकताएं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई गई हैं। सोमवार को बालकों के अंडर- 17 एवं अंडर-19 की प्रतियोगिता में अंडर-19, 60 किलो वर्ग में सारण प्रमंडल के सूर्यकांत सिंह विजेता बने, वहीं 65 किलो वर्ग में मगध प्रमंडल के आदित्य कुमार को सफलता मिली।

अंडर 17 बालकों के प्रतियोगिता में 56 किलो वर्ग में एकलव्य केंद्र राजगीर के अभय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ वही 60 किलो वर्ग में सारण प्रमंडल के रणवीर कुमार को विजेता बनने का अवसर मिला। 65 किलो वर्ग में मगध प्रमंडल के रॉबिन कुमार विजेता बने।संपूर्ण आयोजन का संयोजन जिला पदाधिकारी के निदेशकों के आलोक में उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा पूनम कुमारी के द्वारा किया जा रहा है।

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 214 - Arwal | Shri Manoj Kumar | Sri Ashish Kumar, JMFC Daudnagar PS Case No. 335/20 Evidence | U/S 143, 188, 269, 270, 271 IPC, and 3 Epidemic Act 1897 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 10 - RAXAUL | Shri Pramod Kumar Sinha | Special Court Vigilence, Muzaffarpur Vigilance Patna PS Case no. 22/87 Evidence | U/S 420, 477A, 109, 120B IPC & 5(2) R/W 5(1)(d) of P.C. Act | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil)
No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 210-Dinara | Sanjay Kumar | 1.1. JM 1st Class, Bikramganj, PS Case no 47/2015, Natwar & Pending 2.JM 1st Class, Bikramganj, Ps Case no 45/2018, Natwar & Pending 3.JM 1st Class, Bikramganj, Ps Case no 03/16, Natwar & Pending 4.JM 1st Class, Bikramganj, Ps Case no 20/11, Sanjhauli & Pending 5.SDJM,Bikramganj, Ps Case no 16/2016, Natwar & Pending | 1.Sec 420,171(G) IPC 2.Sec 341,323, 337, 504, 506/34 IPC 3.Sec 406,407, 408,409,467 ,468, 420,120 (B) IPC 4.Sec 304(A),34 IPC 5.Sec 420,120(B) and 7E.C Act | NA | NA | NA |

# तेजस्वी ने दिया हर घर एक सरकारी नौकरी का भरोसा

## प्रत्याशियों के लिए मांगा वोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के सेमरिया पड़रिया खेल मैदान में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह राजद नेता तेजस्वी यादव ने वर्तमान सरकार पर जमकर बरसे। कहा कि बिहार में जनता बेरोजगारी महंगाई और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। हमारी सरकार बनेगी तो बिहार के प्रत्येक घर से एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार रिमोट की सरकार है। मै अकेला सरकार के सभी भ्रष्ट तंत्रो एवं भ्रष्ट अधिकारियो से लड़ रहा हूं। एक हेलिकॉप्टर पर 30 हेलिकॉप्टर उड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार बदल देना है। भाजपा जदयू के राज में छात्र, युवा, महिला सभी लोग ठगा महसूस कर रहे हैं।



उन्होंने राजद प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबू सिंह के समर्थन में वोट मांगा। विशाल जनसभा ने हाथ उठाकर समर्थन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि नौटंकी कर दिग्भ्रमित करने वालों से सावधान रहे और किसी भी ओर ध्यान न देते हुए चुपचाप लालटेन पर वोट देने की अपील की। उन्होंने जनता से पूछा कि क्या आपलोगों को मुझसे कोई शिकायत है। उन्होंने कहा कि सरोज को मैने दो बार टिकट दिया...वो हार गया तो जीवन भर उसी को टिकट मिलेगा। उन्होंने उपस्थित युवाओं से वादा किया कि आपका तेजस्वी आपसे वादा करता है कि हर घर से एक सरकारी नौकरी देगा। उन्होंने जनसमूह से पूछा कि आपको नौकरी चाहिए न तो कैसे मिलेगा? युवाओं का जवाब था वोट कर जीताकर। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सरोज यादव को टिकट नही मिलने पर कहा कि दो बार टिकट दिया गया। बार बार एक ही आदमी को टिकट नहीं दिया जायेगा। भारी नौटंकी करने से काम नहीं चलेगा। मुझे अपना एवं पार्टी का भविष्य देखना है। इस बार अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबु सिंह को पार्टी से टिकट दिया गया है। उन्होने रामबाबू सिंह को जीत का माला पहनाकर लोगो से भारी मतो से जिताने का अपील किया। मंच का संचालन राजद के प्रखंड अध्यक्ष जयराम यादव, अध्यक्षता रामबाबु पासवान ने की। मंच पर मुखिया रितेश सिंह, नईम अंसारी व संजय सिंह, निर्मल सिंह सकरवार, शैलेन्द्र राम, लालदास राय, राम सुभग बिन्द, रघुपति यादव, बिरबल यादव, रेणु देवी, सोनू राय समेत महागठबंधन के तमाम नेता थे।

# महागठबंधन में अभी भी चल रही खींचतान : चिराग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** राज्य के पूर्ववर्ती राजद की सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त थी। अंधेरे में महिलायें घर से निकलना बंद कर दी थी। वर्तमान सरकार में कानून का राज्य है। महिलाओं के सम्मान में हर घर शौचालय का निर्माण, आवास, उज्ज्वला, मुफ्त बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत खाद्यान्न उपलब्ध कराने, महिलाओं के रोजगार हेतु आर्थिक सहयोग कर सबको विकास किया है। महागठबंधन में अभी भी खीचतान जारी है। 14 नवंबर के बाद राज्य में एनडीए की मजबूत सरकार बनने जा रही है। बिहार के बखरी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार संजय पासवान मेरे छोटे भाई चुनावी मैदान में है। इन्हें



आप चिराग पासवान ही समझिए, इनकी जीत मेरे दिवंगत पिता राम विलास पासवान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार ने सभी तबके के लोगों को सम्मान दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने मुसहर जाति के रहते हुए भी मुख्यमंत्री बनाया। डबल इंजन की सरकार में कई विकासात्मक कार्य हुआ है। नई सरकार बनने के बाद सड़क, पुल, पुलिया, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास करेगा। 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में परिणत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त आर्थिक सहयोग से राज्य का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। महागठबंधन के लोग घोटाले में संलिप्त है। इनके सत्ता में आने के बाद फिर से 2005 वाली स्थिति होगी। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, लोजपा जिलाध्यक्ष प्रेम पासवान, हम जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, सुदर्शन सिंह, सुरेन्द्र पासवान, राम विनोद पासवान, प्रत्याशी संजय पासवान, पंकज पासवान, जवाहर राय, मंजूर आलम, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष हसन, जवाहर राय, नितिन नवीन, कुंदन कानू, रानी गोस्वामी, मैरी केसरी, अर्चना कुमारी, अजय टाइगर, घनश्याम राय सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। अध्यक्षता बखरी विधानसभा के घटक दल के मंडल अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से की।

## इवीएम एवं वीवीपैट का अनुपूरक रैण्डमाइजेशन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रयुक्त होने वाले इवीएम एवं वीवीपैट का अनुपूरक प्रथम तथा अनुपूरक द्वितीय रैण्डमाईजेशन सोमवार को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। प्रथम अनुपूरक रैण्डमाईजेशन का आयोजन पूर्वाह्न 10 बजे तथा अनुपूरक द्वितीय रैण्डमाईजेशन का आयोजन पूर्वाह्न 1 बजे किया गया। यह संपूर्ण प्रक्रिया ईएमएस 2.0 पोर्टल के माध्यम से संपन्न की गई। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, सहित सभी सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल के प्रतिनिधि एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ईवीएम कमीशनिंग के दौरान कुछ मशीनों में तकनीकी खराबी पाए जाने के कारण भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार यह अनुपूरक द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया गया।

# युवा जागरूक होंगे तो लोकतंत्र बनेगा सशक्त : प्रकाश झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत सोमवार को जिले के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर कॉलेज अफ इंजीनियरिंग में राज्य स्वीप आइकन एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता क्रांति प्रकाश झा ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवा मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया और लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है। जब हम मतदान करते हैं। तो हम अपने भविष्य का निर्णय स्वयं करते हैं। हर एक वोट राष्ट्र निर्माण की दिशा तय करता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने



आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर स्वीप कोषांग की नोडल रश्मि कुमारी, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण अभिजीत सोनल, कॉलेज के प्राचार्य, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई और युवाओं को ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। श्री झा ने कहा कि बिहार के युवाओं में ऊर्जा और संकल्प की कोई कमी नहीं है। जरूरत है केवल सही दिशा और जागरूकता की।

# शिवाजीनगर में कैंसर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड सभा भवन में सिविल सर्जन महोदय के आदेशानुसार सवेरा आर.एस. मेमोरियल कैंसर संस्थान की ओर से कैंसर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवाजीनगर से जुड़ी सभी आशा, आशा फैसिलिटेटर एवं स्वास्थ्य सामुदायिक अधिकारियों ने भाग लिया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूक करना और समय पर पहचान एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी देना था। इस अवसर पर सवेरा कैंसर संस्थान के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. काशिफ, डॉ. जया, डॉ. रविश्वर सहित संस्थान के कर्मी एवं प्रोजेक्ट हेड श्री आशुतोष कुमार उपस्थित रहे डॉक्टरों की टीम ने प्रतिभागियों को विशेष रूप से मुख (ओरल) कैंसर, स्तन (ब्रेस्ट) कैंसर और शरीर के अन्य अंगों में होने वाले कैंसर के लक्षण, प्रारंभिक जांच, बचाव के उपाय एवं उपचार के आधुनिक तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर के शुरुआती लक्षणों को पहचानकर समय रहते इलाज शुरू किया जाए तो जीवन बचाया जा सकता है।

# रणविजय सिंह का रोड शो, शामिल हुई अभिनेत्री आम्रपाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बड़हरा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी रणविजय कुमार सिंह ने दौलतपुर से एक विशाल रोड शो का आयोजन किया। यह रैली राजापुर, बड़हरा, बखोरापुर, सरैया, नरगदा, बलुआ होते हुए पिपरा के महामाया मंदिर तक पहुंची। यात्रा की शुरुआत होते ही जनसागर उमड़ पड़ा–हर गली, हर चौक पर सेब छाप और रणविजय सिंह ज़िंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। महामाया मंदिर, पिपरा में आयोजित भव्य जनसभा में हजारों लोगों ने रणविजय सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया और सेब छाप के समर्थन में नारे लगाए। पूरा



क्षेत्र मानो उत्सव में तब्दील हो गया। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार आम्रपाली दुबे ने इस आयोजन की गरिमा को कई गुना बढ़ा दिया। मंच पर पहुंचते ही जनता ने तालियों और नारों से उनका स्वागत किया। उन्होंने भावुक स्वर में कहा- जनता अब बदलाव के मूड में है। यह जनसैलाब इस बात का सबूत है कि लोग सेवा और ईमानदारी को मौका देना चाहते हैं। 6 नवंबर को रणविजय सिंह को जिताकर बड़हरा को नई दिशा दीजिए-हर वोट आपके क्षेत्र का भविष्य तय करेगा। रोड शो के दौरान भारी संख्या में फोरव्हीलर, टू व्हीलर शामिल थे। जैसे-जैसे रैली आगे बढ़ी, रास्ते के हर मोड़ पर जनता ने फूल-मालाओं, जयकारों और नारों से स्वागत किया। जगह-जगह पर फूलों की वर्षा से पूरा इलाका जनसमर्थन और उत्साह की ऊर्जा से गूंज उठा। रणविजय सिंह ने कहा, बड़हरा की यह ताक़त मेरे लिए किसी पद की नहीं, बल्कि जनता के प्रेम, आशीर्वाद और विश्वास की पहचान है।

# वीसी के माध्यम से निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक, दिये कई निर्देश

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधान सभा प्रथम चरण के चुनाव को लेकर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्य सचिव द्वारा निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा हेतु एनआईसी कार्यालय में वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 6 नवम्बर को होने वाले प्रथम चरण के मतदान की सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना एवं यह सुनिश्चित करना था कि सभी तैयारियाँ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों। साथ ही चुनावी प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्र प्रबंधन, प्रशिक्षण व्यवस्था, तकनीकी तैयारियाँ तथा मतगणना दिवस की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान चुनावी प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, जिसमें सरकारी कर्मचारियों के चुनाव प्रचार में शामिल होने की शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।


**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 45 - Chhatapur | Shri Niraj Kumar Singh | CJM, Saharsa Saur Bazar P.S. Case no. 232/24 Pending | U/S 188 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 213-Karakat | Yogendra Singh | SDJM, Bikramganj, PS Case no 33/2016,Karkat & Pending | Sec 379 IPC & 40 of Bihar Mining Act | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 218-Makhdumpur | Shankar Swarup | CJM, Arwal , PS Case no 57/ 2010, Ki njer & Pending | Sec 188,171 IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 215-KURTHA | RAMBALI SINGH | A.C.J.M.- I, Patna, Peerbahor P.S. Case No. 148/20 & Pending | Sec.- 341, 323, 504, 506 IPC | NA | NA | NA |

# मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिले के नवीनगर प्रखंड के अंतर्गत टंडवा मध्य विद्यालय परिसर में डीएम श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के तहत एक विशेष मतदाता जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी 11 नवंबर 2025 को होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित करना था। डीएम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। आपका एक वोट विकास की दिशा तय करता है। अतः सभी लोग शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से निर्भय होकर मतदान केंद्रों पर पहुंचने और अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों न डीएम से अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को साझा किया। ग्रामीणों ने विशेष रूप से सड़क, बिजली, पानी, नल-जल योजना, नाली एवं सड़क मरम्मत से जुड़ी परेशानियों को विस्तार से बताया। डीएम ने ग्रामीणों की सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। कहा कि प्रशासन जनता की सेवा के लिए तत्पर है और सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर जिला वरीय समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शिनी, युवा संस्कृति पदाधिकारी पप्पू कुमार, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिह, बीपीआरओ मुकेश कुमार, टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिह, शिक्षक विनोद दास, राजेश कुमार, धनंजय कुमार सिह, संजीव कुमार सिह, अशोक कुमार मेहता, संजय शास्त्री, बीपीएम नवर्चन गहरवाल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, राजेश कुमार, अभय वैध, संजय पासवान सहित क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण समेत कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम मशीन के उपयोग और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से उन्हें प्रशासन के प्रति भरोसा और जुड़ाव महसूस होता है। कार्यक्रम का समापन लोकतंत्र की पहचान, मतदान है सम्मान के नारे के साथ हुआ। डीएम ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में इस बार 100 प्रतिशत मतदान हो और सभी मतदाता लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं।

## बिजली करंट से किसान की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विद्युत विभाग की लापरवाही से करंट की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गई। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के अग्नि परसन बिगहा का है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी स्व. नाथुन साव के 45 वर्षीय पुत्र विशेश्वर साव के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक विशेश्वर सोमवार को धान में पानी देखने बधार की ओर गए थे जहां पहले से विद्युत तार टूटकर गिरा हुआ था। इनकी नजर गिरे हुए तार पर नहीं पड़ी और अचानक विद्युत संपर्क में आ गए जिसमें ये झुलसकर बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है।

# ट्रक की टक्कर से कार सवार एनडीए प्रत्याशी के सहायक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** ट्रक और कार की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के केरा गांव के समीप एनएच-139 की है। मृतक की पहचान लक्ष्मण बिगहा निवासी अशोक बैठा के पुत्र रवि रंजन कुमार (28) के रूप में हुई है। दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया गया है जबकि घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक रवि रंजन एनडीए का एक्टिव कार्यकर्ता था। वह कुटुंबा से एनडीए प्रत्याशी ललन राम के समर्थन में रविवार की देर रात तक प्रचार में लगा था। सोमवार की सुबह अपनी कार से चुनाव प्रचार संबंधी पोस्टर-बैनर लाने पटना जा रहा था। इसी क्रम में उस जगह विपरीत दिशा की ओर से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान कर परिजनों को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज गिया। इस घटना से एनडीए खेमे और मृतक के परिजनों सहित गांव में शोक की लहर है। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि रवि रंजन एनडीए के लिए समर्पित था। उसके निधन से पूरे एनडीए परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। वह चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था। दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। घटना को लेकर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि ट्रक और कार की टक्कर में कार सवार युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# जीविका दीदियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में जीविका दीदियों ने नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में बताया और सभी से 11 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगी और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगी। यह पहल जिला निर्वाचन कार्यालय, औरंगाबाद के तत्वाधान में संचालित की गई, जिसका उद्देश्य समाज के हर तबके विशेषकर महिलाओं और प्रथम मतदाताओं तक मतदान का संदेश पहुंचाना और लोकतंत्र के इस पर्व में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

# डिस्पैच सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा दाउदनगर स्थित डाइट, तरार में गोह विधानसभा के डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा डिस्पैच सेंटर की संपूर्ण व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, विद्युत प्रणाली, वाहन पार्किंग, संचार माध्यम, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, डिस्पैच एवं रिसेप्शन स्थल की साफ-सफाई तथा आवागमन व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान सामग्री के वितरण एवं प्राप्ति हेतु आवश्यक सभी संसाधन समय से और सुव्यवस्थित रूप में उपलब्ध रहें ताकि मतदान दलों को किसी भी प्रकार की कठिनाई या विलंब का सामना न करना पड़े। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सभी व्यवस्थाएं सुरक्षा मानकों एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त होने वाले कर्मियों के लिए निर्धारित नाश्ता एवं भोजन के मेनू का भी जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को कर्मियों की सुविधा एवं संतुलित आहार की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर निर्वाची पदाधिकारी, गोह विधानसभा सह अनुमंडल पदाधिकारी, दाउदनगर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 16 - Kalyanpur | Shri Sachindra Prasad Singh | Sub Judge-IX, ACJM, Chakiya, CHAKIYA, East Champaran, PS Case no. 161/2005 Pending | U/S 147, 148, 149, 341, 323, 353, 379, 332, 337 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 03 - Narkatiyaganj | Sri Sanjay Kumar Pandey | श्रीमान् पप्पु कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, बेतिया शिकारपुर थाना काण्ड सं. 387/15 Evidence | धारा 188 भा.दि.वि., 03 बिहार सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 210 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 63 - KATIHAR | SRI TARKISHORE PRASAD | ACJM-I, Katihar Katihar Nagar PS 511/2020 Evidence | 127A R.P. Act 1951 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 62 - Purnea | Shri Vijay Kumar Khemka | CJM , Patna Kotwali (Patna) Case No.- 516/23, Under Investigation | U/S 188/147/ 149/323/ 324/337/338 and 353 IPS | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

# जिले भर में आदर्श आचार संहिता का कठोरता से अनुपालन करवाएं : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष के साथ बैठक करते हुए निर्देशित किया गया है कि आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपादन हेतु जिले भर में आदर्श आचार संहिता लागू है। इसके कठोर अनुपालन तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से जिला में चुनाव संपन्न कराने हेतु समय-समय पर कई निर्देश दिए गए हैं। हाल के दिनों में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं प्रतिद्वंद्वी दलों के प्रत्याशी के बीच छिटपुट घटनाओं के कुछ दृष्टांत सामने आए हैं। आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपादन हेतु निर्देश जो है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा निकाले जा रहे चुनाव प्रचार जुलूसों में वाहन एवं व्यक्तियों की संख्या निर्धारित से अधिक न हो। उक्त निर्देश के उल्लंघन की स्थिति में त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि चुनाव प्रचार काफिले में शामिल समर्थकों के पास किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र न हो। प्रत्येक थाना क्षेत्र में गुंडा पंजी में दर्ज अपराधियों के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक चेक नाका पर वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी 24गुणे 7 सुनिश्चित की जाए एवं सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में अवैध आग्नेयास्त्रों, नकदी एवं मादक पदार्थों की आवाजाही संभव न हो। सभी शस्त्रों का शत-प्रतिशत सत्यापन एवं थाना के निकटतम शस्त्र दुकान में जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जाए जिन अनुज्ञप्तिधारियों को इससे छूट प्रदान किया जाना है, उन पर जिला स्तरीय समिति के स्तर से विधिसम्मत अनुशंसा प्राप्त कर छूट प्रदान किया जाए। उपलब्ध केन्द्रीय सशस्त्र बलों एवं बिहार पुलिस बल का प्रभावी उपयोग करते हुए सभी थाना क्षेत्रों में निरन्तर एरिया डॉमिनेशन एक्सरसाइज आयोजित कराये जाएं। इस प्रक्रिया में थानाध्यक्ष एवं अन्य वरीय पदाधिकारी भी अवश्य शामिल हो। चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में विधि-व्यवस्था से संबंधित किसी भी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त होते ही क्षेत्र में तत्क्षण घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति पर त्वरित नियंत्रण सुनिश्चित करें। घटना की सूचना पुलिस मुख्यालय को तुरन्त उपलब्ध करायी जाए। सभी लंबित गैर जमानतीय वारंटों का तामिला सघन अभियान के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। निर्देशित किया जाता है कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए स्वयं पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।

## महिलाओं की जांच महिला पुलिसकर्मी ही करेंगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** व्यय प्रेक्षक गया अमन प्रीत (आईएएस) द्वारा गया जिला अंतर्गत बेलागंज विधानसभा स्थित हनुमान चौक, कुजापी, बाईपास, रामपुर मोड़, श्रीपुर ब्रिज, स्थाई जांच निगरानी दल (एसएसटी) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कर्मियों को व्यय प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि नियमानुसार महिलाओं की जांच महिला पुलिसकर्मी ही करेंगे जिन वाहनों को स्वीकृति मिली है चुनाव प्रचार से संबंधित, उन्हें स्वीकृति आदेश की मूल प्रति लगाना अनिवार्य है। साथ ही व्यय प्रेक्षक द्वारा प्राथमिक विद्यालय नरमा स्थित पिंक बूथ का निरीक्षण किया गया।

## घर तोड़ने आए दबंगों ने की मारपीट, महिला बेहोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** शहर के लहेरिया टोला में रेखा अग्रवाल और उनके दिव्यांग पति योगेंद्र अग्रवाल के घर को तोड़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान दबंगों ने उनके साथ मारपीट की जिससे रेखा अग्रवाल बेहोश होकर गिर गईं। घटना का सीसीटीवी फुटेज शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पीड़िता रेखा अग्रवाल ने अपने भतीजे तरुण कुमार अग्रवाल और बिपेंद्र सहित 4-5 अन्य लोगों पर घर तोड़ने और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि विरोध करने पर उन्हें बेरहमी से पीटा गया जिससे वे बेहोश हो गईं। उनके दिव्यांग पति को भी नहीं बख्शा गया। यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है जो न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता के अनुसार इस संबंध में कोतवाली थाने में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी भी दर्ज है। घटना के बाद पीड़ित महिला ने सोशल मीडिया पर लिखकर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस को बुलाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई और पुलिसकर्मियों ने कहा कि ये तोड़ेंगे, आप अदालत जाइए। महिला ने भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पदाधिकारियों और बिहार सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लहरिया टोला की रेखा अग्रवाल द्वारा तरुण कुमार के खिलाफ झूठी और भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं कि वे गैरकानूनी रूप से तोड़फोड़ कर रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि वहां जो भी कार्य हो रहा है, वह सरकारी अनुमति और कानून के तहत हो रहा है। रेखा अग्रवाल और उनके परिवार द्वारा सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार किया जा रहा है कि तरुण कुमार ने उन्हें मारा-पीटा जबकि वीडियो में साफ दिख रहा है कि उन्होंने किसी को छुआ तक नहीं। वे उन सभी के कमेंट डिलीट कर रही है जो उनकी झूठी बातों का तथ्य मांग रहे है। वे अपने गलत पोस्ट से लोगों को गुमराह कर रही हैं।

## महाबोधि मंदिर में कठिन चीवर दान समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि महाबोधि महाविहार परिसर में पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे कठिन चीवर दान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन बौद्ध परंपरा में वर्षा वास समाप्ति के बाद भिक्षु संघ को चीवर (वस्त्र) अर्पित करने की विशेष विधि मानी जाती है। इस वर्ष का आयोजन थाईलैंड के उप संघराज मोस्ट वेनेरेबल सोमदेत फ्रा धीरणाण मुनि के संरक्षण में हुआ। उनके शिष्य और अनुयायी बड़ी संख्या में पहुंचे। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) की ओर से आयोजित इस समारोह में भारत, थाईलैंड सहित कई देशों से आए भिक्षु, श्रद्धालु और अतिथिगण मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और बीटीएमसी की मानद सचिव डॉ. महाश्वेता महाराठी के स्वागत भाषण से हुई। मुख्य भिक्षु चालिंदा के नेतृत्व में पंचशील का पाठ किया गया। इसके बाद थाईलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीथा थाविसिन ने संघ को चीवर दान किया। इसके बाद काल चक्र मैदान में संघदान का आयोजन हुआ जिसमें भिक्षु और गृहस्थ समुदाय ने सामूहिक रूप से दान-प्रार्थना की। थाईलैंड एयर एशिया के चेयरमैन मिस्टर तस्सापू बिजलेवेल्ड ने दिवंगत थाईलैंड की रानी माता की तस्वीर पर दीप और धूप अर्पित किए। बीटीएमसी के सदस्य किरण लामा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभी दानदाताओं, अतिथियों और स्वयंसेवकों का आभार जताया। महाबोधि मंदिर परिसर में 5000 दीप प्रज्ज्वलित कर भव्य लाइट ऑफरिंग से कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य भगवान बुद्ध के उस उपदेश दिवस की स्मृति था जब उन्होंने वर्षा वास के दौरान तावतींसा स्वर्ग में अपनी माता महामाया देवी को धर्म का बोध कराया था।

## पांच तक शत प्रतिशत मतदाताओं को वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप उपलब्ध करवाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर ने प्रत्येक मतदाता को वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एरोनेट अन्तर्गत दिये गये ई आर प्रिंटिंग टूल के माध्यम से मतदान केन्द्रवार वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप का मुद्रण कर संबधित मतदान केन्द्र के मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। निर्वाची पदाधिकारी के हस्तपुस्तिका में दिये गये निदेश के आलोक में मतदान की तिथि के पांच दिन पूर्व तक सभी मतदाता को वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप उपलब्ध कराया जाना है। मतदाता सूचना पर्ची पर एक क्यू आर कोड होगा जो बूथ ऐप के माध्यम से संबंधित भाग के निर्वाचक को नाम खोजने/निर्वाचक विवरण का मिलान करने में मदद करता है। क्यू आर कोड का विवरण वोटर हेल्पलाइन ऐप के जरिए भी देखा जा सकता है। क्यू आर कोड में केवल वीआईएस की अनुमोदित जानकारी होगी जो वीआईएस पर मुद्रित होती है। वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप के वितरण के पश्चात तैयार किये गये एएसडी लिस्ट नोडल पदाधिकारी सामग्री कोषांग को उपलब्ध कराया जाना है। ताकि उनके द्वारा मतदान हेतु तैयार किये जाने वाले थैला में रखवाया जा सके। इसके लिए आवश्यक है कि गया जिले के लिए 05 नवंबर तक हर हालत में सभी मतदाता को वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी के माध्यम से वितरण करना सुनिश्चित की जाये। डीएम ने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया है कि वोटर इनफॉरमेशन स्लिप सभी मतदाताओं तक हर हाल में बांटना सुनिश्चित करेंगे। वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप में संबंधित मतदाता के मतदान केंद्र संबंधित जानकारी, मतदाता की विवरणी, बूथ लोकेशन सहित अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध रहती है।

## ब्रह्मभोज में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार दस्तावेज नववीस संघ, शाखा गया के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को जहानाबाद में संघ के कर्मठ सदस्य, लेखक एवं दैनिक हिन्दी अखबार के गया रिपोर्टर सुजीत कुमार के पिता स्वर्गीय श्याम देव प्रसाद के निवास स्थान टोलाचक थाना रोड, जहानाबाद जाकर ब्रह्मभोज में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर गया शाखा के प्रतिनिधियों में मुख्य रूप से संघ सचिव शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, रेवती रंजन, अजय कुमार अम्बष्ट (बड़े) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय श्याम देव प्रसाद के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। संघ के सचिव शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वर्गीय श्याम देव प्रसाद एक ईमानदार, कर्मनिष्ठ और समाजसेवी व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन में सादगी, सेवा और मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उनका आदर्श हमें समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने की प्रेरणा देता रहेगा।

## दर्जनों मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**गयाजी।** जिले के बोधगया में प्रेक्षक द्वारा सोमवार को कमीशनिंग का कार्य देखने के पश्चात फतेहपुर, टनकुप्पा एवं बोधगया क्षेत्र के दर्जनों मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एएमएफ, बोधगया कमीशनिंग प्रेक्षक, मतदाता पर्ची वितरण, बोर्डेर एरिया चेकपोस्ट आदि का निरीक्षण किया।

## तुलसी विवाह महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** 3 नवंबर सोमवार को कार्तिक शुक्लपक्ष उत्थान द्वादशी पर प्रबोधोत्सव (तुलसी विवाह महोत्सव) को बड़े ही हर्षोल्लास से मंत्रालय स्वामी डॉ श्री रामाचार्य गुरु महाराज जी के मार्गदर्शन में मनाया गया। इस अवसर पर पाठशाला के अनेक आचार्य एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। वैदिक विधि विधान के साथ विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा मंगलाचरण वैदिक पाठ गणेश पूजा, मंत्रोच्चार, पाणिग्रहण, सप्तपदी, सिंदूरदान, मंगलसूत्र बंधन, मंगलाष्टक, कन्यादान संकल्प किया इत्यादि विधिवत किया गया। पाठशाला से जुड़े हुए अनेकानेक भक्तगण एवं माताओं ने मंगल लोकगीत गाकर के तुलसी दामोदर विवाह में भाग लिया। शास्त्रों में भगवान के इस मंगल विवाह का विशेष महत्व है जिनकी पुत्री न हो वह तुलसी विवाह करके कन्यादान का फल प्राप्त कर सकता है। इस विवाह में सम्मिलित होने से सुख, समृद्धि, सुभता का संचार होता है जिनके विवाह में अड़चन आ रहा हो लड़के, बालिका विवाह के लाजा होम के धान के लावा को खाने से शीघ्र ही विवाह हो जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यह सभी जानकारी पाठशाला के प्राचार्य पंडित राजा आचार्य जी ने दी।


**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 08 - Bettiya | Srimati Renu Devi | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, व्यवहार न्यायालय, पटना Patna Kotwali PS Case no. 516/2023 Under Investigation | U/S 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338, 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 04 - BAGAHA | SHRI RAM SINGH | Tariq Shamim, JMFC, Bagaha, West Champaran RAMNAGAR PS Case no. 141/2000 Evidence | U/S 379, 411 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Bihar Legislative Assembly Election 2025**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | 161 - Banka | Sri Ram Narayan Mandal | ACJM III, Banka Banka P.S. Case no. 245/89 Gr. No. 864/89 Evidence | U/S 149, 144, 291, 353, 120B IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

# बिहार में फिर से नहीं आने देंगे जंगलराज : प्रो. रणवीर नंदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)।** भगवान भास्कर की नगरी देव में सोमवार को आयोजित एनडीए की चुनावी सभा में बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के चेयरमैन सह पूर्व विधान पार्षद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफ़ेसर रणवीर नंदन ने कहा कि एनडीए का हर कार्यकर्ता विकास और स्थिरता की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास जताएं ताकि बिहार में विकास की गति और तेज़ हो सके। सभा में शामिल होने से पहले प्रो. नंदन ने प्राचीन देव सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की शांति, समृद्धि और एनडीए की विजय की कामना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सूर्यदेव अंधकार को दूर करते हैं, उसी प्रकार एनडीए बिहार से भ्रष्टाचार और कुशासन के अंधकार को मिटाने का कार्य कर रहा है। देव बाजार स्थित एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित इस सभा में भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह, विधान पार्षद दिलीप सिंह, पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया, जद(यू) जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मंजरी सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रो. नंदन ने कहा कि एनडीए की सरकार ने बिहार को नई दिशा दी है–सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज बिहार की जनता जान चुकी है कि कौन उनके भविष्य की गारंटी है। हमने गरीबों को पक्का मकान, उज्ज्वला गैस, किसान सम्मान निधि और रोजगार के अवसर दिए हैं। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों ने बिहार को भय, भ्रष्टाचार और जातीय राजनीति के दलदल में झोंक दिया था। जनता अब उस जंगलराज की वापसी नहीं चाहेगी। सभा के बाद प्रो. नंदन ने कायस्थ समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनसे एनडीए उम्मीदवार त्रिविक्रम नारायण सिंह को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की भूमिका हमेशा राष्ट्रनिर्माण में अग्रणी रही है और बिहार की स्थिरता के लिए हर वर्ग को एकजुट रहना होगा।

# नवीनगर में कठिन होती जा रही एनडीए की डगर

## पार्टी कार्यकर्ता ही प्रचार अभियान से बनाये हुए हैं दूरी, मतदाता भी उदास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवीनगर(औरंगाबाद)।** विधानसभा चुनाव में नवीनगर सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार चेतन आनंद का चुनाव प्रचार अभी तक अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ सका है जबकि पार्टी के समर्पित कैडर कार्यकर्ता प्रचार अभियान से दूरी बनाए हुए नजर आ रहे हैं। स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के मुताबिक, बाहरी उम्मीदवार का मुद्दा जदयू और एनडीए के लिए गले की फांस बनता जा रहा है। इस बार जदयू ने गत विधानसभा चुनाव में राजद के टिकट पर जीते चेतन आनंद को उम्मीदवार बनाया है जिन्हें स्थानीय मतदाता बाहरी मान रहे हैं। इसका असर यह है कि परंपरागत रूप से एनडीए के समर्थक रहे कुशवाहा और चंद्रवंशी समाज के मतदाता अब राजद की ओर झुकते नजर आ रहे हैं क्योंकि राष्ट्रीय जनता दल ने यहां से स्थानीय उम्मीदवार मैदान में उतारा है। जदयू के भीतर भी असंतोष की स्थिति बनी हुई है। पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह के पार्टी छोड़ने और उनके समर्थकों के सामूहिक इस्तीफ़े ने एनडीए के लिए हालात और कठिन कर दिए हैं। इस बगावत का सीधा असर चेतन आनंद के प्रचार अभियान पर दिख रहा है। पार्टी के कई पुराने कार्यकर्ता चुनाव प्रचार से किनारा किए हुए हैं और कुछ क्षेत्रों में राजद समर्थकों का पलड़ा भारी होता दिख रहा है। स्थानीय मतदाताओं का कहना है कि वे पहले से जदयू को वोट देते आए हैं लेकिन इस बार बाहरी उम्मीदवार दिए जाने के कारण वे अपने ही क्षेत्र के उम्मीदवार को प्राथमिकता दे रहे हैं। कई मतदाताओं ने यह भी याद दिलाया कि चेतन आनंद की माता लवली आनंद 1996 में इसी क्षेत्र से चुनाव जीतकर विधायक बनी थीं लेकिन उसके बाद उन्होंने क्षेत्र से दूरी बना ली थी। मतदाताओं को आशंका है कि चेतन आनंद भी जीतने के बाद क्षेत्र की ओर ध्यान नहीं देंगे। दूसरी ओर आनंद मोहन ने इस क्षेत्र में लगातार दौरे किए हैं और प्रचार की गति बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अब तक वे जदयू के कैडर कार्यकर्ताओं को पूरी तरह अपने पक्ष में नहीं ला पाए हैं। एनडीए के अंदर समन्वय की कमी और कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता के कारण नवीनगर में चुनावी अभियान धीमी गति से आगे बढ़ रहा है, जिससे राजद को इस सीट पर लाभ मिलने की संभावनाएं बढ़ती दिख रही हैं।

# सुशील कुमार सिंह ने लिया पीएम मोदी की प्रस्तावित सभा की तैयारियों का जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर 7 नवंबर को औरंगाबाद जिले के देव मोड़ स्थित मैदान में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए तैयारियों में तेजी आ गई है। रविवार को भाजपा नेता सह पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. भरत डांगर, कुलदीप चहल तथा प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने सभा स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नेताओं ने कार्य की प्रगति, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, जनसमागम के प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग क्षेत्र, पेयजल व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी सहित प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन के समय किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे और आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि कार्यक्रम पूरी तरह अनुशासित और गरिमामय वातावरण में संपन्न हो। वहीं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. भरत डांगर ने कहा कि सभा स्थल पर मंच निर्माण, पंडाल सजावट, मैदान की साफ-सफाई और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि व्यवस्थाओं की रूपरेखा लगभग तय कर ली गई है और सभी कार्य समय पर पूरे होंगे। प्रधानमंत्री मोदी की यह सभा औरंगाबाद जिला एवं लोकसभा क्षेत्र के सभी एनडीए कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का विषय बनी हुई है। स्थल निरीक्षण के दौरान बिहार भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, देव प्रखंड उप प्रमुख मनीष पाठक और जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह भी उपस्थित रहे। सूत्रों के अनुसार, इस आमसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा और एनडीए के शीर्ष नेता लगातार जिला पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। पार्टी का लक्ष्य है कि देव मोड़ की यह सभा एनडीए के पक्ष में जन समर्थन की नई ऊर्जा का संचार करे।

# हत्या सहित अन्य मामले में सात लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पांच अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या में एक, शराब के शीर्ष कांडों में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1462 वाहनों की जांच की गई जिसमें 15500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान देसी शराब 14.50 लीटर, एक ट्रैक्टर, 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक कद्ध माने तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोकथाम को लेकर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध न सिर्फ कार्रवाई की जायेगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

# रवि तिवारी को फिर मिला श्री सीमेंट का दायित्व

## बिहार-झारखंड और रायपुर का संभालेंगे प्रभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** सीमेंट उद्योग के प्रख्यात प्रबंधक रवि तिवारी को एक बार फिर श्री सीमेंट लिमिटेड का प्रभारी बनाया गया है। कंपनी प्रबंधन ने उनके अवकाश प्राप्ति के पश्चात दोबारा इस जिम्मेदारी के लिए उन्हें आमंत्रित किया है। श्री तिवारी को बिहार, झारखंड और रायपुर क्षेत्र के साथ-साथ कंपनी के अन्य प्रमुख परिचालन क्षेत्रों का भी प्रभार सौंपा गया है। उद्योग जगत में रवि तिवारी को एक दूरदर्शी, कुशल और परिणाममुखी प्रशासक के रूप में जाना जाता है। उनके नेतृत्व में औरंगाबाद स्थित श्री सीमेंट संयंत्र ने उल्लेखनीय प्रगति की थी और उत्पादन क्षमता तथा गुणवत्ता के मानकों पर नई ऊंचाइयां हासिल की थीं। उनकी बेहतर जनसंपर्क क्षमता, कर्मचारियों और अधिकारियों से संवाद कौशल तथा बाजार की गहरी समझ ने कंपनी को देश के अग्रणी सीमेंट निर्माताओं की श्रेणी में स्थापित किया। रवि तिवारी की पुनर्नियुक्ति की खबर से कर्मचारियों, अधिकारियों, व्यापारिक सहयोगियों और स्थानीय समाज में व्यापक प्रसन्नता है। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनके नेतृत्व में श्री सीमेंट ने सिर्फ औद्योगिक विकास नहीं किया, बल्कि कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत औरंगाबाद के सामाजिक व आर्थिक विकास में भी उल्लेखनीय योगदान दिया था। उनके कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अनेक जनहितकारी कार्यक्रमों ने ग्रामीण क्षेत्रों को नई दिशा दी थी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि उनकी वापसी से श्री सीमेंट को एक बार फिर विकास और नवाचार के स्वर्णकाल की ओर बढ़ने का अवसर मिलेगा। श्री तिवारी ने अपनी पुनर्नियुक्ति पर कहा कि श्री सीमेंट मेरे लिए सिर्फ एक कंपनी नहीं बल्कि एक परिवार है। हम सब मिलकर बिहार, झारखंड और रायपुर को औद्योगिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाएंगे।

# एक ट्रक चालक की लापरवाही से गई दूसरे की जान

**औरंगाबाद(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** बारून थाना क्षेत्र के खरजावा गांव स्थित बालू घाट के पास रविवार की शाम हुए सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब चालक अपने ट्रक के पास खड़ा था। उसी वक्त पीछे से आ रही दूसरे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही बारून थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक ट्रक चालक की पहचान उत्तर प्रदेश राज्य के हरैया गांव निवासी उपेंद्र मौर्य के रूप में की गई है।

# मैं औरंगाबाद का बेटा हूं, जनता की सेवा ही मेरा धर्म : आनंद शंकर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शंकर सिंह ने सोमवार को औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर अपने चुनाव प्रचार अभियान को और गति दी। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया और समर्थन का भरोसा दिलाया। गांव-गांव में जनता से संवाद करते हुए आनंद शंकर सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार को केवल वर्ग और वैमनस्य की राजनीति दी है। उन्होंने कहा कि बिहार आज भी रोजगार, शिक्षा और विकास के लिए तरस रहा है। यहां के युवाओं को अपने घर छोड़कर पलायन करना पड़ रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में औरंगाबाद के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की थीं और आगे भी इस क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प रखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं औरंगाबाद का बेटा हूं और यहां के हर व्यक्ति के सुख-दुख में हमेशा साथ रहूंगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस बार ऐसी सरकार चुनें जो जनता की तकलीफों को समझे और उनके अधिकारों की रक्षा करे। आनंद शंकर सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य सत्ता नहीं बल्कि सेवा है। इस दौरान विभिन्न गांवों के किसानों, युवाओं और महिलाओं ने उनसे अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनके समाधान का आश्वासन उन्होंने दिया। लोगों में यह संदेश साफ दिखा कि आनंद शंकर सिंह को एक सुलभ, सरल और समर्पित जननेता के रूप में देखा जा रहा है, जो औरंगाबाद के विकास को नई दिशा देने में सक्षम हैं।

# औरंगाबाद में विकास को देंगे नई दिशा : त्रिविक्रम नारायण सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने सोमवार को औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे उन्हें आशीर्वाद दें और भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि क्षेत्र के विकास का नया अध्याय लिखा जा सके। गांव-गांव में उमड़ी भीड़ और लोगों के उत्साह से उत्साहित त्रिविक्रम सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बिहार में असली बदलाव लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद की जनता ने हमेशा विकास की राजनीति को महत्व दिया है और इस बार भी जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मैं औरंगाबाद में राजनीति करने नहीं, बल्कि विकास को नई दिशा देने आया हूं। भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे मैं जनता की सेवा से सार्थक सिद्ध करूंगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम करना उनकी प्राथमिकता होगी। त्रिविक्रम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसी दिशा में औरंगाबाद को भी आगे बढ़ाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित हैं, और वे इन योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि वे विकास और सुशासन के प्रतीक उम्मीदवार के रूप में त्रिविक्रम सिंह को विधानसभा भेजने का संकल्प ले चुके हैं।

# पूर्व राजद विधायक सुरेश मेहता ने थामा भाजपा का दामन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक सुरेश मेहता ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने भाजपा में शामिल होने की घोषणा बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल की उपस्थिति में की। भाजपा कार्यालय में आयोजित इस मौके पर सुरेश मेहता ने कहा कि अब समय की मांग है कि राजनीति सेवा और विकास के आधार पर की जाए, न कि जाति और परिवारवाद के सहारे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की राजनीति की दिशा बदल दी है। गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जिस तरह की योजनाएं लागू की गई हैं, वे वास्तव में 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को साकार करती हैं। पूर्व विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि राजद अब अपनी मूल विचारधारा से भटक चुकी है और पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं की कोई कद्र नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि राजद में कुछ परिवार विशेष की राजनीति हावी है, जबकि भाजपा में कर्म और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी जाती है। भाजपा में सुरेश मेहता के शामिल होने से औरंगाबाद जिले की राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे क्षेत्र में एनडीए को मजबूती मिलेगी और भाजपा का संगठनात्मक आधार और सुदृढ़ होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

**Format C-1**
**(for candidate to publish in Newspapers, TV)**

***Declaration about criminal cases***
(As per the judgment dated 251h September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name & address of candidate : Akhouri Onkar Nath**
**Name of Political Party : INDIAN NATIONAL CONGRESS**
***Name of the Election : BIHAR ASSEMBLY**
**(1) Name of Constituency : 230, Gaya Town**
**I, Akhauri Onkar Nath, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :**

| Pending Criminal Cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S. N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1 | ACJM, GAYA | Kotwali PS, Gaya : Case No. 828/2017 - Pending | U/s. 323, 506, 504, 34 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | ACJM, GAYA | Civil Line PS, Gaya : Case No. 389/2017 - Pending | U/s. 323, 504 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | ACJM, GAYA | Bodhgaya PS, Gaya : Case No. 316/2017 - Pending | U/s. 188, 171(F) IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | JMM, Rohini Court, Delhi | Mangolpuri PS, Delhi : Case No. 39/2016 - Pending | U/s. 389, 419, 506, 120B, 34 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 5 | ACJM, Prayagraj, UP | Civil Line PS, Prayagraj : Case No. 293/2016 - Pending | U/s. 419, 420, 467, 468 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 6 | ACJM, GAYA | 4. Delha PS, Gaya : Case No. 174/2016 - Pending | U/s. 504,34 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 7 | ACJM, GAYA | 5. CO, Gaya : Case No. 196/2008 - Pending | U/s. 177, 179 MVI Act | Not Applicable | Not Applicable |
| 8 | JMPC, Gaya | 6. Kotwali PS, Gaya : Case No. 481/2022 - Pending | U/s. 171(C), 171(H), 188, 171(E) IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 9 | ACJM, GAYA | 7. Medical PS, Gaya : Case No. 915/2022 - Pending | U/s. 188, 171(E), 171(H) IPC | Not Applicable | Not Applicable |

***In the case of election to Council of States or Election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.**